शर्मा হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 98 | गुवाहाटी | शनिवार, 4 नवंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की जोरदार तैयारियां पेज 3
टेस्ट और टेक्नोलॉजी का फ्यूजन बढ़ाएगा नई इकोनॉमी को पेज 4
यूपी में बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले की दुर्गति तय : योगी पेज 5
राजस्थान विस चुनाव : कांग्रेस की हालत राजस्थान में पाकिस्तानी क्रिकेट... पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path,
Near Dona Planet
ABC, G.S. Road,
Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*हम चीजो को उस तरह से नही देखते जिस तरह से वे है, बल्कि हम चीजो को उस तरह से देखते है जिस तरह के हम है।*

– **अब्दुल कलाम**

# भूटान नरेश वांगचुक का सीएम शर्मा ने गर्मजोशी से किया स्वागत



**गुवाहाटी।** भूटान नरेश अपने आठ दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे हैं। गुवाहाटी पहुंचने पर जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक का असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने स्वागत किया। वांगचुक 3 से 10 नवंबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। यात्रा के दौरान वह पीएम मोदी के साथ विदेश मंत्री और भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। भूटान नरेश होने के साथ वांगचुक भूटान सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी हैं। हिमंत विश्व शर्मा ने नरेश का स्वागत करते हुए कहा कि वह जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक का स्वागत करते हुए काफी उत्साहित हैं। एक्स पर पोस्ट करते हुए शर्मा ने कहा कि असम की जनता की ओर से मैं भूटान नरेश महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक का स्वागत करने के लिए उत्साहित हूं। हमारे प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हम बेहतर संबंध बनाने के लिए तत्पर हैं। वहीं विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भूटान नरेश जिग्मे का असम की उनकी पहली आधिकारिक यात्रा पर गर्मजोशी से स्वागत हुआ। बागची ने कहा कि यात्रा के दौरान भूटान नरेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा, विदेश मंत्री एस जयशंकर और भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी भूटान नरेश से मुलाकात करेंगे। भूटान नरेश महाराष्ट्र की यात्रा पर भी जाने वाले हैं। इससे पहले, इस अप्रैल में भूटान नरेश ने भारत के दौरे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, -शेष पृष्ठ दो पर


*मणिपुर में एसडीपीओ की हत्या का मामला*

# आदिवासी विधायकों की केंद्र से दखल की मांग




**इंफाल।** मणिपुर के मोरेह शहर में इस हफ्ते की शुरुआत में एक एसडीपीओ (उप-विभागीय पुलिस अधिकारी) की हत्या के बाद बवाल मच गया है। राज्य के 10 आदिवासी विधायकों ने लोगों के साथ राज्य बलों के व्यवहार पर चिंता व्यक्त की है। विधायकों ने एक संयुक्त बयान जारी किया है, जिसमें उन्होंने ड्यूटी के दौरान एसडीपीओ की मौत पर शोक व्यक्त किया है। ये सभी विधायक कुकी-जोमी-हमार समुदाय से संबंधित है। विधायकों ने कहा कि हम जमीनी रिपोर्टों के आधार पर मोरेह और टेंग्नौपाल जिले के अन्य स्थानों में लोगों के खिलाफ -शेष पृष्ठ दो पर

## हम नहीं चाहते कि एससी तारीख-पे तारीख वाली अदालत बनें : सीजेआई



**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को वकीलों से नए मामलों में स्थगन का अनुरोध नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि वह नहीं चाहते कि उच्चतम न्यायालय *तारीख-पे-तारीख* अदालत बन जाए। दिन की कार्यवाही के आरंभ में प्रधान न्यायाधीश ने नए मामलों में वकीलों द्वारा स्थगन के अनुरोध का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पिछले दो महीने में वकीलों ने 3,688 मामलों में स्थगन का अनुरोध किया। प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी हैं। उन्होंने कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

## दिल्ली में प्रदूषण डॉक्टर घर पर ही रहने की दे रहें हैं सलाह



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** दिल्ली में दम घोंटू प्रदूषण से लोगों की सांसें फूंलने लगी हैं। राजधानी में हालात दिनों दिन खराब होते जा रहे हैं। दिल्ली की अस्पतालों के श्वास रोग विभाग में मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। प्रदूषण ने अस्थमा और सांस की बीमारी से जूझ रहे लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। दिल्ली के पीएसआरआई अस्पताल के श्वास रोग विभाग के चेयरमैन डॉ जी सी खिलनानी का कहना है कि प्रदूषण से न केवल अस्थमा के मरीजों की मुश्किलें बढ़ी हैं बल्कि अस्थमा के मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने बताया कि ओपीडी में रोजाना अस्थमा के शिकार मरीज आने लगे हैं। उन्होंने बताया कि अस्थमा के लोगों का एफईएनओ टेस्ट करने से पता -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### महादेव सट्टेबाजी ऐप से बघेल को 508 करोड़ रुपए का भुगतान : ईडी

**रायपुर ( हि.स. )।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले पर बड़ा दावा किया है। ईडी ने कहा कि इस मामले में एक कैश कूरियर का बयान दर्ज किया गया है। उसने बयान दिया है कि महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रमोटरों ने अबतक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 508 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। इसकी जांच की जा रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ में एक सर्च ऑपरेशन के दौरान बड़ी सफलता हासिल की जिसमें 5.39 करोड़ रुपए नकद पकड़े गए हैं। यह कार्रवाई ईडी ने महादेव बुक ऑनलाइन बेटिंग ऐप सिंडिकेट की जांच के दौरान की। कूरियर असीम दास से 5.39 करोड़ रुपए बरामद करने के बाद ईडी ने प्रेस रिलीज जारी कर दावा किया है कि पकड़े गए कैश कूरियर असीम दास ने पूछताछ में खुलासा -शेष पृष्ठ दो पर

### मराठा आरक्षण पर काम करें जिलाधिकारी : शिंदे



**मुंबई ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को सूबे के सभी जिलाधिकारियों को युद्ध स्तर पर काम करने का निर्देश दिया है। सीएम शिंदे ने कहा कि उनका एक-एक मिनट कीमती है और हमें मराठा समाज को दो माह के भीतर ही आरक्षण देना है। इसलिए काम में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज सूबे के सभी जिलाधिकारियों की बैठक बुलाई थी। बैठक में सीएम शिंदे ने कहा कि मराठा आरक्षण के लिए आज से ही युद्ध स्तर पर काम शुरू कर दें। एक महीने तक ड्राइव मोड में काम करें। सरकार ने अपना -शेष पृष्ठ दो पर

## अब कैमरों के जरिये आपराधिक घटनाओं की होगी निगरानी



**नई दिल्ली।** शहरों को सक्षम, सुविधाजनक और प्रशासनिक नजरिये से कुशल बनाने के लिए शुरू किए गए स्मार्ट सिटी मिशन ने एक अहम पड़ाव पार कर लिया है। सभी सौ स्मार्ट शहरों में इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (आईसीसीसी) की स्थापना के साथ शहरों को प्रशासनिक निगरानी के लिहाज से संसाधनयुक्त बनाने का उद्देश्य पूरा हो गया है। सभी सौ शहरों में आईसीसीसी की स्थापना का मतलब है कि ये सभी शहर एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट, नागरिक सुविधाओं, चिकित्सकीय संसाधनों और आपराधिक घटनाओं की निगरानी जैसे कई कार्य एक प्लेटफार्म पर आ गए हैं, जो शहरी समस्याओं और चुनौतियों -शेष पृष्ठ दो पर

## अयोध्या : पांच लाख मंदिरों में एक साथ होगी पूजा, विहिप तोड़ेगी जातिगत बाधा



**अयोध्या ( एजे /हि.स. )।** अयोध्या में बन रहे राम मंदिर का सजीव प्रसारण देश के पांच लाख छोटे-बड़े मंदिरों में एक साथ किया जाएगा। इसमें हिंदुओं के हर समुदाय के मंदिर शामिल होंगे। इसके लिए अभी से संत रविदास मंदिर, कबीर मंदिर, भगवान वाल्मीकि मंदिर, नाथ संप्रदाय के मंदिर और अन्य समुदायों के मंदिरों के प्रमुखों से बातचीत की जा रही है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) का लक्ष्य है कि राम मंदिर उद्घाटन के जरिये हिंदू समुदायों को एक दूसरे के करीब लाया जाए और जातिगत सोच को समाप्त करने का प्रयास किया जाए। विहिप के संयुक्त महासचिव डॉ. सुरेंद्र जैन ने अमर उजाला को बताया कि भगवान राम के जीवन का एक सबसे बड़ा संदेश यही है कि हर समाज के लोगों को साथ लेकर आगे चलने से ही विजय मिलती है। लेकिन राजनीतिक स्वार्थवश कुछ राजनीतिक दल और कुछ नेता हिंदू समाज को जातियों में बांटने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे समय में हिंदू समाज को एक करने की आवश्यकता बड़े गई है। उन्होंने कहा कि उद्घाटन के दिन राम मंदिर से ही यह संदेश जाना चाहिए कि पूरा हिंदू समाज एक है और वे इसी के लिए प्रयास कर रहे हैं। डॉ. सुरेंद्र जैन के अनुसार इसके पहले जब पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने जातिगत आरक्षण लागू कर हिंदू समुदाय को विभिन्न जातियों में बांटने की कोशिश की थी, उस समय भी विहिप ने चरण पादुका पूजन कार्यक्रम -शेष पृष्ठ दो पर

## भाजपा के बिना नहीं बनेगी मिजोरम में सरकार : रिजिजू



**एजल।** केंद्रीय मंत्री और मिजोरम में भाजपा के चुनाव प्रभारी किरेन रिजिजू ने कहा है कि पूर्वोत्तर में केवल मिजोरम में भाजपा की सरकार नहीं है। इस बार मिजोरम की बारी है। भाजपा के बिना इस बार सरकार बनना मुश्किल है। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मणिपर में आग में घी डालने का काम कांग्रेस लगातार करती आई है। पिछले साठ वर्षों में कांग्रेस ने मणिपुर और पूर्वोत्तर को जलाकर रख दिया। इसे ठीक करने का काम भाजपा कर रही है। अमर उजाला से बातचीत में रिजिजू ने कहा कि मिजोरम के राजनीतिक इतिहास में यह बहुत ही अलग चुनाव होने वाला है। चुनाव के बाद एक नया दौर शुरू होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में हमने भले ही कम सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं, लेकिन बहुत अच्छे उम्मीदवारों को टिकट दिया है। इसलिए इस चुनाव में अच्छे नतीजे आएंगे। उन्होंने कहा, मिजोरम की अंतर्राज्यीय सीमा समस्या का समाधान भी भाजपा ही कर सकती है। साथ ही म्यांमार और बांग्लादेश के साथ सुरक्षा की समस्या है। इन सबका समाधान भी प्रधानमंत्री -शेष पृष्ठ दो पर

## ईरान : नशा मुक्ति केंद्र में लगी आग, 32 मरे

**तेहरान ( हि.स. )।** उत्तरी ईरान में शुक्रवार को एक नशा मुक्ति केंद्र में आग लगने से 32 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में कम से कम 16 लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह हादसा लैंगरोड शहर में हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस केंद्र के प्रबंधक व अन्य कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह शहर अफगानिस्तान से पश्चिमी यूरोप तक पोस्ता, अफीम और हेरोइन के स्रोत की तस्करी के मुख्य मार्ग पर स्थित है। एक अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि केंद्र में एक हीटर की वजह से आग लगी।

## विरोधी दलों पर ही ईडी-सीबीआई की जांच भाजपा नेताओं पर क्यों नहीं : रिपुन बोरा




**गुवाहाटी।** पिछले चार वर्षों में सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज किए गए 95 प्रतिशत मामले उन राजनीतिक दलों के नेताओं के खिलाफ हो रही है जो भाजपा के प्रतिद्वंद्वी है। यह दावा असम विपक्षी दलों के फोरम ने शुक्रवार को किया। भाजपा पर तीखा आरोप लगाते हुए विपक्षियों ने कहा कि एक भी मामले में भाजपा के नेता का नाम नहीं होता है। जब यूपीए केंद्र में दस साल तक सत्ता में थी, तब इन दो संघीय एजेंसियों द्वारा उठाए गए कई मामलों में कांग्रेस और उसके सहयोगियों के नेताओं का नाम लिया गया था। 15 पक्षीय संयुक्त विपक्षी मंच ने जोर देकर कहा कि भाजपा अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को काबू करने के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और -शेष पृष्ठ दो पर

## मानिक चंद ज्वैलर्स के चौथे शोरूम का शुभारंभ



**गुवाहाटी।** बॉलीवुड अभिनेत्री डेजी शाह ने शुक्रवार को आरजी बरुवा रोड स्थित टाइम्स स्क्वर मॉल में मानिक चंद ज्वेलर्स के प्रमुख व भव्य शोरूम का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। मानिक चंद ज्वेलर्स का यह शोरूम पूर्वोत्तर का छठा और गुवाहाटी का चौथा शोरूम है। इस मौके पर मानिक चंद ज्वेलर्स के एमडी कृष्ण कुमार सोनी और मानिक चंद परिवार के अन्य सदस्यों ने डेजी शाह का गर्मजोशी से स्वागत किया। उद्घाटन के मौके पर बड़ी संख्या में महानगर के गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। गुवाहाटी की अपनी पहली यात्रा और स्टोर के उद्घाटन के अवसर पर टिप्पणी करते हुए डेजी शाह ने कहा कि मैं मानिक चंद ज्वैलर्स की यात्रा के इस यादगार पल का हिस्सा बनकर खुश हूं। स्टोर का इंटीरियर और आभूषण संग्रह काफी आधुनिक है। यहां के आभूषण सचमुच बहुत सुंदर हैं। यह एक ऐसी जगह है जहां सभी आयु वर्ग के लोगों को नि:संदेह मानिक चंद ज्वैलर्स से आभूषण के विशेष आभूषण मिलेंगे। स्टोर का भव्य इंटीरियर विश्व स्तरीय सौंदर्यशास्त्र और लग्जरी का प्रमाण है- जिसमें -शेष पृष्ठ दो पर

## युद्ध : गाजा पर मंडरा रहे अमेरिकी ड्रोन, हिजबुल्लाह के साथ आया रूस



**वाशिंगटन/यरुशलम/तेल अवीव ( हि.स. )।** फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास और इजराइल के बीच छिड़ा युद्ध आज (शुक्रवार) 28वें दिन में प्रवेश कर गया। इस घमासान में दोनों पक्षों को भारी क्षति हुई है। इस बीच गाजा में अमेरिका के मानवरहित ड्रोन की बढ़ती हलचल और रूस के वैगनर समूह के आतंकी समूह हिजबुल्लाह को सैन्य सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा से युद्ध के लंबा खिंचने की आशंका प्रबल हो गई है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। हालांकि यह कहा गया है कि अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन अपने बंधक बनाए गए -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# जहां कमल खिलता है, वहां विकास तथा जहां कांग्रेस आती है वहां होते हैं घोटाले : नड्डा

**भोपाल (हि.स.)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जहां भी कांग्रेस की सरकारें रही हैं, उन्होंने आपस में लड़ने, बहानेबाजी और घोटाले करने के सिवाय कुछ नहीं किया। जो कमलनाथ 15 महीनों की सरकार में मुख्यमंत्री रहे, उनके रिश्तेदारों के करोड़ों रुपए के घोटाले पकड़े गए। उनके ओएसडी के घर से करोड़ों रुपए बरामद हुए। मतलब साफ है, जहां कमल खिलता है, वहां विकास होता है और जहां कांग्रेस आती है वहां घोटाला होता है। भाजपा अध्यक्ष नड्डा शुक्रवार शाम को रीवा जिले के सिरमौर में विधानसभा उम्मीदवार दिव्यराज सिंह के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाला चुनाव जीत-हार का नहीं है। यह आपके विधायक बनाने का चुनाव भी नहीं है। यह आपके हितों का चुनाव है। इसमें आपको यह निर्णय करना है कि अगले पांच सालों तक कौन आपके हितों की रक्षा कर सकता है। इसलिए ये देखकर वोट मत कीजिए कि कौन आपकी जाति का है, आपके इलाके का है, आपकी भाषा बोलता है या आपका रिश्तेदार है। आपको अपने वोट का फैसला इस आधार पर करना है कि पांच सालों तक कौन सा व्यक्ति और कौन सी पार्टी आपके हितों की रक्षा और विकास कर सकते हैं। नड्डा




ने कहा कि आपने लोकसभा चुनाव में कमल खिलाया, जिससे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी। आपके एक वोट से देश आगे बढ़ा है। कोरोना संकट और यूक्रेन-रशिया के युद्ध के चलते जब सारी दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं लड़खड़ा रही थी, यूरोप की, ब्रिटेन की, अमेरिका की, आस्ट्रेलिया की अर्थव्यवस्थाएं डगमगा गई थीं, मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी मजबूती से खड़ा रहा। हमने अर्थव्यवस्था के मामले में उन अंग्रेजों को भी पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने हम पर 200 साल शासन किया और 11वें से पांचवें स्थान पर पहुंच गए। आप भाजपा को आशीर्वाद दें, केंद्र में मोदी की सरकार बनाएंगे, तो 2028 तक भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय 97 प्रतिशत मोबाइल चाइना से आते थे, आज 97 प्रतिशत मोबाइल देश में ही बन रहे हैं। एप्पल का मोबाइल भी भारत में बन रहा है। इस्पात उत्पादन में भारत अग्रणी देश है और ऑटोमोबाइल सेक्टर में दुनिया का तीसरा देश है। दवाओं के मामले में तो भारत दुनिया की डिस्पेंसरी बन गया है। सबसे अच्छी और सबसे सस्ती दवाएं भारत में बन रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का नाम सारी दुनिया में बढ़ रहा है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार गांव, गरीब, पीड़ित, वंचित, शोषित, पिछड़े, युवा और महिला हर वर्ग के हितों के बारे में सोचती है और सभी को ताकत दे रही है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में करोड़ों लोगों को मुफ्त पांच किलो राशन दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 4 करोड़ घर दिए हैं। उज्जवला योजना में करोड़ों बहनों को गैस कनेक्शन दिए हैं, जिनमें से रीवा में भी 250000 कनेक्शन दिए गए हैं। जलजीवन मिशन में देश में 10 करोड़ घरों में नल कनेक्शन लगाए जा रहे हैं, जिनमें से साढ़े पांच लाख कनेक्शन मध्यप्रदेश में लगेंगे और 1.5 लाख कनेक्शन आपके रीवा में लग रहे हैं। मोदी जी की सरकार प्रदेश के 84 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि दे रही है, जिनमें से 2.07 लाख किसान रीवा के हैं। आयुष्मान योजना में रीवा के भी 2 लाख परिवारों को मुफ्त इलाज मिल रहा है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को बधाई देता हूं, जिनके कार्यकाल में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 10 गुना बढ़ी है। मध्यप्रदेश का बजट 13 गुना बढ़ा है और ट्राइबल वेलफेयर का बजट 57 गुना बढ़ा है। स्वास्थ्य का बजट 26 गुना बढ़ा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश में 83931 कि.मी. सड़कें 7 साल में बनी है। प्रदेश के 34 स्टेशनों का जीर्णोद्धार करके उन्हें वर्ल्ड क्लास बनाया जा रहा है, 14 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। लाडली लक्ष्मी योजना और लाडली बहना योजना के तहत बहनों की चिंता सरकार कर रही है। लाडली बहना योजना के अंतर्गत बहनों को 1250 रुपए प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। नड्डा ने कहा कि आपने जब कांग्रेस को चुना था, तो उसने घोटालों के सिवा क्या किया? कोयला घोटाला, अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, 2-जी घोटाला और ऐसे कई घोटाले कांग्रेस की सरकारों ने किए, जिसके चलते भारत की छवि एक भ्रष्टाचारी देश की बन गई थी। चाहे कमलनाथ हों, भूपेश बघेल हों या अशोक गहलोत हों, ये लोग नेता या मुख्यमंत्री नहीं, कलेक्टर हैं। किसी जिले के नहीं, बल्कि ये अपने-अपने प्रदेशों से पैसा कलेक्ट करके दिल्ली दरबार को अर्पित करते हैं। आपके हक के पैसों पर डाका डालकर ये उसे दिल्ली पहुंचाते हैं।

## सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**कार्बी आंग्लांग (हिंस)।** कार्बी आंग्लांग जिले के उत्तरी बरबिल पुलिस चौकी अंतर्गत फूलनी में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने आज बताया कि यह दुर्घटना फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग के पास फूलनी वन अधिकारी कार्यालय के सामने आज हुई। डिफू की दिशा से नगांव की ओर आ रहे एक अल्टो वाहन (एएस-02डी-6353) ने उसी दिशा में फूलनी से आ रहे टेम्पो (एएस-25बीसी-8489) को टक्कर मार दी। हादसे में चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जायगोंग गांव के धनसिंह इंगती के रूप में हुई है। इस घटना में अल्टो में सवार धनसिंग इंगती की पत्नी और एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों को फूलनी प्राथमिक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## मोबाइल छिनैती में दो गिरफ्तार

**गुवाहाटी (हिंस)।** गुवाहाटी की वशिष्ठ पुलिस ने मोबाइल छिनैती के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आज बताया कि मोबाइल छिनैती में शामिल हसन अली (28, गोसाईगांव) और आयुष इस्लाम (26, सिजूबाड़ी मजार) को एक मोबाइल समेत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मोबाइल छिनैती

## ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार

**डिब्रूगढ़ (हिंस)।** डिब्रूगढ़ जिले के दुलियाजान में ड्रग्स के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आज बताया कि ड्रग्स के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई में दो लग्जरी कारों के साथ दो युवकों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए दोनों युवक की पहचान टिगखांग दिसांग इलाके के मून सोनोवाल और उसी इलाके के हृदय ज्योति मेच के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दोनों युवकों के पास से ड्रग्स के साथ नशीली दवाओं के उपयोग में इस्तेमाल होने वाली कुछ वस्तुओं को जब्त करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े

## नगांव में गांजा तस्कर गिरफ्तार

**नगांव (हिंस)।** नगांव के शिमलुगुड़ी में पुलिस की छापेमारी में एक शातिर गांजा तस्कर को गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आज बताया कि नगांव के कसुवा के शिमलुगुड़ी में पुलिस द्वारा यह छापामारी अभियान चलाया गया था। अभियान में गांजा के साथ एक व्यक्ति को रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया।

## भाजपा ने समाज के विकास के लिए किया कार्य : भवेश कलिता

**गुवाहाटी (हिंस)।** राजधानी के वशिष्ठ स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मुख्यालय पर शुक्रवार को एक सदस्यता ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता की मौजूदगी में मोरियानी के पौर निगम के अध्यक्ष बिश्वप्रभा सैकिया, उपाध्यक्ष प्रदीप दास समेत सदस्य, जोरहाट जिला के असम चाय मजदूर संघ के अध्यक्ष तथा श्रमिक नेता बिलाती तांती, महासचिव निलेश गौड़ के साथ ही कई समाज सेवकों ने औपचारिक रूप से भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष कलिता ने पार्टी में शामिल नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा समाज में विकास और प्रगति का संदेश लेकर आई है। इसलिए जनता ने भाजपा को अपना अटूट समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी में शामिल होने के समारोह का आने वाले दिनों में चाय समुदाय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। समारोह में भाजपा के राज्य सांगठनिक महासचिव रवीन्द्र राजू, महासचिव व सांसद पल्लव लोचन दास, प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद तपन गोगोई एवं मोरियोनी के विधायक रूपज्योति कुर्मी आदि उपस्थित थे।

## स्कूटी चोर गिरफ्तार

**गुवाहाटी (हिंस)।** गुवाहाटी पुलिस ने स्कूटी चोरी मामले में शामिल एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि स्कूटी (एएस-01बीएल-1699) चोरी के मामले को महज एक घंटे से कम समय के भीतर सुलझाते हुए पुलिस ने स्कूटी को बरामद करते हुए मोहम्मद संजू अली उर्फ लेपो को गिरफ्तार किया है। फटासील आमबारी थाने में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अभियान चला कर स्कूटी चोर मोहम्मद संजू अली को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोरी की स्कूटी बरामद कर लिया है। पुलिस दर्ज प्राथमिक के आधार पर गिरफ्तार चोर से पूछताछ कर रही है।

## खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने राज्यपाल को अपनी गतिविधियों की दी जानकारी

**गुवाहाटी (हिंस)।** असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने राजभवन में एक बैठक में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने खेल और युवा कल्याण विभाग की गतिविधियों की जानकारी ली। खेल मंत्री नंदिता गोर्लोसा ने बैठक में भाग लिया और राज्यपाल को खेल और युवा कल्याण विभाग की चल रही गतिविधियों से अवगत कराया। विभाग के अतिरिक्त सचिव, सारंगपाणि शर्मा ने एक विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें विभाग की गतिविधियों के साथ-साथ खेल के माहौल को बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए राज्य के खेल बुनियादी ढांचे का व्यापक अवलोकन प्रदान किया गया। राज्यपाल ने राज्य में बनाए गए प्रभावशाली खेल बुनियादी ढांचे की सराहना की। राज्य में युवाओं के बीच खेल क्षमता का जिक्र करते हुए राज्यपाल ने उभरते एथलीटों की प्रतिभा को निखारने में विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने असम को मुख्य रूप से राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने के विभाग के महत्व को भी रेखांकित किया। राज्यपाल कटारिया ने श्रीश्री अनिरुद्धदेव खेल विश्वविद्यालय के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में राज्य को एक जीवंत खेल केंद्र में बदलने की क्षमता है। जबकि विश्वविद्यालय अभी भी अपने प्रारंभिक चरण में है, उन्होंने विभाग को इसे खेलों के लिए एक केंद्र बिंदु और राज्य के खेल कद को ऊंचा उठाने में एक परिसंपत्ति बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। राज्यपाल ने विवेकपूर्ण बजट उपयोग पर भी जोर दिया। उन्होंने खेल के बुनियादी ढांचे के लिए एक रखरखाव विरासत विकसित करने के महत्व को रेखांकित किया और विभाग से अपने बुनियादी ढांचे के माध्यम से राजस्व सृजन के अवसरों का पता लगाने के लिए कहा। इसके अलावा, अतिरिक्त सचिव ने राज्यपाल को छात्रों और युवा कल्याण के लिए राज्य स्तरीय सलाहकार समिति (एसएलएसी) के बारे में अवगत कराया, जो असम के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी क्षमता का एहसास कराने में मदद करने के लिए संसाधन जुटाने के लिए स्थापित की गई है। उन्होंने राज्य भर में चल रहे *खेल महारण* कार्यक्रम पर भी प्रकाश डाला। राज्यपाल कटारिया ने राज्य की खेल हस्तियों की कड़ी मेहनत और उपलब्धियों का सम्मान करने और जश्न मनाने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने गोवा में चल रहे राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले पदक विजेताओं के लिए राजभवन में सम्मान समारोह आयोजित करने का प्रस्ताव रखा।

# *पृष्ठ एक का शेष*

### *भूटान नरेश वांगचुक...*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की थी। 5 अप्रैल को पीएम मोदी और भूटान नरेश के बीच हुई बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा था कि दोनों देश भारत-भूटान सीमा पर पहली एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) स्थापित करने पर विचार कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देश अपनी सुरक्षा को सबसे ऊपर रखते हैं और अपने संबंध और बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद भूटान नरेश वांगचुक हवाई अड्डे से सीधे विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां कामाख्या धाम पहुंचे, जहां पर उन्होंने पूजा-अर्चना की। इस मौके पर कामाख्या धाम के दौलोई (पुजारी) ने उन्हें कामाख्या मंदिर की प्रतिकृति भेंट की गई। असम दौरे पर पहुंचे भूटान नरेश कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने उम्मीद जताई कि 3 से 5 नवंबर तक भूटान के नरेश की असम यात्रा से भारत और भूटान की दोस्ती मजबूत होगी और नई संभावनाएं खुलेंगी। जानकारी के अनुसार आज भूटान नरेश रेडिशन ब्लू होटल में रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद वे कल काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान जाएंगे। जहां, उनके लिए विभिन्न प्रकार की तैयारियां की गई हैं। भूटान नरेश काजीरंगा के कोहरा वनांचल में ठहरेंगे। भूटान नरेश के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के लोक नृत्य आदि प्रस्तुत करने की तैयारियां की गई हैं। भूटान नरेश के आगमन को लेकर राज्य के नगांव, गोलाघाट तथा कार्बी आंग्लांग जिला प्रशासनों द्वारा बीते एक सप्ताह से तैयारियां की जा रही थीं।

### *आदिवासी विधायकों की...*

राज्य बलों द्वारा जारी ज्यादतियों और अत्याचारों को उजागर करना चाहते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य बलों ने नागरिकों पर अत्याचार, आगजनी, अंधाधुंध गोलीबारी, लूटपाट का सहारा लेकर उन्हें भागने के लिए मजबूर किया। वहीं, विधायकों के आरोपों पर अधिकारी ने बताया कि मोरेह में अभियान इस तरह से चलाया गया है, ताकि किसी भी नागरिक अधिकार का उल्लंघन न हो। उन्होंने बताया कि राज्य और केंद्रीय बलों द्वारा संयुक्त रूप से ऑपरेशन चलाया गया। गौरतलब कि मोरेह के एसडीपीओ चिंगथम आनंद की 31 अक्तूबर को हत्या कर दी गई। आदिवासी आतंकियों ने उन्हें उस समय गोलियों से भून दिया जब वे शहर के पूर्वी मैदान में नए बनाए गए हेलीपैड का निरीक्षण कर रहे थे। आदिवासी विधायकों ने केंद्र सरकार से अपील की है कि वह मामले में तुरंत हस्तक्षेप करे। उन्होंने मोरे में तैनात सभी कमांडो की वापसी सुनिश्चित करने की मांग की है। बता दें कि बुधवार को भीड़ ने राजधानी इंफाल में मणिपुर राइफल्स के एक शिविर पर हमला कर हथियारों को लूटने की कोशिश की। इस पर सुरक्षाकर्मियों को हवा में कई राउंड गोलियां चलानी पड़ीं। वहीं, मंगलवार सुबह एसडीपीओ की गोली मारकर हत्या करने के बाद इंफाल में तनाव पैदा हो गया। शहर में राज्य और केंद्रीय बल दोनों को तैनात किया गया है। पुलिस ने कहा है कि इंफाल पश्चिम जिले के लांगोल इलाके में शुक्रवार सुबह अज्ञात बंदूकधारियों ने मैतेई लीपुन प्रमुख की गाड़ी पर छह राउंड फायरिंग की। हालांकि, इसमें कोई घायल नहीं हुआ। मैतेई लीपुन प्रमुख ने राज्य में जारी अशांति के लिए कुकी उग्रवादियों की कई बार आलोचना की। मणिपुर में 53 प्रतिशत मैतेई आबादी है, जबकि आदिवासी (नगा और कुकी) 40 प्रतिशत हैं। ये मुख्य रूप से पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

### *अब कैमरों के जरिये ...*

का सामना करने में मदद कर सकते हैं। 2016 में प्रतिस्पर्धात्मक आधार पर शुरू किए गए स्मार्ट सिटी मिशन की सफलता और असर को लेकर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन सभी सौ शहरों में आइसीसीसी की स्थापना शहरों को तकनीक आधारित समाधान की शक्ति प्रदान कर सकती है। शहरी कार्य मंत्रालय में स्मार्ट सिटी मिशन से जुड़े एक अधिकारी के मुताबिक शहरों की क्षमता विकास के लिहाज से यह अहम कदम है। इसके नतीजे आने वाले समय में दिखाई देंगे। हाल में गुजरात के कई शहरों में चक्रवात का सामना करने के लिए आईसीसीसी सबसे अधिक सहायक साबित हुआ। एक आईसीसीसी 17 से अधिक नगरीय सेवाओं को एक जगह पर ला देता है। सूरत में चक्रवात के दौरान दो हजार से अधिक कैमरों ने शहर के एक-एक हिस्से को कवर कर लिया था और इसके आधार पर नागरिकों को दिन में कई बार अपडेट और चेतावनी दी जा सकी। कई शहरों में आईसीसीसी ट्रैफिक मैनेजमेंट और इन्फोर्समेंट में सबसे अधिक उपयोगी साबित हुआ है। अहमदाबाद में प्रतिदिन पांच सौ से अधिक ई चालान किए गए तो सड़कों पर मनमानी और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन रुका। सभी शहरों में आईसीसीसी की स्थापना इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मिशन के जरिये यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि शहरों में हो रहे कामों की एक केंद्रीय जगह से निगरानी की सके। मंत्रालय में स्थापित की गई आबजर्वेटरी यह काम कर रही है।

### *हम नहीं चाहते कि ...*

जब तक अत्यंत जरूरी नहीं हो, तब तक कृपया स्थगन का अनुरोध नहीं करें...। मैं नहीं चाहता कि यह अदालत तारीख-पे-तारीख अदालत बन जाए। तारीख-पे-तारीख हिंदी फिल्म *दामिनी* में सनी देओल का लोकप्रिय संवाद था जिसमें अभिनेता ने फिल्म के एक दृश्य में अदालतों में स्थगन की संस्कृति पर रोष प्रकट किया था। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अब वकीलों की संस्थाओं की मदद से शीर्ष अदालत में मामला दायर होने के बाद नए मामलों को सूचीबद्ध करने में समय का अंतर काफी कम हो गया है। उन्होंने इस तथ्य पर अफसोस जताया कि पीठ के समक्ष मामले सूचीबद्ध होने के बाद वकील स्थगन का अनुरोध करते हैं और यह बाहरी दुनिया के लिए बहुत खराब संकेत देता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मैं देख पा रहा हूं कि मामला दायर होने की अवधि से इसके सूचीबद्ध होने का समय घट रहा है। यह सब हम एससीबीए (सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन और एससीएओआरए (सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन) के सहयोग के बिना हासिल नहीं कर सकते थे। उन्होंने यह भी कहा कि स्थगन मामले की शीघ्रतापूर्वक सुनवाई के उद्देश्य को प्रभावित करता है।

### *अयोध्या : पांच लाख ..*

चलाया था। इस कार्यक्रम से देश के हर समाज, हर जाति के लोग जुड़े और जातिगत दूरी को कम करने में मदद मिली। इसी प्रकार कुछ समय पहले राम मंदिर निर्माण के लिए समर्पण निधि अभियान की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम से भी देश के करोड़ों हिंदू परिवार जुटे और जातिगत दूरी पीछे रह गई। उन्होंने कहा कि जब-जब राम की बात आती है, पूरा देश जातिगत दूरियों को भूलकर एक हो जाता है। विहिप राम नाम की इसी शक्ति के सहारे हिंदू समुदाय की सबसे बड़ी कमजोरी को दूर करने की कोशिश करेगी। भाजपा 2024 में लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता में आने की तैयारी कर रही है। विपक्ष के जातिगत जनगणना और ओबीसी समुदाय की भागीदारी के दांव से भाजपा की राह मुश्किल हुई है। यह उसके लक्ष्य को हासिल करने में बड़ी बाधा भी बन सकता है। भगवा खेमे के आलोचकों का कहना है कि राम मंदिर के उद्घाटन के जरिये भाजपा विपक्ष के इसी हमले से बचने की काट खोज रही है। उधर राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट जुट गया है। प्राण प्रतिष्ठा के दिन विश्व के करोड़ों घरों में दीपोत्सव मनाया जाएगा। अयोध्या में 22 जनवरी को जब प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हो रहा होगा, उस समय देश के सात लाख से अधिक मंदिरों में विजय महामंत्र का सामूहिक जाप किया जाएगा। ट्रस्ट ने सभी रामभक्तों से मंदिर केंद्रित कार्यक्रम करने, मंदिर में स्थित देवी, देवता का भजन कीर्तन आरती पूजा व विजय महामंत्र *श्रीराम जय राम जय जय राम* का सामूहिक जाप करने का आग्रह किया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कहा कि मंदिरों में हनुमान चालीसा, संदरकांड और राम रक्षास्त्रोत आदि का सामूहिक पाठ भी कर सकते हैं। इससे सभी देवी देवता प्रसन्न होंगे और देश का वातावरण राममय हो जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दूरदर्शन एवं हिन्दुस्थान समाचार बहुभाषी न्यूज एजेंसी द्वारा लाइव प्रसारण किया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन विश्व के करोड़ों घरों में दीपोत्सव मनाया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रामभक्तों से 22 जनवरी 2024 को सूर्यास्त के बाद अपने घर के सामने देवी-देवताओं की प्रसन्नता के लिए दीपक जलाकर दीप मालाएं सजाने का आग्रह किया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रामभक्तों से निवेदन किया है कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद परिवार समेत अयोध्या आकर नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में विराजमान रामलला का दर्शन करने अवश्य पधारें।

### *दिल्ली में प्रदूषण ...*

चल रहा है कि उनकी सांस नली में सूजन आ चुकी है। एफईएनओ यानी फ्रैक्शन ऑफ एक्जेल्ड नाइट्रिक ऑक्साइड टेस्ट बता पा रहा है कि सांसों की नली में सूजन की वजह मरीज को सांस छोड़ने में कितना जोर लगाना पड़ रहा है। इस टेस्ट के लेवल दिल्ली वालों में काफी बढ़े हुए आ रहे हैं। इसके साथ बच्चों के लिए भी प्रदूषण खतरनाक साबित हो रहा है। यह बच्चों के फेफड़ों को विकसित नहीं होने देता। यह गंभीर बीमारियों का भी कारण भी बना हुआ है। जयपुर गोल्डन अस्पताल की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुजीता बताती हैं कि प्रदूषण वयस्कों की तुलना में बच्चों को अधिक प्रभावित कर रही है। बच्चों के फेफड़ों को विकसित होने में मुश्किलें होती हैं। उन्होंने कहा कि वयस्कों को भी प्रभावित कर रहा है। आजकल हर सड़क पर माहौल स्मोकिंग जोन की तरह है। यह न केवल उन रोगियों को प्रभावित करता है, जिन्हें एलर्जी है या अस्थमा है बल्कि सामान्य लोगों को भी प्रभावित कर रहा है। उन्होंने सलाह दी कि लोगों को सुबह जल्दी या देर शाम को बाहर जाने से बचने की कोशिश करना चाहिए, क्योंकि उस समय प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक होता है। घर से बाहर निकलने से पहले एन95 मास्क पहनना चाहिए।

### *भाजपा के बिना नहीं ...*

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही होगा। रिजिजू बोले कि भाजपा को केंद्र में एमएनएफ के समर्थन पर सीएम जोरमथांगा ने कुछ बात कही है। वे ऐसी बात कहते रहते हैं तो हम जवाब देंगे। मिजो वोटों के मामले का भी जवाब देंगे। ये सारा कांग्रेस का किया धरा है। उन्होंने कहा, लोकसभा में पूर्वोत्तर में कुछ सीटों पर एनडीए के सहयोगी दलों को हम समर्थन करेंगे और बाकी पर भाजपा खुद लड़ेगी।

### *विरोधी दलों पर ही ...*

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को एक हथियार के तौर पर इस्तेमाल करता है। असम तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष रिपुन बोरा ने कहा कि सीबीआई और ईडी देश की दो सबसे महत्वपूर्ण स्वायत्त जांच एजेंसियों में से हैं। लेकिन दुर्भाग्य से 2014 से भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के तहत इन्हें बंद कर दिया गया है। भाजपा द्वारा राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को नियंत्रित करने के लिए कठपुतली और हथियार के रूप में उपयोग किया जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, केंद्रीय मंत्री नारायण राणे और पश्चिम बंगाल के विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ मामलों का उदाहरण दिया। ये नेता भाजपा की वॉशिंग मशीन में साफ हो गए हैं। बोरा ने कहा कि दूसरी ओर 2014-23 तक सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अभिषेक बनर्जी, अरविंद केजरीवाल और फारूक अब्दुल्ला समेत 56 विपक्षी नेताओं से पूछताछ की गई, उन्हें गिरफ्तार किया गया या उनकी संपत्ति पर छापेमारी की गई।

### *मानिक चंद ज्वैलर्स ...*

रिक्त प्रकाश व्यवस्था, प्रीमियम इटेलियन मार्बल फ्लोरिंग, रस्टिक स्टोन वॉल्स, अलीगेंट वुडन फिक्स्चर और मेटलिक फिटिंग शामिल हैं। ब्रांड ने निश्चित रूप से शीर्ष ग्राहक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ लग्जरी अनुभव के स्तर को ऊपर उठाया है। मानिक चंद ज्वैलर्स के लॉयल यूजर्स, जो भव्य उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित थे, वह भी आभूषणों की प्रशंसा करने से पीछे नहीं हटे और उन्होंने विशेष रूप से डिजाइनों की विशाल श्रृंखला की सराहना की। 5500 वर्ग फुट में फैला गुवाहाटी में यह आउटलेट असंख्य डिजाइन प्रदर्शित करता है। प्रत्येक ज्वैलरी को हॉलमार्क वाले सोने और प्रमाणित हीरों से सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। इस विशेष स्टोर में आपको विभिन्न प्रकार के आभूषण मिलेंगे, जैसे सोना, कुंदन, जड़ाऊ, ऐन्टीक, इटेलियन, तुर्की और हीरे के आभूषण। साथ ही अद्वितीय चांदी के उत्पाद भी आप यहां से खरीद सकते है। मानिक चंद ज्वैलर्स के एमडी कृष्ण कुमार सोनी ने कहा कि एक ब्रांड के रूप में हमारा मुख्य मिशन प्रीमियम आभूषणों को अपने ग्राहकों की पहुंच के भीतर लाना है। उन्होंने स्वीकार करते हुए कहा कि कई लोगों ने गुवाहाटी के भीतर हमारे मौजूदा आउटलेट्स तक काफी दूरी तय की है, हमारा लक्ष्य उनको करीब लाना है। गुवाहाटी में अपने चौथे स्टोर के लॉन्च के साथ, हम न केवल विस्तार कर रहे हैं, बल्कि खरीदारी के अनुभव को भी बढ़ा रहे हैं। हम जो भी कदम उठाते हैं वह अपने ग्राहकों के लिए है। शोरूम के शुभारंभ के अवसर पर असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने भी शोरूम का अवलोकन कर मानिकचंद ज्वैलर्स के व्यापारिक प्रयासों की सराहना की। इस भव्य लॉन्च के साथ, मानिक चंद ज्वैलर्स ने अपने ग्राहकों को पूर्ण संतुष्टि के साथ सर्वश्रेष्ठ आभूषण डिजाइन, शानदार आतिथ्य और लग्जरी खरीदारी के अनुभव देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### *युद्ध : गाजा पर मंडरा ...*

नागरिकों का पता लगाने के लिए गाजा के ऊपर उड़ान भर रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने वाशिंगटन में कहा कि करीब एक सप्ताह से ड्रोन से निगरानी की जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि 10 अमेरिकी नागरिकों का अब तक पता नहीं चल पाया है। संभावना है कि इनको हमास ने अपनी सुरंग में कैद कर रखा है। गाजा में 200 से अधिक लोग बंधक हैं। अमेरिकी ड्रोन का निगरानी अभियान दक्षिणी गाजा में केंद्रित हैं। यह स्थान उत्तर में कहर बरपा रही इजराइली सेना से लगभग 15 मील दूर है। ड्रोन उड़ान पर नजर रखने वालीं विमानन शोधकर्ता अमेलिया स्मिथ के अनुसार इस प्रयास में कम से कम छह अलग-अलग एमक्यू-9 रीपर शामिल हैं। यह 24,000 से 26,000 फीट की ऊंचाई पर लगभग तीन घंटे तक गाजा में निगरानी करते हैं। एमक्यू-9 को अमेरिकी वायुसेना के पहले *शिकारी-हत्यारे* ड्रोन के रूप में डिजाइन किया गया था। एक समय में 20 घंटे से अधिक समय तक एक क्षेत्र के ऊपर मंडराने की क्षमता के कारण इसका उपयोग मुख्य रूप से निगरानी अभियान के लिए किया जाता है। इसका इस्तेमाल इराक, अफगानिस्तान और सीरिया में हवाई हमले करने और खुफिया जानकारी एकत्र करने के लिए किया जा चुका है। इस बीच इजराइल के सुरक्षाबलों ने लेबनान से सतह से हवा में मार करने वाली हिजबुल्लाह की मिसाइल को मार गिराया है। सुरक्षाबलों ने जेनिन में बमबारी की है। उधर, दावा किया गया है कि उत्तरी इराक के हरीर सैन्य अड्डे पर एक ड्रोन को मार गिराया गया है। गाजा में छिड़े युद्ध के बीच अमेरिकी खुफिया विभाग को पता चला है कि लेबनान के मिलिशिया समूह की इजराइल के साथ झड़प के बाद रूस का वैगनर समूह हिजबुल्लाह को एक वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली देने की तैयारी कर रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक के साथ बैठक में अपना रुख फिर स्पष्ट किया। उन्होंने हमास आतंकवादियों के खिलाफ गाजा में चल रहे जमीनी हमले में इजराइल के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इजराइल को अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के अनुरूप खुद की रक्षा करने का अधिकार है। अमेरिका उनके साथ इस युद्ध में खड़ा रहेगा।

### *महादेव सट्टेबाजी ऐप ...*

किया है कि बड़ी रकम *बघेल* के नाम राजनेता को दिए जाने का इंतजाम किया गया था। महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के प्रमोटरों ने अब तक बघेल को 508 करोड रुपए का भुगतान किया है। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार कूरियर असीम दास से 5.39 करोड़ रुपए बरामद किया गया है। शुक्रवार शाम उसे ईडी ने गिरफ्तार किया। आरोपित हेड कांस्टेबल भीम सिंह यादव के साथ रायपुर के विशेष अदालत में उसे प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें 7 दिनों की ईडी के रिमांड पर भेज दिया गया। अगली सुनवाई के लिए अदालत ने 10 नवंबर की तिथि तय की है। आरक्षक भीम यादव का नाम महादेव सट्टा मामले से जुड़े चार्जशीट में भी शामिल है। आरोप यह भी है कि यह आरक्षक दुबई में आयोजित हुए महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप सक्सेस पार्टी में भी शामिल हुआ था।

### *मराठा आरक्षण पर ...*

वचन दिया है, उसे पूरा करना ही होगा। हर मिनट, हर घंटा हमारे लिए महत्वपूर्ण है। लोगों को पता होना चाहिए कि सरकार ईमानदारी से प्रयास कर रही है। दरअसल, राज्य सरकार की ओर से पूर्व न्यायाधीश और मंत्रियों का प्रतिनिधिमंडल मराठा आरक्षण के लिए भूख हड़ताल कर रहे मराठा नेता मनोज जारांगे पाटिल से मिलकर उनसे भूख हड़ताल वापस लेने की मांग की थी। सरकारी प्रतिनिधि मंडल ने मनोज जारांगे से 2 जनवरी तक का समय देने का अनुरोध किया था, लेकिन जारांगे ने भूख हड़ताल खत्म करके सरकार को 26 दिसंबर तक का समय दिया है। इसी वजह मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को काम में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

## सतीश कुमार पांडे ने पूसीरे (निर्माण) के नए महाप्रबंधक का पदभार संभाला

**गुवाहाटी ( हिंस )।** संघ लोक सेवा आयोग के वर्ष 1986 बैच के भारतीय रेल इंजीनियर सेवा के अधिकारी सतीश कुमार पांडे ने पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) (निर्माण) के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। पूसीरे के सीपीआरओ सब्यसाची दे ने शुक्रवार को बताया है कि सतीश कुमार पांडे वर्ष 1988 में प्रोबेशनरी ऑफिसर के रूप में भारतीय रेल से जुड़े। अपने कैरियर के शुरुआती चरण में, वह मुजफ्फरपुर के सहायक मंडल अभियंता के रूप में पदस्थापित थे। उन्होंने पूर्वोत्तर रेलवे के फ्लैश बट प्लांट में कार्यकारी अभियंता और वाराणसी एवं सोनपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता के रूप में अपनी सेवा दी। वे मार्च, 2007 से मई, 2009 तक पूर्वोत्तर रेल के अधीन लखनऊ मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक रह चुके है। सब्यसाची दे ने बताया कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रुड़की से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली से स्वायल मेकैनिक्स और फाउंडेशन इंजीनियरिंग में एमटेक किया। महाप्रबंधक/निर्माण के रूप में वे पूसीरे के क्षेत्राधिकार अर्थात सिक्किम सहित सभी पूर्वोत्तर राज्य और पश्चिम बंगाल एवं बिहार के कुछ हिस्सों के सभी रेलवे निर्माण गतिविधियों के पूर्ण प्रभारी होंगे। पूसीरे (निर्माण) के महाप्रबंधक का कार्यभार ग्रहण करने से पहले उन्होंने रेलवे बोर्ड में अतिरिक्त सदस्य कार्य के पद पर रहे हैं।

# लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की जोरदार तैयारियां

### भाजपा कार्यालय में दो संगठनात्मक बैठकें आयोजित

**गुवाहाटी ( हिंस )।** वशिष्ठ स्थित प्रदेश भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में आज प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता की उपस्थिति में दो संगठनात्मक बैठकें आयोजित की गई। बैठक में एजेंडे पर विस्तार से चर्चा की गई और पार्टी द्वारा की जा रही अन्य संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई। इस बैठक के बाद प्रदेश भाजपा के 39 संगठनात्मक जिलों के अध्यक्षों, प्रभारियों और सह-प्रभारियों के



साथ बैठकें की गई। प्रदेश भाजपा की नवनियुक्त प्रभारियों की सूची की घोषणा के बाद यह पहली बैठक है। प्रत्येक जिले में संगठनात्मक मजबूती की सक्रियता, बूथों और मंडलों की स्वीकार्यता, निर्वाचन क्षेत्र निर्धारण के बाद के बदलाव आदि मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष कलिता ने कहा कि वे हाल के चुनावों से पहले राज्य भाजपा के साथ-साथ उसके सहयोगियों की संगठनात्मक ताकत को और मजबूत करने के लिए जल्द ही सहयोगियों के साथ बैठक करेंगे।

## विशेष महानिदेशक ने की सीसुब गुवाहाटी फ्रंटियर की तैयारियों की समीक्षा




**गुवाहाटी ( हिंस )।** सीमा सुरक्षा बल (सीसुब) की पूर्वी कमान (कोलकाता) की विशेष महानिदेशक (एडीजी) सोनाली मिश्रा ने सीसुब गुवाहाटी फ्रंटियर के अपनी तीन दिवसीय प्रवास के दौरान भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। शुक्रवार को समीक्षा के दौरान गुवाहाटी फ्रंटियर के महानिरीक्षक दिनेश कुमार यादव और स्टॉफ अधिकारियों ने एडीजी सोनाली मिश्र को भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी। साथ ही विभिन्न चुनौतियों से निपटने एवं सीमा पार अपराधों को नियंत्रित करने के उपायों के बारे में जानकारी दी। अपने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान विशेष महानिदेशक मिश्रा ने धुबड़ी जिला के अंतर्गत भारत-बांग्लोदश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सीमा चौकियों एवं भूमि कस्टम स्टेशन, सोनाहाट का दौरा किया। फील्ड कमांडरों के साथ चर्चा की और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा को अपराध मुक्त बनाने के लिए सीमा पर निगरानी एवं संक्रियात्मक तैयारियों की समीक्षा की। गुवाहाटी फ्रंटियर की अपनी यात्रा के दौरान एडीजी सोनाली मिश्रा ने असम पुलिस के महानिदेशक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह से भी भेंट की एवं असम में भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर असम पुलिस के साथ समन्वय तथा सीमा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं के बारे में चर्चा की। विशेष महानिदेशक मिश्रा ने फ्रंटियर मुख्यालय सीसुब, गुवाहाटी में प्रहरी सम्मेलन के दौरान सीमा प्रहरियों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि सीमा पर तैनात समस्त सीमा प्रहरी सराहानीय कार्य कर रहे हैं और अंतर्राष्ट्रीय सीमा की प्रभावी ढंग से निगरानी कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने सीमाओं की सुरक्षा में लगे सीमा प्रहरियों के अथक प्रयासों, समर्पण तथा अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए गुवाहाटी फ्रंटियर के किए गए प्रयासों की सराहना की।

## मिजोरम विस चुनाव : 7671 वोटर करेंगे गृह से मतदान

**एजल ( हिंस )।** मिजोरम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने मिजोरम विधानसभा के चुनाव की तैयारियों का विवरण देते हुए बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष और उससे अधिक) और विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) मतदाताओं के लिए गृह मतदान की व्यवस्था की गई है। इसके लिए दो नवंबर को शाम पांच बजे तक कुल 7 हजार 671 वोटरों को मतपत्र (वैलेट पेपर) भेजे जा चुके हैं। इनमें से 1 हजार 998 वोट होम वोटिंग के जरिए और 5, 673 वोट डाक मतपत्रों के माध्यम से डाले गए। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक योग्य मतदाता, उनकी शारीरिक स्थिति की परवाह किए बिना, मतदान के अपने अधिकार का प्रयोग कर सके। जिलेवार इस गए इस मतदान संबंधी विवरण के अनुसार मामित जिले में होम वोटिंग (0), पोस्टल बैलट (463), कुल (463)। कोलासिब जिले में होम वोटिंग (138), पोस्टल बैलेट (461), कुल (599)। आइजोल जिले में होम वोटिंग (875), पोस्टल बैलेट (779), कुल (1, 654)। सैतुअल जिले होम वोटिंग (149), पोस्टल बैलेट (327), कुल (476)।

## अल्फा ( स्व ) शिविर से भागकर कैडर ने किया आत्मसमर्पण

**तिनसुकिया ( हिंस )।** यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (स्वाधीन), अल्फा (स्व) के एक शिविर से भागकर आए एक कैडर द्वारा तिनसुकिया के फिलोबाड़ी में आत्मसमर्पण किये जाने की सूचना है। पलाश मोरान नामक कैडर अल्फा शिविर से भागने में कामयाब रहा। ज्ञात हो कि म्यांमार शिविर से भागने की कोशिश करने के लिए हाल ही में दो अन्य कैडरों को संगठन ने मौत की सजा दी थी। इस घटना पर राज्य भर में प्रतिक्रिया जारी रही। पलाश मोरान ने तिनसुकिया पुलिस के शीर्ष अधिकारियों की मौजूदगी में आत्मसमर्पण किया। वह 2019 में संगठन में शामिल हुआ था।

## राज्यपाल ने महिला किसानों एवं दिहाड़ी मजदूरों पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में लिया हिस्सा

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने आज यहां असम प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज में एसआईपीआरडी असम के सहयोग से राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा महिला किसानों एवं दिहाड़ी मजदूरों पर आयोजित एक क्षेत्रीय सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन में बोलते हुए राज्यपाल ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और जीडीपी में किसानों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब भी हम किसानों की बात करते हैं तो हमारे सामने स्वाभाविक रूप से पुरुष किसानों की तस्वीर आ जाती है। वर्षों से हमारे दिल और दिमाग में बसे रीति-रिवाजों और परंपराओं के कारण, हम आज भी मानते हैं कि खेती केवल पुरुषों का काम है। हालांकि, उन्होंने कहा कि स्थिति तेजी से बदल रही है क्योंकि, कृषि क्षेत्र में किसानों के रूप में महिलाओं का योगदान दिन-ब-दिन बढ़ रहा है। महिलाएं घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ खेत-खलिहान भी संभाल रही हैं। ग्रामीण महिलाएं सिर्फ खाना पकाने तक ही सीमित



नहीं हैं, बल्कि वे अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए खेतों में भी काम करती हैं। कटारिया ने कहा कि यह गर्व की बात है कि आज महिला किसान और मजदूर घर की दहलीज लांघकर समाज की रुढ़िवादी बेड़ियों को तोड़ रही हैं। वे कृषि गतिविधियों में नवाचारों और प्रौद्योगिकियों का भी उपयोग कर रहे हैं। कृषि गतिविधियों के साथ-साथ महिला किसान पशुपालन, मछली पालन, मधुमक्खी पालन और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं और सफलता हासिल कर रही हैं। कई महिलाओं ने समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है, जो दूसरों के लिए अनुकरणीय है। राज्यपाल ने कहा कि महिला किसानों के अधिकारों में सुधार के लिए सरकार ने जो योजनाएं लागू की हैं, उनका उपयोग महिला किसानों को करना चाहिए। कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग में उनकी क्षमता निर्माण और प्रौद्योगिकियों और अन्य कृषि संसाधनों तक उनकी पहुंच में सुधार के माध्यम से लैंगिक मुख्यधारा की पहल को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्यपाल ने आगे कहा कि समाज के आर्थिक एवं समग्र विकास के लिए महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण महत्वपूर्ण है। कटारिया ने महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए महिला आयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं, महिला किसानों और दिहाड़ी मजदूरों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें पुरुषों के समान अधिकार दिलाने के उद्देश्य से महिला आयोग द्वारा इस तरह के सम्मेलन आयोजित करना एक सराहनीय प्रयास है। गौरतलब है कि सम्मेलन का आयोजन पलायन के संबंध में महिला किसानों और दिहाड़ी मजदूरों पर विशेष जोर देते हुए किया गया था। पी एंड आरडी मंत्री रनजीत कुमार दास, अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला आयोग रेखा शर्मा, सचिव पी एंड आरडी मुनींद्र शर्मा, असम राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. हेमप्रभा बोरठाकुर के साथ कई अन्य गणमान्य व्यक्ति सम्मेलन में शामिल हुए।

## नगांव में श्री श्याम बाबा की निशान यात्रा की तैयारी जोरों पर

### नवंबर 23 को होगी निशान यात्रा

**नगांव ( निसं )।** कलयुग के अवतार श्री श्याम बाबा का जन्मदिवस कार्तिक सुदी एकादशी 23 नवंबर को श्री श्याम बाबा का जन्मदिवस पुरे भारतवर्ष में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी कड़ी में श्री श्याम परिवार, नगांव के सदस्य एंव महिला सदस्य बड़े ही हर्षोल्लास के साथ श्री श्याम बाबा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर एक विशाल पैदल निशान यात्रा निकालने की तैयारी में जुटे हुए हैं। यह यात्रा पुरानी गोदाम दुर्गा मंदिर से नगांव श्री श्याम मंदिर तक होगी। इस पैदल निशान यात्रा में पुरूष, महिला एंव बच्चों सहीत सैकड़ों की तादात में निशान यात्रियों के शामिल होने की सम्भावना जताई जा रही है। इस यात्रा के दौरान बाबा श्री श्याम का शीश भक्तों के साथ रथ पर सवार होकर चलेगें। यात्रा सुबह 7 बजे पुरानी गोदाम से शुरू होगी। यात्रा के मध्य रास्ते में दोपहर का विश्राम तथा भोजन के लिए एक पड़ाव निधारित किया गया है। इस पड़ाव पर यात्री गण के लिए भजनों का कार्यक्रम भी रखा जाएगा, जिसमें स्थानीय भजन गायक अपने अपने भजनों की प्रस्तुति देगें। निशान यात्रा में विशेष आकर्षण का केंद्र यूपी मुरादाबाद के कलाकारों द्वारा सजिव झाकीयों व नृत्य का शानदार प्रदर्शन तथा बैंड पार्टी के साथ किया जाएगा। यह प्रदर्शन भक्तों के लिएआकर्षण का केंद्र होगा। साथ ही आतिशबाजी का निशान यात्रा में अलग ही नजारा देखने को मिलेगा। यह जानकारी श्री श्याम परिवार के सदस्य अशोक वर्मा द्वारा दी गई है।

## सीबीएसई फॉर ईस्ट जोन चैंपियनशिप में मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, काहिलीपाड़ा का शानदार प्रदर्शन

**गुवाहाटी।** 12 अक्टूबर, 2023 को आयोजित हुई जानी-मानी फार ईस्ट जोन चैंपियनशिप में काहिलीपाड़ा के मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के छात्रों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। इन युवा एथलीटों की इस शानदार उपलब्धि से स्कूल बहुत गौरवान्वित है और गौरव के इस क्षण को साझा करते हुए मॉडर्न इंग्लिश स्कूल बहुत खुश है। इस चैंपियनशिप में नौ छात्रों ने न सिर्फ स्वर्ण और रजत पदक जीते बल्कि आगे होने वाली राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो, योग, शूटिंग और एथलेटिक प्रतियोगिताओं में भी अपनी जगह बनाई जहां वे स्कूल का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे। ताइक्वांडो प्रतियोगिता में लड़कों के अंडर-17 के 51 किग्रा से कम वर्ग कैटेगरी में 12वीं कक्षा के कृष पावे ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं 12 के देबोब्रत पाटीर ने लड़कों के अंडर-19 के 68 किग्रा से कम वर्ग कैटेगरी में कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके अलावा लड़कियों के अंडर-17 के 55 किग्रा से कम वर्ग कैटेगरी में 11वीं कक्षा की रक्षा बरुवा रजत पदक जीता। कक्षा 10 की




गरिमा दास ने लड़कियों के अंडर-17 के 52 किग्रा से कम वर्ग कैटेगरी में रजत पदक जीता। इसके अलावा लड़कियों के ही अंडर-14 के 37 किग्रा से कम वर्ग कैटेगरी में कक्षा 6 कादम्बरी दास ने कांस्य पदक जीता। इन विजेताओं में से कृष पावे, रक्षा बरुवा और गरिमा दास को आगामी राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए चुना गया है। वहीं बात करें योग प्रतियोगिता कि तो कक्षा 4 की नंदिका हाजरा, कक्षा 5 की टीना कलिता और कक्षा 6 की श्रीमंती पॉल और आयुषी दास प्रथम उपविजेता रहीं और उन्हें राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप के लिए चुना गया है। शूटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 10 की एंजेल महंता ने 10 मीटर एयर पिस्टल वर्ग में दूसरा स्थान हासिल कर राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में अपनी जगह पक्की की। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कक्षा 8 के आकाश कलिता ने 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता और आगामी राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में अपनी जगह बनाई। शतरंज प्रतियोगिता में कक्षा 6 की ईशान्वी सैकिया, कक्षा 8 की खुशी जयसवाल, कक्षा 5 की बैरावी बोड़ो और कक्षा 8 की शर्मिष्ठा साहा ने अंडर 14 लड़कियों की कैटेगरी में कांस्य पदक जीता। वे राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में भाग नहीं लेंगे। इस अवसर पर मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, काहिलीपाड़ा के पीजीटी-फिजिकल एजुकेशन और तायक्वोंडो कोच अभिजीत गोगोई ने कहा कि हम अपने छात्रों को न केवल राज्य में बल्कि राज्य के बाहर और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाते हुए देख कर काफी उत्साहित हैं। हम विजेताओं को उनकी कड़ी मेहनत के लिए बधाई देते हैं और राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जगह बनाने के लिए शुभकामनाएं देते हैं। सीबीएसई फार ईस्ट जोन चैंपियनशिप में हमारी सफलता ऐसे संपूर्ण व्यक्तित्व को विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो जीवन के विभिन्न पहलुओं में महारत हासिल कर सकते हैं।

## बालीपाड़ा फाउंडेशन ने भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और रानी जेत्सुन पेमा का हार्दिक स्वागत किया

**गुवाहाटी।** बालीपाड़ा फाउंडेशन को भूटान के सम्मानित राजा, जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और रानी जेत्सुन पेमा का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। यह महत्वपूर्ण अवसर भूटान और बालीपाड़ा फाउंडेशन के बीच दीर्घकालिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी अथक प्रतिबद्धता के लिए पहचाने जाने वाले बालीपाड़ा फाउंडेशन ने पिछले कुछ वर्षों में भूटान राष्ट्र के साथ एक गहरी और स्थायी साझेदारी को बढ़ावा दिया है। इस समर्पण को प्रदर्शित करते हुए, फाउंडेशन गर्व से भूटान की प्राकृतिक विरासत के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध व्यक्तियों के अमूल्य योगदान को स्वीकार करता है। 2014 में, प्रतिष्ठित बालीपाड़ा फाउंडेशन लाइफटाइम सर्विस अवार्ड्स प्रतिष्ठित पलजोर दाशो बेनजी दोरजी को प्रदान किए गए। भूटान में *संरक्षण के गॉडफादर* के रूप में प्रतिष्ठित, दोरजी ने पर्यावरणीय स्थिरता और प्रबंधन के प्रति अपने अटूट समर्पण को प्रदर्शित करते हुए, रॉयल सोसाइटी फॉर द प्रोटेक्शन ऑफ नेचर की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा, पर्यावरण चैंपियनों को मान्यता देने की अपनी चल रही प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, बालीपाड़ा फाउंडेशन ने भूटान के 12 पृथ्वी नायकों को सम्मानित किया है, जिनमें से प्रत्येक ने देश के समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र और जंगलों के संरक्षण और बहाली में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कंजर्वेशन इंटरनेशनल के सहयोग से, बालीपाड़ा फाउंडेशन ने *द ग्रेट पीपल्स फॉरेस्ट ऑफ द ईस्टर्न हिमालय* लांच किया है, जो एक ऐतिहासिक पहल है जिसका उद्देश्य सतत विकास और जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देना है। भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान शुरू की गई यह परियोजना, क्षेत्र में पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करती है। भूटान इकोलॉजिकल सोसाइटी और पर्यावरण संरक्षण के लिए भूटान ट्रस्ट फंड सहित प्रमुख भागीदारों के समर्थन से, यह पहल पूर्वी हिमालय की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता के संरक्षण के लिए साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। दुबई में कॉप 28 की प्रतीक्षा में, बालीपाड़ा फाउंडेशन संरक्षण प्रयासों को बढ़ाने के उद्देश्य से 30 मिलियन डॉलर के शुरुआती पोर्टफोलियो के लांच की घोषणा करते हुए रोमांचित है।

## आचार्य श्री ससंघ को श्रीफल भेंट कल



**गुवाहाटी।** फैंसी बाजार के भगवान महावीर धर्म स्थल मे चातुर्मास प्रवास के दौरान विराजित आचार्य प्रमुख सागर महाराज ने शुक्रवार को धर्म सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि वेदनीय कारण दो प्रकार के है। एक साता कर्म, दूसरा असाता कर्म जब हमें सुख का अनुभव होता है तो साता कर्म का उदय होता है और जब हमें दुख का अनुभव होता है तो असाता का उदय होता है। जहां दुख ही दुख है वहां नर्क है। जहां दुख ज्यादा सुख कम है वहा तिर्यक है। जहां सुख कम दुख ज्यादा है वहा मनुष्य है। जहां सुख ही सुख है वहा देव है। आचार्य श्री ने अपने उपदेश में कहा कि सुख-दुख, ताप आक्रंदन, परिवेदन, वध आदि से असाता कर्म का आश्रव होता है दुख यानी पीड़ा रूप आत्मा का परिणाम बहुत दुखी हो रहे हैं या किसी ने कुछ कह दिया तो उसको मन में ले लिया और लेकर दुखी हो रहे हैं तो हमें असाता कर्म का आश्रव होता है। हम हमेशा शौक में रहते हैं शोक में रहते रहते किसी भी कार्य में मन नहीं लगाते तो हमारा असाता कर्म का आश्रव होता है यानी बंध हो जाता है। आचार्य श्री ने अपने उपदेश में कहा कि आसत कर्म का आश्रव को रोकना है तो सामान्य जीवन जीओ न ज्यादा दुखी हों न ज्यादा सुखी हो ऐसा विचार कर अपने जीवन का कल्याण करो। श्री सूर्य पहाड़ तीर्थ क्षेत्र समिति के अध्यक्ष महावीर जैन (गंगवाल) एवं उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सेठी ने बताया कि रविवार को श्री दिगंबर जैनपंचायत गुवाहाटी के तत्वधाम में आगामी जनवरी 2024 में होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव में ससंघ सानिध्य एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सकल पूर्वोत्तर दिगंबर जैन समाज की ओर से सामूहिक रूप से श्रीफल अर्पित का निवेदन किया जाएगा। प्रचार प्रसार सहसंयोजक सुनील कुमार सेठी ने सभी धर्मावलंबियों एवं संस्थाओं से इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।।

## दीपावली पर माखन भोग ने उतारे गिफ्ट हैंपर की नई रेंज

### ड्राई फ्रूट्स, मिठाई, चॉकलेट के एक्सक्लूसिव बॉक्स उपलब्ध

**गुवाहाटी ( विभास )।** आगामी दीपावली सहित अन्य बड़े उत्सवों के मद्देनजर गुवाहाटी ही नहीं बल्कि वियतनाम की भी प्रसिद्ध एवं लोकप्रिय स्वीट्स एंड स्नेक्स ब्रांड माखन भोग की ओर से गिफ्त हैंपर की नई रेंज को बाजार में उतारा गया है। *ये दिवाली माखन भोग वाली* के टैगलाइन के साथ माखन भोग की ओर से अपने प्रतिष्ठित ग्राहकों के लिए मिठाई, ड्राई फ्रूट्स, चॉकलेट्स, स्नैक्स और कुकीज की एक वृहद रेंज प्रस्तुत की गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के लोकल फॉर वोकल के नारे को साकार करने की दिशा में माखन भोग की ओर से इस बार अपने हैंपर में ड्राई फ्रूट्स, चॉकलेट्स के साथ असम की प्रसिद्ध चाय की पैकेट को भी सम्मिलित किया गया है। इस सिलसिले में माखन भोग की प्रमुख श्रीमती संगीता अग्रवाल ने बताया कि हमारे उलुबाड़ी स्थित आउटलेट में ग्राहक अपने बजट अनुसार गिफ्ट हैंपर तैयार अथवा खरीदारी कर सकते हैं। माखन भोग की ओर से मिठाई व ड्रायफ्रूट्स के नए कनेक्शन



को आकर्षक और सुसज्जित गिफ्ट बॉक्स के जरिए गुवाहाटी के बाजार में उतारा है। युवा कारोबारी धुव्र आर्य ने बताया कि स्वाद और गुणवत्ता के अलावा माखन भोग ने हमेशा उपभोक्ताओं की जरूरत, बजट और टेस्ट के अनुसार अपने उत्पादों को प्रस्तुत किया है, जिससे कि हर व्यक्ति अपने जीवन में मिठास एवं खुशी का एहसास कर सके। साथ ही अपने संबंधियों और मित्रों को उपहार देकर त्योहार की खुशियां बांट सके। इस वर्ष दिवाली व अन्य उत्सवों के मौके पर माखन भोग ने ड्राई फ्रूट्स की मिठाई, लड्डू, गुलाब जामुन, काजू बर्फी इत्यादि मिठाई के गिफ्ट बॉक्स के अलावा चॉकलेट, ड्राई फ्रूट्स, केक और नमकीन के भी आकर्षक गिफ्ट हैंपर को गुवाहाटी के बाजार में उतारा। श्री आर्य ने बताया कि मिठाई और ड्राई फ्रूट्स के गिफ्ट बॉक्स क्रमश: 250 रुपए और 400 रुपए से शुरू होते हुए विभिन्न रेंज में उपलब्ध हैं। ग्राहक अपनी पसंद के अनुसार कस्टमाइज्ड गिफ्ट बॉक्स भी बनवा सकते हैं। दीपावली के मौके पर माखन भोग में प्री बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध हैं। ग्राहक उलूबाड़ी, फैंसी बाजार और गणेशगुड़ी स्थित किसी भी आउटलेट पर जाकर माखन भोग के उत्पादों को खरीद सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक छत तले उनके यहां गिफ्ट बॉक्स की भरमार है, जहां ग्राहक पूरी तसल्ली के साथ खरीदारी कर सकते हैं। माखन भोग की मिठास केवल असम या भारत में ही नहीं सात समंदर पार वियतनाम में भी काफी लोकप्रिय है। यहीं कारण है कि माखन भोग असम का पहला ऐसा स्वीट्स एंड स्नैक्स आउटलेट हैं जिसकी एक नहीं बल्कि दो-दो आउटलेट वियतनाम में मौजूद है। उन्होंने कहा कि हमारा मूल मंत्र ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करना है।

# टेस्ट और टेक्नोलॉजी का फ्यूजन बढ़ाएगा नई इकोनॉमी को

## वर्ल्ड फूड इंडिया का उद्घाटन कर बोले प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली,(ईएमएस)।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। भारत मंडपम में एक बड़े खाद्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टेस्ट और टेक्नोलॉजी का यह फ्यूजन एक नए भविष्य को जन्म देगा, एक नई इकोनॉमी को यह गति प्रदान करेगा। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को मजबूत करने के उद्देश्य से एक लाख से अधिक एसएचजी सदस्यों को पूंजी एवं बीज सहायता देने की शुरूआत की। प्रधानमंत्री मोदी की ओर से दी गई सहायता से एसएचजी को और बेहतर तरीके से बाजार में उतारा जा सकेगा। उन्होंने वर्ल्ड फूड इंडिया- 2023 के हिस्से के रूप में फूड स्ट्रीट का भी उद्घाटन किया। गौरतलब है कि दिल्ली में वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 के उद्घाटन पर 1 लाख से अधिक एसएचजी सदस्यों को 380 करोड़ रुपये की प्रारंभिक पूंजी सहायता के वितरण की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि टेस्ट और टेक्नोलॉजी का यह फ्यूजन एक नए भविष्य को जन्म देने वाला है। यह एक नई इकोनॉमी को गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस बदलती दुनिया में 21वीं सदी की सबसे प्रमुख चुनौतियों



में से एक फूड सिक्योरिटी भी है, इसलिए वर्ल्ड फूड इंडिया का यह आयोजन और भी अहम हो जाता है। इस वर्ल्ड फूड इंडिया कार्यक्रम में क्षेत्रीय व्यंजन और शाही खानपान की विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा। आयोजन में 200 से अधिक शेफ हिस्सा ले रहे हैं जो कि पारंपरिक भारतीय व्यंजन लोगों के सामने लाएंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत को दुनिया की खाद्य टोकरी के रूप में प्रस्तुत करना और 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाना है। इससे जुड़े लोगों को मंच प्रदान करने के साथ ही खाद्य क्षेत्र में निवेश और कारोबार शुरू करने में आसानी पर फोकस करने के साथ ही सीईओ गोलमेज बैठकें भी इस कार्यक्रम का हिस्सा होंगी। इस खास कार्यक्रम में नीदरलैंड भागीदार देश के रूप में काम करेगा, जबकि जापान इस आयोजन का फोकस देश बनेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी का कुशल नेतृत्व देश के लिए महत्वपूर्ण : जेपी नड्डा

**प्रयागराज, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जेपी नड्डा ने कहा कि आगामी लोकसभा का चुनाव भारतीय जनता पार्टी और कार्यकताओं के लिए चुनौती पूर्ण और देश के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशल नेतृत्व महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी कार्यकर्ता लोकसभा के चुनाव को लेकर पूरी जिम्मेदारी के साथ जुट जाएं और पार्टी के वोटर महा चेतना अभियान के द्वारा ज्यादा से ज्यादा नए मतदाता बनाएं। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को एयरपोर्ट पर कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए यह बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने महापौर गणेश केसरवानी से नगर निगम के द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा से पार्टी द्वारा आए हुए करणीय कार्यों की जानकारी ली। भाजपा कार्यकताओं ने प्रयागराज एयरपोर्ट पर अंगवस्त्र पहनाकर एवं



पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दिल्ली से प्रयागराज एयरपोर्ट पर आए और यहां से मध्य प्रदेश के रींवा जिले में आयोजित त्यौंथर विधानसभा में आयोजित चुनावी जनसभा को सम्बोधन के लिए प्रस्थान किए। एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में सांसद केशरी देवी पटेल, महापौर गणेश केसरवानी, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, विधायक पियूष रंजन निषाद, वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, नवीन शुक्ला, संजय गुप्ता, अंशुल सिंह परिहार, रामजी शुक्ला, अमित गुप्ता, विवेक जायसवाल आदि रहे।

# फिल्म पाइरेसी पर नकेल कसने के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने नोडल अधिकारी किए नियुक्त

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** फिल्म पाइरेसी को रोकने के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कदम उठाते हुए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। देश भर में 12 नोडल अधिकारी पाइरेसी के खिलाफ शिकायतें प्राप्त करेंगे और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पाइरेटेड सामग्री को हटाने के निर्देश देंगे। उल्लेखनीय है कि इस साल के मानसून सत्र के दौरान संसद ने सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) अधिनियम, 1952 पारित किया है। फिल्म उद्योग को पाइरेसी से हर साल 20,000 करोड़ का नुकसान हो रहा है। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को बताया कि अभी तक कॉपीराइट अधिनियम और आईपीसी के तहत कानूनी कार्रवाई को छोड़कर पाइरेटेड फिल्मी सामग्री पर सीधे कार्रवाई करने के लिए कोई संस्थागत तंत्र नहीं था। इंटरनेट के प्रसार और लगभग हर कोई मुफ्त में फिल्मी सामग्री देखने में रुचि रखता है, जिसके कारण पाइरेसी में तेजी देखी गई है। अब इन 12 नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के बाद पा-




इरेसी के मामले में तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी और उद्योग को राहत मिलेगी। इनमें से दो नोडल अधिकारी मुख्यालय में बैठेंगे और मुंबई सहित कई क्षेत्रीय कार्यालय में नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस कानून से फिल्म उद्योग को लाभ होगा और दुनिया में भारत की सॉफ्ट पावर की ताकत को भी बढ़ावा मिलेगा। इस कानून से पाइरेसी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) अधिनियम का उद्देश्य फिल्म चोरी पर अंकुश लगाना है। इस अधिनियम में साल 1984 में अंतिम महत्वपूर्ण संशोधन किया गया था। डिजिटल पाइरेसी सहित फिल्म पाइरेसी के खिलाफ प्रावधानों को शामिल करने के लिए अधिनियम में 40 वर्षों के बाद संशोधन किया गया। इस कानून के तहत पाइरेसी करने वाले लोगों पर न्यूनतम 3 महीने की कैद और तीन लाख रुपये के जुमार्ने की सख्त सजा शामिल है।

**कौन आवेदन कर सकता है? -** मूल कॉपीराइट धारक या उनके द्वारा अधिकृत कोई भी व्यक्ति पाइरेटेड सामग्री को हटाने के लिए नोडल अधिकारी को आवेदन कर सकता है। यदि कोई शिकायत किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा की जाती है, जिसके पास कॉपीराइट नहीं है या कॉपीराइट धारक द्वारा अधिकृत नहीं है, तो नोडल अधिकारी निर्देश जारी करने से पहले शिकायत की वास्तविकता तय करने के लिए मामले दर मामले के आधार पर सुनवाई कर सकता है। कानून के तहत नोडल अधिकारी से निर्देश प्राप्त करने के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म 48 घंटे के भीतर पाइरेटेड सामग्री होस्ट करने वाले ऐसे इंटरनेट लिंक को हटाने के लिए बाध्य होगा।

# सैन्य इंजीनियर सेवा के प्रोबेशनर्स ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सैन्य इंजीनियर सेवा (एमईएस) के प्रोबेशनर्स ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि एक इंजीनियर की भूमिका सिर्फ गणना, डिजाइनिंग और निर्माण तक सीमित नहीं है। यह बहुत व्यापक है और इसमें समुदायों को जोड़ना, सपनों को साकार करना और भविष्य को आकार देना शामिल है। उन्होंने युवा अधिकारियों से कहा कि उनके पास ऐसा भौतिक बुनियादी ढांचा तैयार करने की शक्ति है, जो मजबूत और टिकाऊ हो। पर्यावरणीय चुनौतियों और जलवायु परिवर्तन के मुद्दे का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह एमईएस अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे ऐसी संरचनाओं का डिजाइन और निर्माण करें, जो पर्यावरण के अनुकूल, टिकाऊ और नवीकरणीय ऊर्जा के बढ़ते उपयोग को बढ़ावा दें। ग्रीन इंजीनियरिंग समय की मांग है। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि एमईएस विभिन्न उपायों को अपनाकर राष्ट्रीय कार्बन फुटप्रिंट



को कम करने में योगदान दे रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि एमईएस के युवा अधिकारी नए विचार, नई ऊर्जा और भरपूर उत्साह लाकर इन प्रयासों को और आगे बढ़ाएंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी क्षेत्रों विशेषकर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवीनतम और उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने एमईएस अधिकारियों को गतिशील विकास में सबसे आगे रहने की सलाह दी और यह सुनिश्चित किया कि उनका काम नवीनतम प्रगति को भी प्रतिबिंबित करे। राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसे समय में जब हमारा देश वैश्विक स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में नए मानक स्थापित कर रहा है, उन्हें इस बात पर गर्व होना चाहिए कि वे उस सेवा का हिस्सा हैं, जो देश और उसके सशस्त्र बलों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर हो रहे परिवर्तनों के अनुसार खुद को ढाल रही है। वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें उन बहादुर सैनिकों को सेवा और सहायता प्रदान करने का अवसर मिला है, जो मातृभूमि के लिए प्राण न्यौछावर करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

# राघव चड्ढा को सुप्रीम कोर्ट की सलाह, राज्यसभा के सभापति से मिल कर बिना शर्त मांगें माफी



**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के निलंबित सांसद राघव चड्ढा को राज्यसभा के सभापति से मिल कर बिना शर्त माफी मांगने की सलाह दी है। इसके बाद उनके निलंबन को खत्म करने का रास्ता निकल सकता है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की इस सलाह पर राघव चड्ढा की ओर से पेश वकील शादान फरासत ने भी सहमति जताई। उसके बाद कोर्ट ने राघव चड्ढा को राज्यसभा के सभापति से मिल कर माफी मांगने को कहा और राज्यसभा के सभापति को सहानुभूति पूर्वक विचार करने को कहा। राघव चड्ढा ने राज्यसभा से अपने निलंबन को चुनौती दी थी। अगस्त में उन्हें निलंबित किया गया था। 5 सांसदों की सहमति के बिना उनका नाम सेलेक्ट कमेटी के लिए प्रस्तावित करने के आरोप में उन्हें निलंबित किया गया था। मामला अभी संसद की विशेषाधिकार कमेटी के पास है।

# जांच एजेंसियों को मजबूर कर रही है केंद्र सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों को मजबूत करने के बजाय मजबूर कर रही है। इन एजेंसियों को विपक्षी नेताओं को परेशान करने के लिए इस्तेमाल कर रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं को परेशान करने के लिए केन्द्र सरकार ने सारी जांच एजेंसियों को विपक्षी नेताओं के पीछे लगा दिया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) सहित अन्य जांच एजेंसियां विपक्षी नेताओं को लगातार परेशान कर रही हैं। खेड़ा ने राजस्थान में ईडी अधिकारी को घूस लेते पकड़े जाने के मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा कि जांच एजेंसियां लगातार अपनी साख खो रही हैं। ईडी अधिकारी को जिस तरह से घूस लेते हुए पकड़ा



गया है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। राजस्थान की एंटी करप्शन ब्यूरो ने अपना काम निर्भीकता से करते हुए जयपुर में ईडी अधिकारियों को रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। खेड़ा ने कहा कि ईडी अधिकारी की गिरफ्तारी को लेकर 'बड़े साहब' ने इमरजेंसी मीटिंग रखी थी कि उनके फ्रंट लाइन वॉरियर्स को असली एजेंसी से कैसे बचाया जाए। भाजपा सरकार निष्पक्ष संस्थाओं को रौंद रही है। यह देश के सामने यह एक गंभीर खतरा है। ईडी, सीबीआई, आईटी ये सभी 'सरकार प्रचारक' हैं। इनको टारगेट दिया जाता है कि विपक्षी नेताओं को डराकर भाजपा में शामिल कराएं। उल्लेखनीय है कि राजस्थान की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने जयपुर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक अधिकारी और उसके साथी को गुरुवार को 15 लाख रुपये घूस लेते हुए गिरफ्तार किया था।

# ईडी ने शिवसेना (यूबीटी) समूह के विधायक रवींद्र वायकर के विरुद्ध मामला दर्ज किया


**मुंबई, (हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने शिवसेना (यूबीटी) समूह के विधायक रवींद्र वायकर के खिलाफ जोगेश्वरी भूखंड घोटाले का मामला दर्ज किया है। इस मामले में बहुत जल्द ईडी की टीम रवींद्र वायकर को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुला सकती है। ईडी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि रवींद्र वायकर के विरुद्ध जोगेश्वरी में मुंबई नगर निगम की जमीन पर एक लक्जरी होटल के कथित निर्माण के संबंध में मामला दर्ज किया गया है। ईडी इस मामले में उन्हें और अन्य आरोपितों को पूछताछ के लिए समन जारी करने वाली है। ईडी की टीम ने मुंबई पुलिस से इस मामले से संबंधित सभी कागजात हासिल कर लिए हैं। दरअसल,भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष किरीट सोमैया ने रवींद्र वायकर पर मुंबई नगर निगम की जमीन पर अवैध तरीके से होटल बनाए जाने की शिकायत संबंधित विभाग में की थी। सौमैया ने यह शिकायत मुंबई पुलिस की आर्थिक



अपराध शाखा और ईडी में भी की है। इसी आधार पर मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच रवींद्र वायकर से पूछताछ कर चुकी है। इसी आधार पर अब ईडी की टीम भी वायकर से छानबीन करने वाली है। रवींद्र वायकर पर जनवरी से जुलाई, 2021 के दौरान मुंबई नगर निगम को गुमराह कर अवैध रूप से होटल बनाने की मंजूरी लेने का आरोप है। इसके बाद वायकर जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड पर स्थित मुंबई नगर निगम की खेलकूद और मनोरंजन के लिए आरक्षित की गई जमीन पर आलीशान होटल अवैध तरीके से बनाने और उसका व्यावसायिक उपयोग करने का भी आरोप है। अब इस मामले की ईडी जांच कर रही है।

# छग विस चुनावः अमित शाह ने भूपेश बघेल को कांग्रेस का प्रीपेड सीएम बताया

**रायपुर, (हि.स.)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को कबीरधाम जिले में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रणवीरपुर में भाजपा की विजय संकल्प महारैली में चुनावी सभा को संबोधित किया। भाजपा प्रत्याशी भावना बोहरा के पक्ष में महारैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कांग्रेस का प्रीपेड सीएम बताया। अमित शाह ने युवाओं से मतदान की अपील करते हुए कहा कि सरकार/विधायक बनाने के लिए नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के भविष्य को संवारने के लिए मतदान करें। आपका वोट नक्सलवाद को खत्म करने और आदिवासी क्षेत्र को विकसित क्षेत्र बनाने के लिए है। उन्होंने कहा कि जिनके मन में अपने



प्रदेश की गरीब जनता की भलाई न हो, जो व्यक्ति अपने प्रदेश की जनता के विकास की जगह अपनी राजनीति का विकास करना चाहता हो वो छत्तीसगढ़ का कभी भला नहीं कर सकता। यह कांग्रेस का बनाया हुआ प्रीपेड सीएम है। अगर गलती से भूपेश बघेल दोबारा मुख्यमंत्री बन गए तो इस प्रीपेड कार्ड को कांग्रेस स्वाइप करके एटीएम से रोज हजारों-करोड़ रुपए निकाल कर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। भाजपा की सरकार बनने पर पाई-पाई का हिसाब लिया जाएगा। करप्शन करने वालों को जेल भेजा जाएगा।

# सेना ने अंडमान और निकोबार द्वीप से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल दागी

**- एक अन्य द्वीप पर रखे गए लक्ष्य पर मिसाइल ने लगाया सटीक निशाना**
**- मिसाइल परीक्षण से दुश्मनों के लिए और अधिक मजबूत हुआ भारत**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय सेना ने अंडमान और निकोबार द्वीप में शुक्रवार को नई रेंज की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया। विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस 450 किलोमीटर तक लक्ष्य को भेद सकती है। यह सफल परीक्षण सेना की ब्रह्मोस मिसाइल रेजिमेंट ने पिन प्वाइंट सटीकता के साथ किया। इसके लिए एक अन्य द्वीप पर लक्ष्य रखा गया था, जिसे मिसाइल ने सटीक निशाना बनाया। इस सफल मिसाइल परीक्षण से भारतीय सेना के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। साथ ही दुश्मनों के लिए भारत और अधिक मजबूत हो गया है। इससे पहले भारतीय सेना ने 10 अक्टूबर को 450 किमी. या उससे अधिक की दूरी पर लक्ष्य को मारने वाली ब्रह्मोस के संस्करण का परीक्षण किया था। आज हुए परीक्षण के लिए अंडमान और निकोबार द्वीप में नो-फ्लाई जोन का सुझाव दिया गया था। भारत के लगातार सफल परीक्षण किये जाने से विरोधियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। दुनिया की सबसे तेज ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के भूमि हमले संस्करण का पहला परीक्षण 24



नवम्बर, 2020 को भारतीय सेना ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से ही किया था।

ब्रह्मोस के लैंड-लॉन्च, शिप-लॉन्च, सबमरीन-लॉन्च एयर-लॉन्च वर्जन की टेस्टिंग हो चुकी है। ब्रह्मोस लैंड-अटैक मिसाइल को चीन के खिलाफ लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में तैनात किया गया है। ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस कुछ सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब एयरबेस में तैनात हैं। भारत और रूस के संयुक्त प्रयास से विकसित की गई ब्रह्मोस अब तक की सबसे आधुनिक प्रक्षेपास्त्र प्रणाली है, जिसने भारत को मिसाइल तकनीक में अग्रणी बना दिया है। ब्रह्मोस मिसाइल की रेंज 290 किमी. से बढ़ाकर 450 किमी. तक कर दी गई है और अब 1,000 किमी. की रेंज बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

# भारत-अमेरिका की 2प्लस2 वार्ता 10 नवंबर को नई दिल्ली में होगी

**- इजराइल-हमास और रूस-यूक्रेन भी एजेंडे में, संघर्ष विराम पर होगी चर्चा**
**- दोनों देशों के रक्षा और विदेश मंत्री सहयोग की चर्चा को और आगे बढ़ाएंगे**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत और अमेरिका के बीच 2प्लस2 वार्ता 10 नवंबर को नई दिल्ली में होगी। वार्ता में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन भी शामिल होंगे। दोनों देशों के बीच रणनीतिक और रक्षा मुद्दों के बारे में उच्च स्तरीय चर्चा के साथ इजराइल और हमास के बीच संघर्ष और यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को भी एजेंडे में रखा गया है। हालांकि, इस 2प्लस2 वार्ता के बारे में भारतीय रक्षा और विदेश मंत्रालय की ओर से अभी कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है लेकिन दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक सचिव डोनाल्ड लू कहते हैं कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन 10 नवंबर को भारत में होंगे। उनके साथ रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन भी शामिल होंगे। वे वार्षिक 2प्लस2 वार्ता के लिए भारत की यात्रा करेंगे। इस संवाद के जरिए दोनों देशों के रक्षा और विदेश मंत्री अपने-अपने समकक्षों के साथ रक्षा और सहयोग की चर्चा को आगे बढ़ाएंगे। दरअसल, अमेरिका और भारत के बीच 2प्लस2 संवाद का मंच 2018 में बनाया गया था। यह दोनों देशों को रणनीतिक और रक्षा मुद्दों के बारे में उच्च स्तरीय चर्चा करने की अनुमति देता है। इसलिए वार्ता के दौरान भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर, विदेश सचिव और अन्य वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के साथ अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

इसी तरह अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन का भारत आना उनकी एशिया यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा सचिव गिरधर अरमाने के साथ 2प्लस2 वार्ता के अन्य बिंदुओं में से एक भारत-प्रशांत को स्वतंत्र, खुला, समृद्ध और सुरक्षित रखने के लिए भारत के साथ सहयोग पर चर्चा की जानी है। इसके अलावा दोनों देशों के नेताओं में उच्च स्तरीय चर्चा के साथ इजराइल और हमास के बीच संघर्ष और यूक्रेन के खिलाफ रूस के




युद्ध को भी बैठक के एजेंडे में रखा गया है। दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक सचिव डोनाल्ड लू का कहना है कि भारत सरकार पहले हमास आतंकवादी हमले की निंदा के पक्ष में थी लेकिन बाद में अमेरिका सहित उन देशों के समूह में शामिल हो गई है, जिन्होंने गाजा में निरंतर मानवीय पहुंच का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि हम भारत के साथ इस संघर्ष को फैलने से रोकने, मध्य पूर्व में स्थिरता बनाए रखने और इसके समाधान को आगे बढ़ाने के लक्ष्य साझा करते हैं। हमारा इरादा भारतीय रक्षा जरूरतों को पूरा करने, वैश्विक सुरक्षा में योगदान देने के लिहाज से विश्व स्तरीय रक्षा उपकरणों का उत्पादन करने के लिए अधिक सहयोग को प्रोत्साहित करना है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन का कहना है कि इजराइल को अपनी रक्षा करने के साथ यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास करना होगा कि जो हुआ, वह दोबारा न हो। कोई भी देश अपने नागरिकों का कत्लेआम बर्दाश्त नहीं करेगा। हम इसके पीछे खड़े हैं लेकिन लोकतंत्र के रूप में अमेरिका और इजराइल की जिम्मेदारी है कि वह इस संघर्ष के रास्ते में फंसे नागरिकों की रक्षा करे। उन्होंने कहा कि हमास निंदनीय, राक्षसी और जानबूझकर पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को मानव ढाल के रूप में उपयोग कर रहा है। ब्लिंकन ने कहा कि हमास अपने लड़ाकों, हथियारों और गोला-बारूद को अस्पतालों, स्कूलों और मस्जिदों के नीचे रखता है। यह अविश्वसनीय रूप से चुनौतीपूर्ण है लेकिन हमें उस जिम्मेदारी को निभाना होगा और हम उन ठोस कदमों के बारे में बात करेंगे, जो गाजा में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को नुकसान कम करने के लिए उठाए जाने चाहिए।

# राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ऐतिहासिक बनाने में जुटेगा संघ परिवार

**-कार्यकारीमण्डल की बैठक में होगा प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर मंथन**

**लखनऊ, (हि.स.)।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरा संघ परिवार जुटेगा। विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में चले राम मंदिर आन्दोलन को देशभर के सभी क्षेत्रों और समाज के सभी वर्गों का समर्थन मिला था। इसलिए प्राण प्रतिष्ठा समारोह से समाज के हर वर्ग और हर घर को जोड़ने पर विचार चल रहा है। इसलिए 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में संघ के कार्यकताओं की क्या भूमिका होगी, पर चर्चा कार्यकारी मण्डल की बैठक में होगी। इसकी पुष्टि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर ने की है।



**गांव-गांव सभाएं करेगा आरएसएस** - राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में घर-घर जाने की योजना बना रहा है। 05 नवम्बर को अयोध्या में बैठक है। इस बैठक में देश के सभी प्रान्तों से दो-दो कार्यकर्ता बुलाए गये हैं। इन कार्यकताओं को राम मंदिर का पूजित अक्षत व हल्दी का कलश दिया जायेगा। इसके बाद 01 जनवरी से 15 जनवरी के बीच देशभर में घर-घर जाकर संघ कार्यकर्ता सम्पर्क करेंगे। प्रत्येक घर में हल्दी अक्षत के साथ, रामलला का चित्र और अयोध्या आने का आमंत्रण देंगे। संघ कार्यकर्ता जिन गांवों में आमंत्रण देने जायेंगे सबसे पहले उस गांव में सभा का आयोजन होगा। सभा के दौरान उपस्थित जनता को राम मंदिर के संघर्ष का इतिहास बताया जायेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकारीमण्डल की तीन दिवसीय बैठक 05 से 07 नवम्बर तक गुजरात के कच्छ में होगी। इस बैठक में शामिल होने के लिए संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले समेत संघ के सभी अखिल भारतीय अधिकारी, सभी क्षेत्र प्रचारक, प्रान्त प्रचारक, सह प्रान्त प्रचारक, प्रान्त कार्यवाह व प्रान्त संघचालक सह समेत प्रमुख पदाधिकारी कच्छ पहुंच चुके हैं। कार्यकारीमण्डल की बैठक से पहले पदाधिकारियों की होने वाली बैठकें भी प्रारम्भ हो चुकी हैं।

**कार्यकारीमण्डल की बैठक में अपेक्षित बदलाव भी संभव** - आगामी लोकसभा चुनाव 2024 व शताब्दी वर्ष को देखते हुए कार्यकारीमण्डल की बैठक में प्रान्त व क्षेत्र स्तर पर अपेक्षित बदलाव भी संभव है। कयास लगाये जा रहे हैं कि चुनाव की दृष्टि से उत्तर प्रदेश सबसे अहम है। इसलिए उत्तर प्रदेश के कुछ प्रान्तों में फेरबदल होने की उम्मीद है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र को लेकर बैठक में कुछ बड़ा निर्णय भी हो सकता है। बैठक में शामिल होने के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश के सभी प्रान्तों के प्रान्त प्रचारक, सह प्रान्त प्रचारक, प्रान्त कार्यवाह व सह प्रान्त कार्यवाह व प्रान्त संघचालक कच्छ पहुंच चुके हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक अनिल अस्वस्थ होने की वजह से बैठक में नहीं पहुंचे हैं।

# यूपी में बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले की दुर्गति तय : योगी


**- मुख्यमंत्री योगी ने बलिया में अपराधियों को चेताया**
**- बांसडीह के पिण्डहरा में 129 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात**



**बलिया, (हि.स.)।** बलिया में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के बेटियों की सुरक्षा में किसी ने सेंध लगाया तो उसे यमराज भी बचा नहीं पाएंगे। उसकी दुर्गति तय है। बांसडीह क्षेत्र के पिण्डहरा में शुक्रवार को आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में 129 करोड़ की 35 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद बोल रहे थे। संसद में पारित महिला आरक्षण बिल को महिलाओं के लिए मील का पत्थर बताते हुए सीएम योगी ने कहा कि अब विधानसभा में भी महिला आरक्षण की सुविधा मिलेगी तो बलिया की महिलाओं को भी इसका लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं की महिला लाभार्थियों से संवाद भी किया। इसके बाद विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि बलिया बलिदानियों की धरती है। यहां की मिट्टी से दुनिया प्रेरणा लेती है।1942 में अपने आप को आजाद करा लिया था। मंगल पांडेय व चित्तू पाण्डेय को नमन करते हुए कहा कि बलिया का चहुमुंखी विकास किया जा रहा। उन्होंने दावा किया कि गाजीपुर और बलिया ने पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के माध्यम से सबसे अच्छी कनेक्टिविटी पायी है। अब तो गंगा में बलिया से होकर जलमार्ग बन रहा है। यहां से सरयू और गंगा में बड़ी बड़ी स्टीमर चलेंगी। इससे किसानों के उत्पादन के लिए बड़े-बड़े मार्केट मिलेंगे। बड़े जलमार्ग बनने से यहां रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने घोषणा किया कि हम सरयू में बलिया से अयोध्या तक इनलैंड वाटर वे को ले जाएंगे। इसका लाभ बलिया समेत पूर्वांचल के अन्य जिलों को भी मिलेगा। इस अवसर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, मंत्री दानिश आजाद अंसारी, सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, सांसद रविन्दर कुशवाहा, विधायक केतकी सिंह, एमएलसी रविशंकर सिंह, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी व जिलाध्यक्ष संजय यादव आदि थे। अध्यक्षता गोरक्ष प्रान्त के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय व संचालन अनीता सहगल वसुंधरा ने किया।

# बस्ती जनपद के सोलह पेट्रोल पम्पों पर होगी कार्रवाई : जिलाधिकारी


**बस्ती, (हि.स.)।** जनपद में बगैर नक्शा पास कराए कई पेट्रोल पम्प धड़ल्ले से चल रहे हैं। दो माह के कंडीशनल एनओसी पर लगातार कई वर्षों तक खेल किया जा रहा है। अब इस पर प्रशासन ने शिकंजा कसा है। जांच में जिले के 16 पेट्रोल पंपों के रिकार्ड दुरुस्त नहीं पाए गए हैं। जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी ने बताया कि ज्यादातर पेट्रोल पम्प संचालक एनओसी देने वाले कई विभागों की आंखों में धूल झोंक रहे हैं। बिना



नक्शा पास कराए पेट्रोल पंप संचालित कर रहे हैं। इन्हें प्रशासन की ओर से नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद इनके निरस्तीकरण की कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि कई पम्पों के रिकार्ड भी दुरुस्त नहीं है। संचालकों ने मनमाने तरीके से मौके पर निर्माण या कई बदलाव तक कर लिए हैं। जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी ने कहा कि 11 पेट्रोल पंपों के मालिकों को चेतावनी दी गई है। उपयुक्त जवाब नहीं मिलने पर पेट्रोल पंपों के लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 16 पेट्रोल पंपों के स्वामियों से एनओसी मांगी गई है। इन सभी पम्पों के सत्यापन भी कराए जा रहे हैं। इस कार्यवाही से पेट्रोल पम्प मालिकों में खलबली मच गई है, अभी तक विभाग की आंखों में धूल-झोंक कर अपना काम चला रहे थे।

# जेएसएससी परीक्षा में गड़बड़ी की जांच और अभ्यर्थियों पर हुई प्राथमिकी वापस ले सरकार : अमर बाउरी

**रांची, (हि.स.)।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने शुक्रवार को नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त परीक्षा में हुई गड़बड़ी की न्यायिक जांच और अभ्यर्थियों पर हुए एफआईआर को भी वापस लेने की मांग की। बाउरी ने कहा कि परीक्षा में त्रुटियों के कारण पांच केंद्र की परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। अमर बाउरी ने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की गलती के कारण बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। यह राज्य की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार झारखंड की नौकरियों को बेचने की कोशिश कर रही है। सिर्फ पांच परीक्षा केंद्रों पर ही गड़बड़ी क्यों हुई। यह एक अति संवेदनशील मामला है। सरकार इस



मामले की न्यायिक जांच करवाये एवं आरोपित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। उल्लेखनीय है कि नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 29 अक्टूबर को रांची, जमशेदपुर और धनबाद के विभिन्न केंद्रों पर ली गयी थी। गड़बड़ी की बात सामने आने के बाद जेएसएससी ने पांच केंद्रों पर ली गयी परीक्षा को रद्द करने का निर्णय लिया था, जिसमें रांची का संत पॉल कॉलेज रांची, संत थॉमस स्कूल, जमशेदपुर का वैली व्यू स्कूल, विद्या भारती चिनम्य विद्यालय और धनबाद का डीएवी पब्लिक स्कूल, अलकुसा शामिल हैं।

# गिरिराज सिंह ने किया बेगूसराय में सीबीजी प्लांट स्थापित करने का अनुरोध

**बेगूसराय, (हि.स.)।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने हरदीप सिंह पुरी के नेतृत्व में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा विभिन्न अभिनव प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संपूर्ण भारत वर्ष बढ़ते ग्लोबल वॉर्मिंग के पर्यावरणीय दुष्प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सभी विभाग अपने-अपने स्तर से कार्य कर रहे हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय भी अपने कार्यक्रमों के माध्यम से यथासंभव निरंतर प्रयासरत है। गिरिराज सिंह ने कहा कि हमारा संसदीय क्षेत्र बेगूसराय-बरौनी, बिहार का सबसे प्रमुख औद्योगिक नगर है। यहां अनेक रिफाइनरी और फर्टिलाइजर सहित बड़े-बड़े उद्योग धंधों के साथ-साथ लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योग धंधे भी संचालित हो रहे हैं। नवीन प्रयोगों के लिए बेगूसराय की भूमि हमेशा से ही काफी उर्वर रही है। बेगूसराय में ओएनजीसी के माध्यम से सीबीजी (कॉम्प्रेसड बायो गैस) प्लांट की स्थापना कराने की मांग की गई है। बरौनी मिल्क यूनियन (डेयरी) के माध्यम से प्लांट के संचालन के लिए आवश्यक गोबर और कचरा आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो जाएगा। इस प्लांट से स्वच्छ एवं हरित उर्जा स्त्रोत के रूप में बायो-गैस का उत्पादन हो सकेगा। गिरिराज सिंह ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना अनुसार आत्मनिर्भर भारत तथा कार्बन न्यूट्रल के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वैश्विक स्तर पर तेजी से अग्रसर मजबूत भारत वर्ष की संकल्पना को बल प्रदान करेगा। इस परिप्रेक्ष्य में हरदीप सिंह पुरी से सीबीजी प्लांट की स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया गया है।

# बिहार के जमुई में रेलवे के ओवरहेड तार में लगी आग, बर्निंग ट्रेन बनने से बची पुरी-जयनगर एक्सप्रेस

**- हावड़ा-दिल्ली रूट पर ट्रेनों का आवागमन ठप**

**पटना (बिहार), (हि.स.)।** राज्य के जमुई जिले में हावड़ा-दिल्ली रूट पर शुक्रवार को बड़ा रेल हादसा होने से टल गया, जिसमें पुरी-जयनगर एक्सप्रेस बर्निंग ट्रेन बनने से बच गई। दरअसल, सुबह हावड़ा-दिल्ली रूट पर सिमुलतला और घोरपड़ान रेलवे स्टेशन के कोटरवा जंगल के पास रेलवे के ओवर हेड तार में आग लग गयी, जिससे तार धू-धू कर जलने लगा। ओवरहेड तार को और प्रभावित करते खंभे के रॉड को तोड़ते हुए ट्रेन आगे जाकर खड़ी हो गई। इस घटना के बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि आग ट्रेन तक नहीं पहुंची। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। ड्राइवर ने ओवरहेड तार में जोर की आवाज और आग की लपेट देखी लेकिन ट्रेन की रफ्तार इतनी तेज थी कि ट्रेन रोक पाना संभव नहीं था। ड्राइवर चाह कर भी ट्रेन को



नहीं रोक सका और ट्रेन ओवरहेड तार को और प्रभावित करते हुए खंभे के रॉड को तोड़कर आगे जाकर खड़ी हो गई। ट्रेन के ड्राइवर आर बेसरा ने सिमुलतला के ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर महेश कुमार को घटना की जानकारी दी। घटना के बाद अप लाइन पर ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया। पाटलिपुत्र एक्सप्रेस सिमुलतला रेलवे स्टेशन पर खड़ी है तो वहीं हावड़ा मोकामा एक्सप्रेस घोरपाड़न स्टेशन के पास खड़ी है। ओवरहेड तार में आग लगने के बाद हावड़ा-नई दिल्ली मुख्य रेल लाइन के जसीडीह-किउल रेलखंड पर अप मेन लाइन में ट्रेनों का आवागमन ठप हो गया है। पिछले 5 घंटे से इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन बाधित है। परिचालन को सामान्य कराने के लिए रेलकर्मी लगातार जुटे हुए है। घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे के अधिकारी जांच में जुट गये हैं। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# "क्रांति तीर्थ" कार्यक्रम की बुंदेलखंड से हुई शुरूआत, पूर्व उप मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**जालौन, (हि.स.)।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद एवम संस्कृति मंत्रालय के द्वारा आजादी की लड़ाई में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले क्रांतिवीरों को नमन करते हुए शुक्रवार को बुंदेलखंड से "क्रांति तीर्थ" कार्यक्रम का दिव्य शुभारम्भ किया गया। राज्यसभा सांसद एवं उप्र के पूर्व उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए पूर्व उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा जालौन के उरई पहुंचे और यहां पर उन्होंने क्रांतिकारियों की भूमि बुंदेलखंड को नमन किया। इसके साथ ही आजादी की लड़ाई में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले क्रान्तिकारियों के परिवारों का सम्मान किया। उरई के जेल रोड स्थित अमन रॉयल गेस्ट हाउस में शुक्रवार को क्रांति तीर्थ कार्यक्रम का भव्यता के साथ शुभारंभ किया गया। यह



कार्यक्रम 40 दिनों तक जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा पहुंचे और दीप प्रज्वलित कर उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद मुख्य वक्ताओं ने मंच के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए और देश की आजादी में प्राण न्यौछावर करने वाले क्रांतिकारो की जीवनी पर प्रकाश डाला। डा. दिनेश शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि बुंदेलखंड के बारे में कहावत है कि 100 बंदी 1 बुंदेलखंडी। अंग्रेजों के समय से बुंदेलखंड की भूमि वीर भूमि रही है।

# झारखंड के सिमडेगा जिला के कोलेबिरा पुलिस स्टेशन में सिपाही ने खुद को गोली से उड़ाया

**सिमडेगा, (हि.स.)।** झारखंड के सिमडेगा जिला के कोलेबिरा पुलिस स्टेशन में सिपाही सत्यजीत कच्छप ने सरकारी इंसास एलएमजी (लाइट मशीन गन) से खुद को गोली मारकर जीवनलीला समाप्त कर ली।यह वारदात गुरुवार रात को है। वह इसी थाने में तैनात था। इस घटना की जांच एसपी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जांच में सहयोग के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। टीम आज ( शुक्रवार) रांची से यहां पहुंचेगी। उधर, यह सामने आया है कि कच्छप ने गुरुवार दिन में हुई कथित रूप से गोलीबारी की घटना से परेशान होकर यह कदम उठाया। गोलीबारी की घटना के संबंध में कहा जा रहा है कि सत्यजीत कच्छप पुतरिटोली बरसलोया सड़क मार्ग से भाड़े की कार से बरसलोया जा रहे थे। लसिया के पास सड़क किनारे खड़े रमेश साहू ओर जितेंद्र साहू (लसिया निवासी) को कार ने टक्कर मार दी।



इसके बाद कार आगे बढ़ गई। कुछ लोगों ने कार पीछा किया और कुछ दूर जाकर रोक लिया। आरोप है कि सत्यजीत ने हवाई फायरिंग कर दी। इससे लोग तितर-बितर हो गए और सत्यजीत कार छोड़कर जंगल की ओर भाग गए। इस घटना की सूचना के बाद कोलेबिरा थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश, इंस्पेक्टर विद्या शंकर और बानो थाना प्रभारी रंजीत कुमार महतो घटनास्थल पर पहुंचे। पूरी जानकारी लेने के बाद सत्यजीत कच्छप को जंगल में खोजा। उसे लेकर थाना पहुंचे। यहां गेट पर सिपाही ने खुद को गोली मार ली। उसकी मौके पर मौत हो गई।

# भाजपा जिला प्रवक्ता की डेंगू से मौत पर पार्टी में शोक, कार्यक्रम स्थगित

**बेगूसराय, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वर्तमान जिला इकाई के प्रवक्ता और पूर्व में दो बार बलिया दक्षिणी मंडल के अध्यक्ष रह चुके ललन राय उर्फ लालो दा के निधन से कार्यकताओं में शोक की लहर फैल गई है। पार्टी के सभी कार्यक्रम तत्काल रद्द कर दिए गए हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह तथा राज्यसभा सदस्य प्रो. राकेश सिन्हा सहित भाजपा के तमाम नेताओं एवं कार्यकताओं ने निधन पर शोक जताते हुए इसे समाज और भाजपा के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में उनके आवास पर पहुंचकर कार्यकताओं ने नमन करते हुए अंतिम विदाई दी। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा के नेतृत्व में लोकसभा संयोजक कृष्ण मोहन पप्पू, जिला महामंत्री कुंदन भारती, सांसद प्रतिनिधि अमरेन्द्र कुमार अमर, जिला प्रभारी विकास सिंह, बबलू सिंह एवं सुनील कुमार सहित अन्य कार्यकताओं ने पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा समर्पित कर नमन किया तथा शव यात्रा में शामिल हुए। वरिष्ठ भाजपा नेता अमरेन्द्र कुमार अमर ने बताया कि केंद्रीय मंत्री सांसद गिरिराज सिंह ने भाजपा प्रवक्ता ललन राय के असामयिक निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि ललन राय एक निष्ठावान, संघर्षशील और जुझारू



कार्यकर्ता थे। जिनका असमय निधन संगठन के लिए बड़ी क्षति है। गिरिराज सिंह आज दिल्ली से आने के बाद उनके परिजनों से मिलने जाएंगे। अमरेन्द्र कुमार अमर ने डेंगू से ललन राय के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा संगठन को गहरा झटका लगा है। भाजपा ने बलिया क्षेत्र में अपना एक मजबूत स्तंभ खो दिया है। जिला प्रशासन से बेगूसराय में डेंगू से बढ़ते मौत एवं मरीज की संख्या को देखते हुए अविलंब ठोस कार्रवाई करें। सभी प्राइवेट अस्पतालों में डेंगू से पीड़ित मरीजों की संख्या का आकलन कर निरोधात्मक उपाय करे। निधन के कारण पार्टी के सभी कार्यक्रम तत्काल रद्द कर दिए गए हैं। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि पार्टी के जिला प्रवक्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा हम सबों के प्रिय ललन जी का असमय देहांत होना बेगूसराय भाजपा के लिए अपूरणीय क्षति है। पूरा भाजपा परिवार मर्माहत है, कैलाशपति मिश्र की पुण्यतिथि पर चार नवम्बर को रतनपुर नटराज वाटिका में होने वाला कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

# सबके जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय सड़क सुरक्षा : दीपक मीणा

**मेरठ, (हि.स.)।** जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सबके जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। हमारा कर्तव्य है कि हम स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए जागरूक हो। रोड सेफ्टी के नियमों का पालन करने के लिए समाज को भी जागरूक करें। इस दौरान सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता रैली को रवाना किया गया। पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार को यातायात माह 2023 कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियम सख्त होने के साथ-साथ आम लोगों में भी नियमों का पालन करने की संस्कृति विकसित हुई है। जिलाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने सभागार में उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा से संबंधित बहुत सारे नियम-कानून बनाए गए हैं। कुछ लोगों की लापरवाही के कारण लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है, इसलिए जरूरत है कि सड़क सुरक्षा नियमों को जानना, उसके प्रति जागरूक रहना तथा नियमों के तहत वाहन चलाना हमारी दिनचर्या में होना चाहिए। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि यातायात माह लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। यह कार्यक्रम सिर्फ औपचारिकता नहीं है बल्कि यह हमारे जीवन से जुड़ा हुआ है। यातायात नियमों का पालन करने से ही हम सुरक्षित रहेंगे। हम यातायात नियमों के प्रति स्वयं सजग रहें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। एसपी यातायात जितेन्द्र श्रीवास्तव ने यातायात माह-2023 की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए 5-ई के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। प्रथम ईः एजूकेशन जिसमें समस्त स्कूलो में यातायात नियमों के बारे में जानकारी देना, दूसरा ईः इनफोर्समेंट जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के विरूद्ध कार्रवाई करना, तीसरा ईः इंजीनियरिंग जिसमें नगर निगम, पीडब्लूडी जैसे विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर ब्लैक स्पॉट को कम करना, चौथा ईः इमरजेन्सी केयर जिसमें स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एम्बुलेंस तथा फर्स्ट एड ट्रेनिंग की व्यवस्था करना, पांचवां ईः एन्वायरमेंट जिसमें ध्वनि तथा वायु प्रदूषण से मुक्ति के लिए कार्रवाई शामिल है। इस अवसर पर एसपी सिटी पीयूष कुमार, आरटीओ हिमेश तिवारी, एआरटीओ कुलदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# हाई कोर्ट में एकल विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्त के लिए पीआईएल दायर

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को राज्य में 7000 से अधिक एकल विद्यालयों में शिक्षकों की अविलंब नियुक्ति और 4000 से अधिक जर्जर सरकारी स्कूलों को ध्वस्त कर नये स्कूलों के निर्माण को लेकर जनहित याचिका दायर की गयी है। आरटीआई कार्यकर्ता पंकज कुमार यादव ने जनहित याचिका दायर कर मांग की है कि झारखंड में सरकारी स्कूलों की खराब व्यवस्था को ठीक करने के लिए सरकारी कर्मी और जनप्रतिनिधियों के बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाना अनिवार्य किया जाये। याचिका में कहा गया है कि झारखंड में सरकारी स्कूलों की व्यवस्था देश के बाकी राज्यों की तुलना में सबसे खराब है। झारखंड की प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों की 50 प्रतिशत सीटें खाली है। माध्यमिक में 42 प्रतिशत और हाई स्कूलों में शिक्षकों की 55 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त हैं। इस परिस्थिति में छात्रों को शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। सरकारी स्कूलों में 15 लाख से अधिक




बच्चे प्रतिदिन अनुपस्थित रहते हैं। यह उदासीनता खराब शिक्षा गुणवत्ता के कारण है। अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं। अब तक डेढ़ लाख विद्यार्थियों को पुस्तकें उपलब्ध नहीं करायी गयी है। याचिका में स्कूलों में शौचालय, प्लेग्राउंड तथा साफ सफाई की कमी का घोर अभाव बताया गया है। किसी भी स्कूल में फायर सेफ्टी इक्विपमेंट नहीं है। साथ ही किसी भी स्कूल में बरसात में वज्रपात से बचने के लिए तड़ित चालक की व्यवस्था नहीं है। आठवीं, नौवीं और दसवीं के विद्यार्थी इंग्लिश, मैथ और साइंस के शिक्षक से बिना पढ़े मैट्रिक परीक्षा पास कर जाते हैं। राज्य में 7000 से अधिक ऐसे स्कूल हैं, जो सिर्फ एक-एक शिक्षक द्वारा संचालित हो रहे हैं। कई विद्यालय ऐसे भी हैं, जहां एक से लेकर पांचवीं तक के विद्यार्थियों को एक कमरे में एक शिक्षक द्वारा एक ही ब्लैक बोर्ड पर पढ़ाया जाता है। याचिकाकर्ता पंकज यादव ने सभी तथ्यों से जुड़े कागजात और एनजीओ की जांच रिपोर्ट एवं विधानसभा में सरकार द्वारा दिये गये जवाब की प्रति (कॉपी) झारखंड हाई कोर्ट को उपलब्ध करायी है।

# बिहार कैबिनेट : चतुर्थ कृषि रोडमैप के लिए 2190 करोड़ की स्वीकृति सहित 35 एजेंडों पर मुहर

**पटना, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना के दूसरे चरण (फेज-2) में इच्छुक किसानों को चतुर्थ कृषि रोड मैप के अंतर्गत पटवन के लिए 2,190 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। आज की बैठक में कुल 35 एजेंडों पर मुहर लगाई गई। कैबिनेट की बैठक की जानकारी देते हुए अपर सचिव एस सिद्धार्थ ने बताया कि बैठक में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के तरफ से बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय 2 उच्च विद्यालय शिक्षक (नियुक्ति, प्रोन्नति, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवाशर्त) (संशोधन) नियमावली-2023 को स्वीकृति दी गई है। साथ ही उद्योग विभाग में बिहार सचिवालय लिपिकीय सेवा अन्तर्गत निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्ति के लिए अनुशंसित अभ्यर्थियों के लिए उद्योग विभाग के अन्तर्गत निम्नवर्गीय लिपिक (वेतन स्तर-02) के 06 (छह) अतिरेक पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में स्वीकृत दी गई है। सिद्धार्थ ने बताया कि शहर से दूर गांवों में इमरजेंसी सेवा की शुरूआत की जा




रही है। 112 नंबर पर कॉल कर आकस्मिक सेवा का लाभ अब मिलेगा। पुलिस, एंबुलेंस और आग लगी की घटना की जानकारी इस इंट्रीग्रेटेड सर्विस मिलेगी। इसको लेकर सरकार 766 करोड़ 31 लाख रुपये खर्च करेगी। इसके साथ अब बिहार में चालक भर्ती की नियमावली बदल दी गई है। प्रदेश में हर विभाग में वाहन चालक की बहाली तकनीकी चयन आयोग करेगा। बिहार वाहन चालक भर्ती एवं सेवा शर्त संशोधन नियमावली-2023 की स्वीकृति दी गई है। सीएम के गृह क्षेत्र बख्तियारपुर को लेकर भी एक अहम फैसले पर बैठक में स्वीकृति दी गई। इसके तहत पटना जिला के बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत गंगा चैनल के दायें तट पर सीढ़ी घाट के निकट पक्का सुरक्षात्मक कार्य एवं कटाव निरोधक कार्य के लिए 56 करोड़ छह लाख रुपये के प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति का प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। बिहार पुलिस प्रयोगशाला के निदेशक डॉ श्याम कुमार सिंह को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है । उनपर अपनी पत्नी की प्रताड़ना का आरोप है। नीतीश कैबिनेट की इस बैठक में जल संसाधन विभाग के 9 एजेंडों पर मुहर लगी है। कैबिनेट ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में लोरिया डिस्टलरी, पश्चिम चंपारण के कर्मियों के बकाया भुगतान को स्वीकृति दी गयी है। हर घर नल जल योजना के अंतर्गत 3393 छूटे हुए टोलो बसावट में पेयजल की व्यवस्था के लिए 1063 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई।



# यह हमारे अस्तित्व की लड़ाई है, इजराइल ने युद्धविराम से किया इनकार; तेल अवीव पहुंचे ब्लिंकन

**तेल अवीव ।**

इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध के बीच इजराइल के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि यह लड़ाई आत्मरक्षा की लड़ाई है और हमास के खत्म होने तक यह जारी रहेगी। इजराइल ने कहा कि अगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो हमास हम पर एक के बाद एक बर्बर हमले करता रहेगा। हमास के एक शीर्ष नेता की धमकी के बाद इजराइल सरकार का यह बयान सामने आया है।

### क्या बोला इजराइली विदेश मंत्रालय

इजराइली विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लियोर हयात ने कहा कि यह हमास के बर्बर हमले के बाद आत्मरक्षा में शुरू हुई लड़ाई है। इजराइल का उद्देश्य गाजा पट्टी से हमास के नियंत्रण को खत्म करना है। हयात ने कहा 7 अक्तूबर को हमने हमास के खिलाफ युद्ध छेड़ा। यह बर्बर हमले के बाद आत्मरक्षा की लड़ाई है। हमास का खात्मा अब हमारे लिए अस्तित्व की लड़ाई है। हयात ने कहा कि अगर हमने ऐसा नहीं किया तो हमास एक के बाद एक नरसंहार की घटनाओं को अंजाम देता रहेगा। ये हम नहीं कह रहे हैं बल्कि हमास के नेतृत्व ने ये बात कही है कि वह 7 अक्तूबर जैसे नरसंहार को अंजाम देते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि हमास के एक शीर्ष नेता ने 7 अक्तूबर को किए गए इजराइल पर हमले की तारीफ की और कहा कि अगर मौका मिला तो वह जब तक इजराइल का सफाया नहीं हो जाता तब तक फिर से ऐसे हमलों को अंजाम देते रहेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमास की राजनीतिक शाखा के सदस्य गाजी हमाद ने एक लेबनानी टेलीविजन चैनल के साथ बातचीत में यह बात कही है। हमाद ने कहा कि इजराइल एक ऐसा देश है, जिसकी हमारी धरती पर कोई जगह नहीं है। हमें इसे खत्म करना होगा क्योंकि यह अरब और इस्लामिक देशों के लिए राजनीतिक, सैन्य और सुरक्षा संबंधी तबाही ला सकता है और हमें इसे कहने में कोई शर्म नहीं है।

हमाद ने कहा कि इजराइल की मौजूदगी अनैतिक और समझ से परे हैं और इसका फलस्तीनी जमीन से सफाया होना जरूरी है। बता दें कि बीती 7 अक्तूबर को करीब तीन हजार हमास आतंकियों ने इजराइल की सीमा में घुसकर हवा, जमीन और समुद्र तीनों तरफ से हमला किया। इस दौरान इजराइल में 1400 के करीब लोग मारे गए और 245 लोगों को बंधक बना लिया गया। इसके बाद इजराइल ने गाजा पट्टी पर हमास के ठिकानों पर बमबारी शुरू की, जिसमें अब तक 9 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुरुषों में घट रही जनन क्षमताः करीब 18 प्रतिशत वयस्क पैदा नहीं कर पा रहे बच्चे, जीवनशैली-बिगड़ता पर्यावरण अहम कारण

**मेलबर्न ।** विश्व स्वास्थ्य संगठन बता रहा है कि छह दशक में दुनिया की सकल प्रजनन दर (टीएफआर)



5.3 से घटकर महज 2.3 बची रह गई है। यानी 1960 में एक महिला अपने जीवनकाल में जहां औसतन 5.3 बच्चों को जन्म दे रही थी, आज 2.3 को ही जन्म दे पा रही है। 2022 में 17.5 प्रतिशत वयस्क बच्चे पैदा नहीं कर पा रहे थे, यानी हर 6 में से एक दंपती। यह संख्या तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि पुरुषों में जनन अक्षमता बढ़ रही है। परिवार में संतान न होने के 35 प्रतिशत मामलों में महिलाओं का बांझपन वजह है, तो 30 प्रतिशत में पुरुषों में जनन अक्षमता। यह अंतर बहुत बड़ा नहीं है, लेकिन महिलाओं में बांझपन पर लंबे समय से व्यापक शोध के चलते इलाज तलाशे गए हैं। वहीं, पुरुषों की जनन अक्षमता पर चर्चा भी दबे-छिपे होती है। मेलबर्न विश्वविद्यालय में डीन व पुरुष प्रजनन स्वास्थ्य पर काम कर रहीं प्रो. मोयरा ओब्रायन के अनुसार पुरुषों में जनन अक्षमता सामान्य समस्या है और पूरी दुनिया में व्याप्त है। पुरुषों में इस पहलू की अनदेखी स्वास्थ्य प्रणाली की विफलता है। जबकि पुरुषों में समस्या की वजह कोई और बीमारी भी हो सकती है। हडसन चिकित्सा शोध संस्थान में चिकित्सक प्रो. रॉबर्ट मैक्लाक्लन बताते हैं कि पुरुष जनन अक्षमता के अधिकतर मामलों में डॉक्टरों को कारण तक पता नहीं चल पाता। उनमें गैमेट कही जाने वाली प्रजनन कोशिकाओं के निर्माण को लेकर विज्ञान के पास बेहद सीमित समझ है। सीमन संरचना में कमी व अन्य कारणों में दिक्कतें आती हैं। समस्या स्वीकारें : जरूरी है कि सभी संबंधित पक्ष इसे एक गंभीर चिकित्सकीय समस्या के रूप में स्वीकारें। यह सुधारों के बिना संभव नहीं है। मानक जांच व्यवस्था बने : जन स्वास्थ्य एजेंसियों को पूरी दुनिया के लिए मानक जांच व्यवस्था बनानी होगी। वैश्विक स्तर पर आंकड़े जुटाने के लिए नेटवर्क भी बनाया जा सकता है। सरकारी दायित्व : सरकार नीतियां बना सकती है। उनके सुरक्षित विकल्पों के लिए शोध करवा सकती है। समाज यह करे : पुरुष जनन अक्षमता को सामान्य समस्या की तरह देखना सीखना होगा। चिकित्सा समुदाय : यूरोलॉजी, इंटरनल मेडिसिन, इंडोक्राइनोलॉजी, आदि सेवाओं से जुड़े विशेषज्ञों व शोधकर्ताओं को प्रशिक्षण देना होगा। समस्या के कारण जीवनशैली से लेकर तेजी से बिगड़ता पर्यावरण तक बताए जाते हैं, लेकिन सटीक वजहें सामने नहीं आई हैं। इसके लिए अक्षमता के विभिन्न प्रकारों को समझना होगा, तभी इलाज भी मिल सकेंगे। इस अक्षमता की अचूक जांच के तरीके आज भी मुहैया नहीं हैं। इस मुद्दे पर लोगों में जागरूकता की भी कमी है।

### अमेरिकी सदन में इजराइल को 14.3 अरब डॉलर की सहायता देने का विधेयक पारित, अब सीनेट में हो रहा विरोध



**वाशिंगटन।** अमेरिका में इजराइल को सहायता देने को लेकर बवाल मच गया है। जहां, अमेरिका के हाउस ऑफ कॉमन्स यानी सदन में इजराइल की सहायता के लिए एक प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं उसके सीनेट में इस विधेयक के खिलाफ जमकर बयानबाजी हुई। अमेरिकी सदन ने हमास के साथ चल रहे युद्ध के बीच इजराइल को 3.14 अरब डॉलर की सहायता देने के लिए एक विधेयक पारित किया। हालांकि, इस कदम के बाद डेमोक्रेटिक सांसदों के साथ टकराव होने की उम्मीद है। हाल ही में, माइक जॉनसन को सीनेट का अध्यक्ष (स्पीकर) नियुक्त किया गया है। सीनेट में बहुमत के नेता चक शूमर ने हाउस जीओपी विधेयक को बहुत ही गलत प्रस्ताव करार दिया है। उन्होंने कहा है कि सीनेट इस पर विचार नहीं करेगी। बता दें, डेमोक्रेट को इस विधेयक पर इसलिए आपत्ति है क्योंकि इसमें यूक्रेन की सहायता के बारे में कुछ नहीं कहा गया है।

### पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की मुश्किलें बढ़ीं, अब अदालत ने पार्क लेन मामले में तलब किया

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पूर्व राष्टपति आसिफ अली जरदारी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस्लामाबाद की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के आरोपों के सिलसिले में उन्हें पेश होने का आदेश दिया है। न्यायाधीश मोहम्मद बशीर ने पूर्व राष्टपति को पार्क लेन मामले में तलब किया है। इससे पहले उन्हें बुधवार को थाट्टा जलापूर्ति भ्रष्टाचार मामले में तलब किया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीडीएम गठबंधन सरकार द्वारा राष्टीय जवाबदेही अध्यादेश (एनएओ) में किए गए संशोधनों के कारण थाटा जल आपूर्ति भ्रष्टाचार मामला जवाबदेही अदालतों से स्थानांतरित किए गए दर्जनों मामलों में से एक था। इन संशोधनों को उच्चतम न्यायालय ने 15 सितंबर को खारिज कर दिया था।

## बेंजामिन नेतन्याहू बोले– जंग चरम पर पहुंची

# अमेरिका की अपील के बावजूद युद्धविराम के लिए तैयार नहीं

**तेल अवीव ।**

इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसके सैनिकों ने गाजा शहर को चारों तरफ से घेर लिया है। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हम इस लड़ाई के चरम पर आ गए हैं और गाजा के बाहरी इलाकों में हमें अच्छी सफलता मिली है और हम अब आगे बढ़ रहे हैं। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने एक बयान में इजराइल हमास के बीच थोड़े समय के लिए युद्ध विराम की अपील की। हालांकि इजराइली सेना के प्रवक्ता ने कहा है कि फिलहाल युद्धविराम की उनकी कोई योजना नहीं है।



### अमेरिका ने गाजा से नागरिकों को निकालने की कोशिशें की तेज

बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने हाल ही में गाजा में कुछ समय के लिए युद्धविराम की अपील की थी ताकि गाजा पट्टी में मानवीय मदद पहुंचाई जा सके और घायलों और विदेशी नागरिकों को राफा क्रॉसिंग से गाजा पट्टी से निकाला जा सके। अमेरिका ने पश्चिम एशिया के अन्य देशों के साथ बातचीत कर गाजा पट्टी से निर्दोष नागरिकों को निकालने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। हालांकि इजराइली सेना ने साफ कर दिया है कि फिलहाल युद्धविराम करने का उनका कोई इरादा नहीं है।

### राफा क्रॉसिंग से लोगों का निकलना जारी

वहीं मिस्त्र के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि राफा क्रॉसिंग खुलने के दूसरे दिन 21 घायल फलस्तीनी नागरिकों, 344 विदेशी नागरिकों, जिनमें 72 बच्चे भी शामिल हैं, उन्हें राफा क्रॉसिंग से निकाला गया। इजराइली सेना ने हमास के कब्जे से अपने बंधक नागरिकों को छुड़ाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। अमेरिका के ड्रोन्स भी लगातार गाजा के ऊपर उड़ान भर रहे हैं ताकि बंधकों की लोकेशन का पता लगाया जा सके। अमेरिका की स्पेशल फोर्सेज द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला एमक्यू-9 रीपर ड्रोन बीते शनिवार को गाजा पट्टी में देखा गया था। इजराइल ने गाजा में जमीनी हमला भी शुरू कर दिया है। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि उनके ड्रोन्स इजराइली सेना के जमीनी हमले में मदद नहीं दे रहे हैं बल्कि हमास के आतंकियों द्वारा अगवा किए गए बंधकों का पता लगाने में जुटे हैं।

### हिजबुल्ला का इजराइल के ठिकानों पर हमले का दावा

वहीं लेबनान स्थित आतंकी संगठन हिजबुल्ला ने दावा किया कि उसने सीमा पर इजराइल के 19 ठिकानों को निशाना बनाया। इजराइल ने गाजा के सबसे बड़े शरणार्थी कैंप जाबालिया शरणार्थी कैंप पर दो दिन में दो बार हमला किया है, जिसमें बड़े पैमाने पर लोग मारे गए हैं। मंगलवार और बुधवार को इजराइली हमले में हमास के दो बड़े नेता भी मारे गए हैं। इजराइल के हमले में अब तक गाजा में 9 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, इनमें 3760 बच्चे भी शामिल हैं।

### विभिन्न देशों के राजदूतों से मिले इजराइली राष्ट्रपति

इजराइली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने थाईलैंड, फिलीपींस, तंजानिया और नेपाल के राजदूतों से मुलाकात की। बता दें कि इन देशों के नागरिकों को हमास के आतंकियों ने मारा और अगवा किया है। इस मुलाकात में इजराइली राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि दूसरे देशों के नागरिकों का इजराइल के समाज और उद्योग जगत में कितना अहम योगदान है। थाईलैंड के राजदूत ने बताया कि हमास के हमले में उनके 23 नागरिक मारे गए हैं और चार अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं 29 थाईलैंड नागरिक हमास के कैद में हैं। साथ ही चार फिलीपींस और चार नेपाली नागरिक हमास के हमले में मारे गए हैं और दो तंजानियाई नागरिक लापता है।

### इजराइल बोला- हमास को खत्म करना उद्देश्य

इजराइल के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि 7 अक्तूबर को हमने हमास के खिलाफ युद्ध का एलान किया था और यह लड़ाई आत्मरक्षा की लड़ाई है। हमारा उद्देश्य हमास का खात्मा करना है क्योंकि अगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो हमास फिर से ऊपर बर्बर हमला कर सकता है। ये हम नहीं कह रहे हैं बल्कि खुद हमास के नेताओं ने कहा है कि वह 7 अक्तूबर जैसे हमले बार-बार करेंगे।

# चीन पर निर्भरता कम करने और भारत जैसे साझेदारों से आयात बढ़ाने पर जोर', अमेरिकी वित्त मंत्री का बयान




**वाशिंगटन ।**

वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने कहा कि अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध है, जो स्वतंत्र और खुला है। साथ ही अमेरिका अपना व्यापार भारत, वियतनाम और मैक्सिको जैसे देशों के साथ बढ़ा रहा है और चीन पर अपनी निर्भरता कम कर रहा है।

### एपीईसी के मंच का करेंगी नेतृत्व

येलेन ने कहा कि वह राष्ट्रपति बाइडन के साथ कैलिफोर्निया में इस महीने के अंत में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) के मंच का नेतृत्व करेंगी। उन्होंने कहा, बाइडन प्रशासन हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति एक ऐसा रुख अपना रहा है, जो संबंधों को आगे बढ़ाएगा और हमारे साथ-साथ दुनिया के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने आगे कहा, अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध है जो स्वतंत्र व खुला, जुड़ा हुआ, समृद्ध, सुरक्षित और लचीला हो। अमेरिका की वित्त मंत्री ने कहा कि बाइडन प्रशासन चुनौतियों से निपटने और अवसरों का लाभ उठाने के लिए काम कर रहा है। इसके अलावा, आर्थिक एकीकरण को गहरा कर रहा है और तकनीकी परिवर्तन का उपयोग कर रहा है। वहीं, वित्त मंत्री ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की आर्थिक रणनीति को प्रदर्शित करने के लिए तीन प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला: व्यापार और निवेश बढ़ाना, आर्थिक लचीलेपन को मजबूत करना और वैश्विक चुनौतियों पर सहयोग करना।

### अमेरिका हिंद-प्रशांत देशों व्यापार

उन्होंने कहा, सबसे पहले बाइडन प्रशासन हिंद-प्रशांत देशों के साथ हमारे व्यापार और निवेश का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिका और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के बीच व्यापार पिछले एक दशक में लगातार बढ़ा है। पिछले साल यह 2.28 अरब डॉलर पर पहुंचा था। महामारी में गिरावट के बावजूद 2019 में इसमें 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। ऑटो पार्ट्स से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स तक के क्षेत्रों में हमारा देश भारत और वियतनाम जैसे प्रमुख भागीदारों के साथ-साथ मैक्सिको से अधिक आयात कर रहा है और चीन पर निर्भरता कम कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे समय की तत्काल वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए हिंद-प्रशांत के साथ आर्थिक जुड़ाव की आवश्यकता है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के लिहाज से अत्यधिक संवेदनशील है।

# स्वदेशी कोरोना वैक्सीन बनने की कहानी से लेकर बौद्ध कला तक, जानिए साहित्यिक महोत्सव में क्या होगा खास

**न्यूयॉर्क ।**

60 से ज्यादा साहित्यिक पुरस्कार विजेता, शीर्ष लेखक और कवि इस महीने न्यूयॉर्क में आयोजित होने वाले आईएएसी साहित्यिक महोत्सव में शिरकत करेंगे। इस दौरान भारत की स्वदेशी कोरोना वैक्सीन बनने की कहानी से लेकर शुरुआती बौद्ध कला पर लिखी गईं किताबों पर चर्चा होगी। बता दें कि सांस्कृतिक संगठन इंडो अमेरिकन आर्ट्स काउंसिल 18-19 नवंबर तक न्यूयॉर्क में साहित्यिक महोत्सव का आयोजन कर रहा है।

### इस साल साहित्यिक महोत्सव में ये हस्तियां हो सकती हैं शामिल

आईएएसी के उपाध्यक्ष राकेश कौल ने बताया कि हमारा मानना है कि आईएएसी सिर्फ शब्दों का जमावड़ा नहीं है बल्कि यह दुनिया का संगम है। यह आवाज, संस्कृति का उत्सव है जो विभिन्न महाद्वीपों को जोड़ता है। साथ ही यह पारंपरिक इंडो अमेरिकन अनुभव भी देता है। इस साल साहित्य महोत्सव के दौरान कई बड़े नाम शामिल होंगे, जिनमें पुलित्जर पुरस्कार विजेता विजय शेषाद्री, नेशनल बुक अवार्ड के फाइनलिस्ट साराह थंकम मैथ्यूज, ग्रैमी नॉमिनेटेड कलाकार चंद्रिका टंडन आदि शामिल हैं।



### कोरोना की स्वदेशी वैक्सीन के बनने पर लिखी किताब भी आकर्षण का केंद्र

आईएएसी साहित्यिक महोत्सव के दौरान मेकिंग ऑफ वैक्सीन- द इनसाइड स्टोरी पर चर्चा की जाएगी। यह किताब मशहूर कार्डियोलॉजिस्ट बलराम भार्गव ने लिखी है और इस किताब में भारत की स्वदेशी वैक्सीन को-वैक्सीन बनने और इसमें आई चुनौतियों का जिक्र किया गया है। इस किताब पर हाल ही में एक फिल्म वैक्सीन वॉर भी बन चुकी है। साल 2023 के आईएएसी के ट्रेल ब्लेजर अवार्ड के विजेता और बिजनेस टायकून जोस थॉमस की आत्मकथा बाय चॉइस और मशहूर कलाकार ऊषा उत्थुप की बायोग्राफी द क्वीन ऑफ इंडियन पॉप पर भी चर्चा की जाएगी।

# इजराइल-हमास युद्ध में रूस के वैगनर ग्रुप की एंट्री! हिजबुल्ला को देगा एयर मिसाइल डिफेंस सिस्टम

**वॉशिंगटन ।**

इजराइल हमास युद्ध को शुरू हुए 28 दिन हो गए हैं, लेकिन अभी भी लड़ाई थमने के आसार नजर नहीं आ रहे। अब एक ऐसी खबर आई है, जिससे आशंका है कि यह लड़ाई और लंबी खिंच सकती है। दरअसल अमेरिका की एक खुफिया रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि रूस का वैगनर ग्रुप लेबनान के आतंकी संगठन हिजबुल्ला को एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की डिलीवरी करने की तैयारी कर रहा है। बता दें कि हिजबुल्ला भी इजराइल पर हमले कर रहा है, ऐसे में इजराइल-हमास और हिजबुल्ला के बीच छिड़ी ये लड़ाई और बढ़ सकती है।

### हिजबुल्ला को मिल सकता है एसए-22 मिसाइल डिफेंस सिस्टम

अमेरिकी मीडिया के अनुसार, अमेरिकी अधिकारी फिलहाल वैगनर ग्रुप और हिजबुल्ला के बीच जारी बातचीत पर निगाह रखे हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वैगनर ग्रुप हिजबुल्ला को एसए-22 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी कर सकता है। यह मिसाइल डिफेंस सिस्टम एंटी एयरक्राफ्ट मिसाइलों और बंदूक की मदद से हवाई हमलों से निपटने में बेहद कारगर है। एसए-22 सिस्टम को पेंटासिर-एस1 के नाम से भी जाना जाता है। इसे



एक ट्रक पर तैनात किया जा सकता है और इस हथियार से आराम से जमीन से हवा में मौजूद एयरक्राफ्ट को निशाना बनाया जा सकता है। वैगनर ग्रुप से यह हथियार मिलने के बाद ईरान समर्थित आतंकी संगठन की इजराइल के हवाई हमले के खिलाफ ताकत में काफी इजाफा हो जाएगा।

### डील के लिए सीरिया में मिले वैगनर और हिजबुल्ला के लोग

लेबनान सीमा पर इजराइल और हिजबुल्ला के बीच लड़ाई बढ़ती जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, अभी हिजबुल्ला को एयर मिसाइल डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी होनी है लेकिन वैगनर और हिजबुल्ला के लोग फिलहाल सीरिया में मौजूद हैं और जल्द ही इस सौदे को लेकर सहमति बन सकती है। अभी तक यह साफ नहीं है कि इस एयर डिफेंस का इस्तेमाल हिजबुल्ला के लड़ाकों द्वारा किया जाएगा या फिर इसे हमास के बचाव के लिए गाजा पट्टी भेजा जाएगा। रूस के अधिकारियों ने इन रिपोर्ट्स पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

# रूसी प्रैंक कॉल से गच्चा खा गई इतालवी पीएम, राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर भड़के विपक्षी

**रोम (इटली) ।**

इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी पर गंभीर आरोप लगे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मेलोनी प्रैंक कॉल से धोखा खा गईं और उन्होंने रूस से आई फोन कॉल पर इटली के राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों पर चर्चा की। रशिया टुडे कि इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद इटली में विपक्षी राजनीतिक दलों ने इतालवी प्रधानमंत्री की कड़ी आलोचना की है।

### हास्य कलाकारों ने खुद को अफ्रीकी राजनेता बताया

खबरों के मुताबिक कुछ रूसी मसखरों ने कथित तौर पर मेलोनी को फोन किया। इनकी पहचान रूसी हास्य कलाकारों वोवन और लेक्सस के रूप में हुई है। दोनों ने इटली के प्रधानमंत्री को फोन करने के बाद खुद को अफ्रीकी राजनेता बताया। फोन पर गच्चा खा गई इतालवी प्रधानमंत्री ने दोनों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों



पर चर्चा की। विपक्षी दल के राजनेताओं ने इस घटनाक्रम के सामने आने के बाद इसकी आलोचना की है।

### प्रैंक कॉल करने वाले ने खुद को अफ्रीकी संघ आयोग का अध्यक्ष बताया

रिपोर्ट के अनुसार, इटली के प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस धोखाधड़ी पर बयान दिया है। प्रैंक कॉल पर राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर बात करने को लेकर पीएम मेलोनी ने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि भ्रामक फोन पर बताया गया कि फोन करने वाले अफ्रीकी संघ आयोग के अध्यक्ष मौसा फाकी हैं।

### पूर्व प्रधानमंत्री ने यूक्रेन और रूस युद्ध पर सवाल खड़े किए

तीन साल तक इटली के प्रधानमंत्री रहे ग्यूसेप कोंटे फाइव स्टार मूवमेंट के कारण भी चर्चित रहे हैं। 2018 से 2021 तक इटली के प्रधानमंत्री रहे कोंटे ने मेलोनी के मामले को बड़ी गलती करार दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ग्यूसेप कोंटे ने कहा, वह बिना किसी समय सीमा के यूक्रेन को हथियार भेज रही है। वह सैन्य वृद्धि को आगे बढ़ा रही हैं, लेकिन वह स्पष्ट रूप से जानती हैं कि बातचीत का रास्ता निकालना जरूरी है, जो दोनों पक्षों के हितों की रक्षा करेगा।

### प्रैंक कॉल के दौरान किन मुद्दों पर हुई बातचीत

खबरों के अनुसार, प्रधानमंत्री मेलोनी ने प्रैंक कॉल के दौरान कहा कि यूक्रेन युद्ध से बहुत थक चुकी थीं और सभी को जल्द ही एहसास होगा कि दोनों पक्षों को स्वीकार्य समाधान की जरूरत है। रूस टुडे के अनुसार मेलोनी ने प्रैंक कॉल पर जिन अन्य विषयों पर बात की उनमें गर्मियों में रूस के खिलाफ जवाबी हमले के दौरान कीव की विफलता, यूरोपीय ऊर्जा सुरक्षा और यूरोपीय संघ में अवैध प्रवासन शामिल रहे। बता दें कि कीव रूसी हमलों के दौरान अपने अधिक क्षेत्र सुरक्षित करने में विफल रहा था।

### गैरजिम्मेदाराना बर्ताव और व्यक्तिगत ब्रांडिंग का आरोप


पूर्व प्रधानमंत्री माटेओ रेन्ज़ी 2010 के दशक में प्रधानमंत्री रह चुके हैं। उन्होंने मेलोनी प्रकरण को इटली के लिए शर्मनाक करार दिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की प्रमुख मेलोनी ने अपनी व्यक्तिगत ब्रांडिंग की। रेन्ज़ी ने आश्चर्य जताया कि प्रैंक कॉल के दौरान बात गैरजिम्मेदारी के इस स्तर तक कैसे जा पहुंची। उन्होंने आगे कहा, मेलोनी को मदद की जरूरत है। उन्होंने इटली की राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा, अगर उनकी टीम का स्तर यह है, तो हम (इटली) उस स्तर पर नहीं हैं जहां हमें होना चाहिए।

### किस खबर के बाद सामने आई प्रैंक कॉल की घटना

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मेलोनी को किए गए प्रैंक कॉल की खबर सामने लाने में रूसी मीडिया की अहम भूमिका है। रूस की सरकार के नियंत्रण वाला मीडिया समूह- रशिया टुडे, अंतरराष्ट्रीय समाचार टेलीविजन नेटवर्क के रूप में मशहूर है।

# राजस्थान विस चुनाव : कांग्रेस की हालत राजस्थान में पाकिस्तानी क्रिकेट टीम जैसी : राजनाथ सिंह

**उदयपुर/राजसमंद (हिंस)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को चुनावी दौरे पर राजस्थान के राजसमंद पहुंचे। वे यहां नाथद्वारा से भाजपा प्रत्याशी कुंवर विश्वराज सिंह तथा राजसमंद प्रत्याशी दीप्ति माहेश्वरी की नामांकन रैली में शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन भी किए। राजसमंद की चुनावी सभा में राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय नेताओं की कथनी और करनी में अंतर होने से जनता का उन पर विश्वास धीरे-धीरे खत्म होता चला गया। विश्वास का यह संकट कांग्रेस ने गहरा किया है। इस खत्म होते विश्वास को चुनौती के तौर पर प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा ने लिया है। उन्होंने कांग्रेस की तुलना वर्ल्ड कप में पाकिस्तानी टीम से भी की और कहा कि ये चुनाव भी वर्ल्ड क्रिकेट कप से कम नहीं है। कांग्रेस की हालत भी राजस्थान में पाकिस्तानी टीम जैसी हो गई है। चुनाव शुरू होते ही कांग्रेस टूर्नामेंट से बाहर होती दिख रही



है। भाजपा भारतीय टीम चैम्पियन की तरह आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के दौरान जो वादे किए थे, वे कितने पूरे हुए, ये सभी जानते हैं। चाहे व्यक्ति हो, संगठन हो या सरकार, ऐसा होनी चाहिए कि जो कहे उसे करे। उसके कहने और करने में फर्क नहीं होना चाहिए। सिंह ने कहा कि राजस्थान में सांप्रदायिक तत्व तांडव कर रहे हैं और आप चैन की नींद सो रहे हैं। यूपी में जाकर देखिए, जरा भी किसी ने इधर-उधर करने की कोशिश की और...जय श्री राम। तुष्टीकरण की राजनीति नहीं होनी चाहिए। जाति-पंथ और मजहब की भी राजनीति नहीं होनी चाहिए। हिंदू-मुस्लिम की भी राजनीति नहीं होनी चाहिए। सिंह ने कांग्रेस पर प्रहार किया कि जयपुर में संप्रदाय विशेष की ओर से सड़क पर मर्डर (रोडरेज) की घटना हो जाती है तो आप 50 लाख और डेयरी का बूथ दे देते हैं। आप उसे देते हैं तो भीलवाड़ा के तापड़िया और चित्तौड़गढ़ के सोनी को भी मिलना चाहिए। इनकी बात आती है तो आपकी जुबान पर दही जम जाता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सत्ताधारी दल के विधायक सुरक्षित नहीं हैं। एक विधायक कहती हैं कि वह खुद सुरक्षित नहीं हैं। जब सत्ताधारी दल की विधायक को डर लगता है तो राजस्थान की बहू-बेटियों का क्या होगा। सिरोही, सांचौर और नागौर की बेटियों के साथ क्या हुआ। इन मामलों में मुख्यमंत्री गहलोत की जुबान क्यों नहीं खुलती। सिंह ने लाल डायरी का भी जिक्र करते हुए कहा कि इन्हीं के एक मंत्री के पास लाल डायरी थी। उसमें भ्रष्टाचार की फेहरिस्त थी। राजनाथ ने चुटकी लेते हुए कहा कि उन्होंने सुना है मोबाइल बांटे जा रहे हैं। गैस सिलेंडर पर छूट दी जा रही है, सस्ती दर पर खाना दिया जा रहा है। सब कुछ हो सकता है, लेकिन राजस्थान की बहादुर जनता के ईमान और नीयत को कोई मां का लाल नहीं खरीद सकता। उन्होंने तंज कसा कि चंद चांदी के सिक्के और बख्शीश देकर, प्रदेश की जनता का ईमान खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। राजस्थान की जनता को खरीदने की कोशिश की जा रही है। रक्षामंत्री सिंह ने कहा कि भारत अब वह भारत नहीं रहा, अब हम धरती तक ही नहीं सीमित हैं, चंद्रमा तक पहुंच गए हैं। कोई माई का लाल हमें आंख नहीं दिखा सकता। हम सीमा पार जाकर जवाब देने में सक्षम हैं। अगर कोई हमारे देश में गोली चलाएगा तो हम उस पर गोला चलाएंगे।

# एफडीए ने पंजाब में छापे मारकर भरे मिठाइयों के सैंपल



**चंडीगढ़ (हिंस)।** त्योहारों के चल रहे सीजन के दौरान दूध व दूध से बनी वस्तुएं और मिठाइयों की शुद्धता को यकीनी बनाने के लिए पंजाब फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन ने दूध उत्पादन इकाईयों, डिस्ट्रीब्यूशन नैटवर्क और रिटेल आउटलेट्स पर निगरानी को और तेज कर दिया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. बलबीर सिंह ने शुक्रवार को कहा कि इस त्योहारों के सीजन के दौरान मिलावटखोरी की समस्या से निपटने और मानक भोजन पदार्थों को यकीनी बनाने के लिए, राज्य भर में विशेष चैकिंग अभ्यान चलाने के लिए अंतर-जिला टीमें तैनात की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह टीमें मिलावट का पता लगाने के लिए इन उत्पादों के नियमित नमूने लेने के साथ-साथ इसकी टेस्टिंग कर रही हैं। इस मुहिम के दौरान अब तक अक्तूबर महीने के दौरान जांच के लिए 934 नमूने लिए गए हैं, जिनमें खोया के 43 नमूने, खोया से बनाई गई मिठाई के 97, रंगदार मिठाई के 92 नमूने, पनीर के 27 नमूने, रंगदार बेकरी आइटम केक के 112 नमूने, चांदी के वर्क वाली मिठाई के 70 नमूने, सूखे मेवे के 104 नमूने और अलग-अलग खाने-पीने वाले पदार्थों के 389 नमूने शामिल हैं। स्टेट फूड लैबारटरी से जांच रिपोर्ट मिलने के उपरांत उल्लंघन करने वालों को अदालत में पेश करके आगे कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के मापदण्डों के साथ समझौता करने वाले दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी और इसके साथ ही आम लोगों को असली उत्पादों की पहचान करने और भोजन में मिलावट सम्बन्धी गतिविधियों की रिपोर्ट करने के बारे जागरूक करने के लिए जन जागरूकता मुहिम चलाई जा रही है। पंजाब फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन के कमिश्नर अभिनव त्रिखा ने दोहराया कि समूचा फूड सेफ्टी विंग पंजाब में खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता के मानक को कायम रखने के लिए वचनबद्ध है।

# ईडी कार्रवाई पर सीएम गहलोत के बयान पर केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का पलटवार



**बीकानेर (हिंस)।** राजस्थान में हो रहे प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई पर बार-बार राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा की जा रही बयानबाजी पर शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल मीडिया के समक्ष पलटवार हुए। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि सीएम संवैधानिक पद पर बैठे हैं। अगर कोई भ्रष्टाचार करेगा तो ईडी कार्रवाई करेगी। अगर जिन्होंने गड़बड़ नहीं की तो ईडी से डर कैसा। बीकानेर पूर्व-पश्चिम से भाजपा प्रत्याशी क्रमशः सिद्धीकुमारी-जेठानंद व्यास के नामांकन दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिस तरह का जनसैलाब आज बीकानेर की सड़कों पर देखने को मिला है ये जनसैलाब गवाह है बीकानेर शहर की दोनों विधानसभा सीटों पर प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलेगा। इस अवसर पर मेयर सुशीला कंवर राजपुरोहित, डिप्टी मेयर राजेंद्र पंवार, पूर्व विधानसभा प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, मुमताज अली भाटी, जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, यूआईटी के पूर्व चेयरमैन महावीर रांका, महामंत्री मोहन सुराणा के साथ काफी संख्या में आमजन व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंजाब के वित्त मंत्री ने 13 सेक्शन अफसरों को नियुक्ति पत्र सौंपे

**चंडीगढ़ (हिंस)।** पंजाब के वित्त, योजना, आबाकारी और कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने शुक्रवार को वित्त और योजना भवन में समागम के दौरान एसएएस परीक्षा पास किए 13 सेक्शन अफसरों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने नौजवानों को अधिक से अधिक रोजगार के मौके मुहैया करवाने के प्रयास शुरू किए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि यह नियुक्तियां कामकाज में और पारदर्शिता लाने और फंडों की लीकेज को रोकने में सहायक होंगी। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों से राज्य का वित्तीय प्रबंधन मजबूत होगा और खजानों के काम में तेजी आने से राज्य के मुलाजिमों और पेंशनरों को और बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। इस मौके पर वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने नव-नियुक्त सेक्शन अफसरों को बधाई दी और उनको अपना काम पूरी ईमानदारी और लगन के साथ करने के लिए प्रेरित किया। इसी दौरान प्रमुख सचिव वित्त अजोय कुमार सिन्हा ने उनको उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए अपने हुनर और योग्यता को अपडेट करते रहने के लिए प्रेरित किया।

# जींद में समस्याओं को लेकर सर्वखाप जनकल्याण मंच ने किया प्रदर्शन

**जींद (हिंस)।** सर्वखाप जन कल्याण मंच ने शुक्रवार को किसानों को पेश आ रही मुश्किलों सहित अन्य सामाजिक समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया और नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारी संगठन कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सर्वजातीय कंडेला खाप व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने कहा कि सरकार इन मांगों को लेकर तुरंत प्रभाव से एक्शन ले, जिसके लिए सरकार को एक माह का समय दिया जाता है। अगर इन मांगों को लेकर सरकार ने कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की तो दिसंबर में कैथल में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुला कर जींद की धरती पांडू पिंडारा में राष्ट्रीय सत्र की एक महापंचायत बुलाई जाएगी। इसमें उत्तरी भारत की सभी खाप पंचायतें सामाजिक संगठन व किसानों से जुड़े सभी संगठन एकत्र होकर एक बड़े आंदोलन की घोषणा करेंगे। उन्होंने हिंदू मैरिज एक्ट में बदलाव, एक गांव में एक गौत्र में शादी पर रोक लगाने, जींद में युवाओं की बेरोजगारी कम करने हेतु



बड़ा औद्योगिक कारखाना लगाने की मांग की, ताकि जिले में 15 हजार युवाओं को रोजगार मिल सके। इसके साथ ही कहा जिला जींद के विकास के लिए हरियाणा सरकार विशेष पैकेज की घोषणा करे। गन्ने का न्यूनतम समर्थन मूल्य 450 रुपए प्रति क्विंटल किया जाए। जींद के मेडिकल कॉलेज में ओपीडी जल्द शुरू की जाए व जींद के लोगों को इसमें नौकरी के अवसर दिए जाएं। यह मांग भी की कि मनरेगा स्कीम को कृषि के साथ जोड़ा जाए, हरियाणा में सफाई मजदूर की संख्या बढ़ाई जाए।

# रिश्वत लेते एसएमओ व बीएएमएस डाक्टर गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (हिंस)।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने शुक्रवार को लुधियाना के कस्बा साहनेवाल के सामुदायिक स्वास्थ्य सेंटर में तैनात एसएमओ डॉ. पूनम गोयल और बीएएमएस डॉ. गौरव जैन को 15 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि दोनों डाक्टरों को गुरु अर्जुन देव नगर निवासी कुलविन्दर सिंह की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। कुलविन्दर ने शिकायत में बताया था कि साहनेवाल में उसकी केमिस्ट की दुकान है, इसलिए उक्त दोनों डाक्टर उससे रिश्वत मांग रहे हैं। उसने बताया कि गौरव जैन दो अन्यों के साथ 26 अक्तूबर को उसकी केमिस्ट की दुकान पर आया और वहां मौजूद उसके भाई को धमकाया।

# भाजपा विधायक के विवादित बयान के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन

**यमुनानगर (हिंस)।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को लेकर उत्तर प्रदेश के लोनी से भाजपा विधायक नंद किशोर के अमर्यादित बयान और एनकाउंटर किए जाने की धमकी के विरोध में शुक्रवार को किसानों ने जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया। शुक्रवार को यमुनानगर के लघु सचिवालय के सामने अनाज मंडी गेट पर किसानों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर प्रदर्शन किया और जिला उपायुक्त के माध्यम से भाजपा विधायक नंदकिशोर के खिलाफ मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के नाम ज्ञापन भेजा। इस मौके पर भाकियू टिकैत जिला प्रधान सुभाष गुर्जर और एडवोकेट साहब सिंह गुर्जर ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि राकेश टिकैत सिर्फ किसानों के ही नही बल्कि आमजन की आवाज है। उनके पीछे सिर्फ किसान ही नहीं, देश का हर गरीब, मजदूर नागरिक खड़ा है। वे हमेशा किसान, गरीब और मजदूर की आवाज को उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के विधायक के ऊपर भाजपा सरकार को लगाम लगानी चाहिए और उसे पार्टी से बर्खास्त किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी इन्हीं विधायक ने जनवरी 2021 को किसान आंदोलन के चलते लोनी बॉर्डर पर किसानों के साथ अभद्रता व मारपीट की कोशिश की थी। जिसमें वे सफल नहीं हो पाए थे। उसके इस नये बयान से ऐसा प्रतीत होता है कि इसकी मानसिकता किसी बड़े काम को अंजाम देने की है। उन्होंने कहा कि भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता पूरे देशभर में किसानों की लड़ाई लड़ रहे हैं और देशभर में उनका आना जाना होता रहता है। उन्हें सुरक्षा मुहैया करानी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके पीछे क्या वजह है। इसको लेकर भी जांच होनी चाहिए और इस पर उचित कार्रवाई होनी चाहिए।

# मेरे ऊपर लगे सारे आरोप बेबुनियाद हैं : एल्विश यादव

**गुरुग्राम (हिंस)।** सांपों का जहर बेचने, सांपों के साथ शूटिंग करने व गैर कानूनी रूप से रेव पार्टी आयोजित करने के मामले में यूट्यूबर एवं बिग बॉस ओटीटी-2 विजेता एल्विश यादव ने अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया। शुक्रवार को एल्विश ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा है कि सुबह उठा तो मैनें देखा कि मेरे खिलाफ न्यूज चल रही हैं। जितने भी आरोप लगे हैं वे बेबुनियाद हैं व सारे फेक हैं। मैं जांच में पुलिस को पूरा सहयोग करने को तैयार हूं। यूपी पुलिस, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध करता हूं कि इसकी जांच कराएं। मेरी एक प्रतिशत भी इसमें भागीदारी मिलती है तो मैं जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। जितने भी इल्जाम हैं, इनसे मेरा कोई लेना-देना नहीं है।

# गुरुग्राम में 121 करोड़ की लागत से बनेगा विश्व का पहला स्वर्ण जगन्नाथ मंदिर

**गुरुग्राम (हिंस)।** मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में विश्व का पहला स्वर्ण जगन्नाथ मंदिर बनेगा। इस पर 121 करोड़ रुपए खर्च होंगे। शुक्रवार को यहां सेक्टर-15 पार्ट-2 में शिलान्यास किया गया। यह दिव्य मंदिर युवाओं में सनातन सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को फैलाने के प्रति श्री श्री जगन्नाथ सेवा संघ की समर्पण भावना का प्रतीक है। मंदिर के शिलान्यास समारोह में भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन सचिव और प्रचारक आरएसएस के श्री सुरेश जैन को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। यह दिव्य पहल सिर्फ पत्थर और सोने का निर्माण नहीं है, बल्कि सनातन मूल्यों और भारतीय नैतिकता की पोषण स्थली भी है, माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जी को मेरा धन्यवाद जिन्होंने गुड़गांव में ऐतिहासिक मंदिर बनाने की अनुमति दी। इस मंदिर के निर्माण में पीके सामल और एपी मलिक के योगदान के लिए हम आभारी हैं उन्होंने कहा। समारोह में



सांसद प्रताप चंद्र सारंगी, दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेज प्रोफेसर बलराम पानी, निवर्तमान मेयर मधु आजाद, धर्मेंद्र सिंह आईएएस, ओडिशा भाजपा के पूर्व राज्य अध्यक्ष समीर मोहंती, प्रिंसिपल कमीशनर ऑफ आईटी दिल्ली प्रफुल्ल कुमार प्रस्ती, नवरतन अग्रवाल बीकानेरवाला के संस्थापक, वैभव शास्त्री (दिवंगत प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते) सहित अन्य गणमान्यों ने भी हिस्सा लिया। आने वाला स्वर्ण जगन्नाथ मंदिर हमारी भक्ति और सांस्कृतिक शान का प्रतीक बनने जा रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। इसकी स्थापना हमारे आध्यात्मिक परिदृश्य को समृद्ध करेगी। श्री जगन्नाथ मंदिर उड़ीसा का प्राण है और इस जगत के नेता है जगन्नाथ। हर जगह, हर दिशा में, लोग जगनाथ के साथ हैं। श्री जगन्नाथ सेवा संघ जगन्नाथ मंदिर के निदेशक पीके सामल ने आज के दिन को ऐतिहासिक बताया। मंदिर के अध्यक्ष एपी मलिक ने भी निर्माणाधीन मंदिर के महत्व और भव्यता पर बताया कि 121 करोड़ रुपए की लागत और 5 साल के समय के साथ यह मंदिर भक्ति और वास्तुकला का उत्कृष्ट स्तंभ होगा। मंदिर के सचिव प्रभाकर सामल ने हरियाणा सरकार के मंदिर निर्माण की स्वीकृति को उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम दर्शन विचार के साथ मेल कराने पर प्रकाश डाला। विश्व के पहले पत्थर और सोने के मंदिर के वादे के साथ स्वर्ण जगन्नाथ मंदिर आने वाले वर्षों के लिए एक महत्वपूर्ण स्मारक बनने के लिए तैयार है।

# आगामी चुनावों में नेकां की जीत ही सभी समस्याओं का समाधान है : रतन लाल गुप्ता

**जम्मू (हिंस)।** अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सामाजिक कार्यकर्ता सीडी शर्मा सेवानिवृत्त प्रिंसिपल आज शेर-ए-कश्मीर भवन जम्मू में नेकां के जम्मू के प्रांतीय अध्यक्ष रतन लाल गुप्ता की उपस्थिति में नेकां में शामिल हुए। सीडी शर्मा का पार्टी में स्वागत करते हुए रतन लाल गुप्ता ने नेशनल कांफ्रेंस को एक जन आंदोलन बताया जो हमेशा जम्मू-कश्मीर के लोगों के उचित हितों के लिए खड़ा रहा है और प्रतिबद्धता की भावना के साथ जम्मू-कश्मीर के विकास और प्रगति के लिए प्रयासरत है। गुप्ता ने आगामी चुनावों में नेशनल कांफ्रेंस की जीत को हर समस्या का समाधान बताया। रतन लाल गुप्ता ने लोगों से नेशनल कांफ्रेंस का समर्थन करने का आग्रह किया क्योंकि उनका मानना है कि यह एकमात्र पार्टी है जो आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए जम्मू-कश्मीर के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है और जम्मू-कश्मीर में शांति और भाईचारा, समान विकास, प्रगति की दिशा में



काम कर सकती है। सीडी शर्मा ने जम्मू-कश्मीर को एक शांतिपूर्ण और प्रगतिशील केंद्रशासित प्रदेश में बदलने के नेशनल कांफ्रेंस के मिशन को समर्पण के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। वह पार्टी में इसलिए शामिल हुए क्योंकि नेशनल कांफ्रेंस एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी है और उन्हें डॉ. फारूक अब्दुल्ला पूर्व मुख्यमंत्री और अध्यक्ष जेकेएनसी और उमर अब्दुल्ला पूर्व मुख्यमंत्री और उपाध्यक्ष जेकेएनसी के नेतृत्व में बहुत भरोसा था।

# 123 वर्ष की उम्र में हुआ पार्वती देवी का निधन

**गुरुग्राम (हिंस)।** तकनीक और आधुनिकता के दौर में जहां इंसानों की औसत उम्र घटती जा रही है, वहीं कार्टरपुरी गांव की रहने वाली पार्वती देवी ने 123 साल की उम्र पार करके सांसारिक जीवन से विदा हो गईं। वे अपने पीछे चार पीढ़ी पार्वती बेटे, बेटियां, पौत्र, पौत्री, पड़पौत्री और सड़पौत्र-पौत्रियों से भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई हैं। 7 जुलाई 1900 में जन्मी पार्वती देवी के बारे में सबसे खास बात तो यह रही कि इस लंबे जीवन के दौरान कभी ज्यादा गंभीर रूप से बीमार नहीं हुईं। परिवार के लोगों ने पार्वती के स्वस्थ जीवन और लंबी आयु का मुख्य कारण गाय का दूध बताया। पार्वती देवी के पुत्र कृष्ण यादव ने बताया कि उनकी माता जी सदा गाय का दूध पीती रहीं, जोकि उनके लिए अमृत के समान था। कृष्ण के अनुसार कुछ दिन पहले उनकी तबियत खराब रहने लगी थी। तब उन्होंने कामधेनू गौशाला में जाकर गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष पूरन यादव और गौसेवक बलजीत यादव से मुलाकात की और उन्हें पार्वती के स्वास्थ्य को लेकर दूध उपलब्ध कराने के बारे में कहा। गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष पूरन यादव ने तुरंत पार्वती देवी के लिए दूध की व्यवस्था की, जिनसे उनकी तबियत फिर से ठीक हो गई थी और उन्होंने खाना-पीना स्वस्थ व्यक्ति की तरह शुरू कर दिया था। पार्वती देवी 123 साल की उम्र में भी देखने और सुनने में सक्षम थी। इसके अलावा उनके मुंह में दोबारा से दांत भी आ गए थे,जो किसी चमत्कार से कम नहीं। एक जुलाई 1900 में गुरुग्राम जिला के गांव बोहड़लां में जन्मी पार्वती देवी का 123 साल की उम्र में 26 अक्तूबर 2023 को निधन हो गया।

# पंजाब के 33 स्कूलों के नाम स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के नाम पर बदले गए : बैंस

**चंडीगढ़ (हिंस)।** पंजाब सरकार ने राज्य के स्वतंत्रता संग्रामियों और शहीद सैनिकों को सम्मान देने के लिए 33 सरकारी स्कूलों के नाम बदले गए हैं। राज्य में सरकारी स्कूलों के नाम स्वतंत्रता संग्रामियों और शहीद सैनिकों के नाम पर रखे जा रहे हैं, जिससे इन हस्तियों की बलिदानों से हमारी आने वाली पीढ़ियों भी अवगत हो सकें। पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने शुक्रवार को बताया कि पंजाब सरकार की तरफ से राज्य के सरकारी स्कूलों के नाम पर रखने का फैसला किया गया था, जिसके अंतर्गत चालू साल के दौरान तीसरे दौर में अब 33 सरकारी स्कूलों के नाम बदले गए हैं। बैंस ने कहा कि जिन सरकारी स्कूलों के नाम बदले गए हैं, उनमें सबसे प्रमुख सरकारी हाई स्कूल, खटकड़ कलां जिला शहीद भगत सिंह नगर का नाम बदल कर शहीद- ए-आजम भगत सिंह सरकारी हाई स्कूल, खटकड़ कलां जिला शहीद भगत सिंह नगर रखा है। इसी तरह सरकारी एलिमेंट्री स्कूल, दरिया मूसा जिला अमृतसर का नाम बदल कर शहीद सुरजीत सिंह सरकारी एलिमेंट्री स्कूल, दरिया मूसा जिला अमृतसर, सरकारी मिडल स्कूल गोन्याना कलां जिला बठिंडा का नाम फ्रीडम फाइटर नरैण सिंह सरकारी मिडल स्कूल गोन्याना कलां जिला बठिंडा, सरकारी मिडल स्कूल बाघा जिला बठिंडा का शहीद सिपाही सेवक सिंह सरकारी हाई स्कूल, बाघा जिला बठिंडा, सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल शेखपुरा जिला बठिंडा का शहीद जगराज सिंह सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल शेखपुरा जिला बठिंडा, सरकारी प्राइमरी स्मार्ट स्कूल, महमूआना जिला फरीदकोट का शहीद सिपाही जसविन्दर सिंह सरकारी प्राइमरी स्मार्ट स्कूल, महमूआना जिला फरीदकोट, सरकारी प्राइमरी स्मार्ट स्कूल, लहरा बेट, जिला फिरोजपुर का फ्रीडम फाइटर गुरबखश सिंह सरकारी प्राइमरी स्मार्ट स्कूल, लहरा बेट, जिला फिरोजपुर, सरकारी प्राइमरी स्कूल, सिद्धपुर, जिला गुरदासपुर का शहीद गनर रणजीत सिंह सरकारी प्राइमरी स्कूल, सिद्धपुर, जिला गुरदासपुर, सरकारी हाई स्कूल, सीड़ां जिला गुरदासपुर का शहीद सिपाही सुखविन्दर सिंह सरकारी हाई स्कूल, सीड़ां जिला गुरदासपुर, सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, मसाणिया, जिला गुरदासपुर का शहीद गनर गुरबाज सिंह सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, मसाणिया, जिला गुरदासपुर, सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, कोटली सूरत मल्ली, जिला गुरदासपुर का शहीद हरविन्दर सिंह सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, कोटली सूरत मल्ली, जिला गुरदासपुर, सरकारी प्राइमरी स्कूल, मुगोवाल जिला होशियारपुर का फ्रीडम फाइटर बाबू मंगू राम सरकारी प्राइमरी स्कूल, मुगोवाल जिला होशियारपुर, सरकारी हाई स्कूल, बुर्ज हरी सिंह, जिला लुधियाना शहीद नायक बूटा सिंह सरकारी हाई स्कूल, बुर्ज हरी सिंह, जिला लुधियाना, सरकारी प्राइमरी स्कूल, चणकोईयां कलां जिला लुधियाना का शहीद हवलदार मनदीप सिंह सरकारी प्राइमरी स्कूल, चणकोईयां कलां जिला लुधियाना, सरकारी हाई स्कूल, कणकवाल चहलां जिला मानसा का फ्रीडम फाइटर प्रसिन्न सिंह सरकारी हाई स्कूल, कणकवाल चहलां जिला मानसा, सरकारी सीनियर सेकंडरी स्मार्ट स्कूल, भैनी बाघा जिला मानसा का फ्रीडम फाइटर कुन्दन सिंह सरकारी सीनियर सेकंडरी स्मार्ट स्कूल, भैनी बाघा जिला मानसा, सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, भादड़ा जिला मानसा का फ्रीडम फाइटर महमा सिंह सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, भादड़ा जिला मानसा, सरकारी हाई स्कूल, कनकटा गुज्जर जिला श्री मुक्तसर साहब का शहीद प्रभजोत सिंह सरकारी हाई स्कूल, बूढ़ा गुज्जर जिला श्री मुक्तसर साहिब, सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, कोट मट्टी जिला पठानकोट का शहीद गौतम सिंह पठानिया सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, कोट मट्टी जिला पठानकोट, सरकारी सीनियर सेकंडरी स्मार्ट स्कूल, करौली जिला पठानकोट का शहीद मघ्घर सिंह सरकारी सीनियर सेकंडरी स्मार्ट स्कूल, करौली जिला पठानकोट, सरकारी हाई स्कूल, नरजू जिला पटियाला का फ्रीडम फाइटर उजागर सिंह सरकारी हाई स्कूल, नरजू जिला पटियाला, सरकारी प्राइमरी स्कूल, बरूवाल जिला रूपनगर का शहीद जसवंत सिंह सरकारी प्राइमरी स्कूल, बरूवाल जिला रूपनगर, सरकारी मिडल स्कूल, बटोली जिला एसएएस नगर का शहीद लांस नायक धर्म सिंह सरकारी मिडल स्कूल, बटोली जिला एस. ए. एस. नगर, सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, गंडीविंड जिला तरन तारन का फ्रीडम फाइटर अच्छर सिंह सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, गंडीविंड जिला तरन तारन और सरकारी एलिमेंट्री स्कूल, वेईं पूईं जिला तरन तारन का नाम बदल कर शहीद सिपाही जसबीर सिंह (सौरिया चक्कर) सरकारी एलिमेंट्री स्कूल, वेईं पूईं जिला तरन तारन किया गया है। इसी तरह सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल करमगढ़, जिला बरनाला का नाम शहीद अमरदीप सिंह सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल करमगढ़, जिला बरनाला, सरकारी हाई स्कूल कैरे, जिला बरनाला का नाम शहीद हवलदार सुखविन्दर सिंह सरकारी हाई स्कूल कैरे, जिला बरनाला, सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल जैतों ( कन्या), जिला फरीदकोट का नाम फ्रीडम फाइटर मास्टर कर दिया राम सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल जैतों ( कन्या), जिला फरीदकोट, सरकारी प्राइमरी स्कूल गोहगड़ों, जिला होशियारपुर का नाम शहीद परमजीत सिंह सरकारी एलिमेंट्री स्कूल गोहगड़ों, जिला होशियारपुर, सरकारी हाई स्कूल गेहले, जिला मानसा का नाम शहीद सिपाही नछत्तर सिंह सरकारी हाई स्कूल गेहले, जिला मानसा और सरकारी हाई स्कूल लोहा खेड़ा, जिला संगरूर का नाम शहीद लांस नायक करनैल सिंह सरकारी हाई स्कूल लोहा खेड़ा, जिला संगरूर रखा गया है। शिक्षा मंत्री ने राज्य के लोगों से अपील की कि यदि वह अपने इलाके के स्कूल का नाम किसी नामी हस्ती के नाम पर रखवाना चाहते हैं, तो शिक्षा विभाग के साथ संपर्क कर सकते हैं।



# एफटीएक्स के सह-संस्थापक सैम बैंकमैन फ्राइड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दोषी करार

**वॉशिंगटन ।**
सैम बैंकमैन फ्राइड को मनी लॉन्डिंग के मामले में दोषी पाया गया है। सैम बैंकमैन क्रिप्टो एक्सचेंज फर्म एफटीएक्स के सह-संस्थापक हैं, जो एक समय दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो एक्सचेंज फर्म थी। न्यूयॉर्क की एक ज्यूरी ने उन्हें निवेशकों और ग्राहकों के साथ 10 अरब डॉलर की धोखाधड़ी का दोषी पाया है। बैंकमैन फ्राइड ने दावा किया कि उन्होंने कोई धोखाधड़ी नहीं की। हालांकि ज्यूरी ने इस दावे को खारिज कर दिया। बता दें कि एफटीएक्स एक साल पहले दिवालिया हो चुकी है।

### बीते साल गिरफ्तार हुए थे बैंकमैन

सैम बैंकमैन फ्राइड के खिलाफ धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले की सुनवाई करीब एक महीन तक चली। सैम बैंकमैन एक समय क्रिप्टो इंडस्ट्री के सबसे बड़े नामों में से एक थे लेकिन अब उनकी कंपनी एफटीएक्स दिवालिया हो चुकी है और वह खुद धोखाधड़ी के मामले में दोषी करार दिए गए हैं। सैम बैंकमैन को बीते साल गिरफ्तार किया गया था। यूएस अटॉर्नी डेमियन विलियम्स ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह घोटाला अमेरिकी इतिहास के सबसे बड़े घोटालों में से एक है। यह अरबों डॉलर की योजना थी, जिसे बैंकमैन को क्रिप्टो इंडस्ट्री का किंग बनाने के लिए डिजाइन किया गया था।

### बैंकमैन ने ऐसे की धोखाधड़ी

बैंकमैन पर आरोप लगा कि उन्होंने निवेशकों और कर्जदाताओं से झूठ बोलकर एफटीएक्स से अरबों डॉलर चुराए और अपनी बदहाल हो रही कंपनी को संभालने में इस पैसे को लगाया। बैंकमैन ने अपनी ट्रेडिंग फर्म अलमेडी रिसर्च के जरिए एफटीएक्स के ग्राहकों के पैसे रिसीव किए और उन पैसों को अलमेडा रिसर्च के कर्जदाताओं को दिया। साथ ही उसने इन पैसों से संपत्ति खरीदी और विभिन्न निवेश किए और राजनीतिक पार्टियों को चंदा दिया। जब बीते साल एफटीएक्स दिवालिया हुई तो उसके अलमेडा पर 8 अरब डॉलर बकाया थे। इस मामले में बैंकमैन के तीन पूर्व सहयोगी और दोस्त भी दोषी पाए गए हैं। बैंकमैन की पूर्व प्रेमिका कैरोलिन एलिसन ने बैंकमैन के खिलाफ गवाही दी ताकि उसकी खुद की सजा कुछ कम हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### राहत पैकेज की दूसरी खेप के लिए पाकिस्तान और आईएमएफ में बातचीत शुरू, 71 करोड़ डॉलर की राशि होनी है जारी




**नई दिल्ली ।** नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने तीन अरब डॉलर के राहत पैकेज की 71 करोड़ डॉलर की दूसरी किस्त जारी करने के लिए बहुप्रतीक्षित ऋण समीक्षा वार्ता शुरू कर दी है। पाकिस्तान के कार्यवाहक वित्त मंत्री डॉ. शमशाद अख्तर और पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मिशन प्रमुख नाथन पोर्टर ने जुलाई में शुरू हुई पहली तिमाही में पाकिस्तान के प्रदर्शन के आधार पर अगली किस्त पर चर्चा करने के लिए दो सप्ताह तक चली वार्ता के शुरुआती दौर में अपने पक्षों का नेतृत्व किया। बैठक के बाद वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पोर्टर ने पहली तिमाही के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की सराहना की, जिसने अगले साल मार्च में पूरा होने वाले नौ महीने के बेलआउट पैकेज के तहत आने वाले सुधारों में गहरी छलांग लगाने के लिए मंच तैयार किया है। मंत्रालय ने कहा कि उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों और उठाए गए कदमों की सराहना की और देश की आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए इन प्रयासों को जारी रखने के महत्व को रेखांकित किया। पोर्टर ने पाकिस्तानी अधिकारियों से अगले आम चुनावों और विशेष निवेश सुविधा परिषद के कामकाज के बारे में पूछताछ की। ये दो सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिन्होंने देश के राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य को प्रभावित किया है। आईएमएफ-पाकिस्तान की बैठक के शुरुआती सत्र के कुछ घंटों बाद, यह घोषणा की गई कि पाकिस्तान के आम चुनाव 8 फरवरी को होंगे, जिससे नकदी संकट से जूझ रहे देश में बहुप्रतीक्षित चुनावों पर अनिश्चितता समाप्त हो गई। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर चुनाव आयोग के अधिकारियों ने राष्ट्रपति आरिफ अल्वी से मुलाकात की जिसके बाद यह घोषणा की गई। चुनाव की तारीख पर स्पष्टता वार्ता के दौरान वित्त मंत्रालय के हाथ मजबूत करेगी, हालांकि आईएमएफ ने स्पष्ट रूप से ऐसी कोई शर्त नहीं रखी है।

### भाजपा सरकार बनी तो एक लाख पहुंचेगा सेंसेक्स, उभरते बाजारों के प्रमुख निवेशक मोबियस ने कही यह बात

**नई दिल्ली ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार अगर तीसरी बार सत्ता में आती है तो बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स पांच साल में या उससे पहले एक लाख के स्तर पर पहुंच सकता है।उभरते बाजारों के प्रमुख निवेशक मार्क मोबियस ने यह अनुमान जताया है। सेंसेक्स अभी 64,000 के आसपास है।मौजूदा स्तर से सेंसेक्स में करीब 60 फीसदी की तेजी आ सकती है। मोबियस ने कहा, वैश्विक स्तर पर तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत निवेशकों के लिए सबसे सुरक्षित निवेश गंतव्य है। मोबियस ने एक कार्यक्रम में कहा, भारत अवसर और नवाचार के लिए पसंदीदा जगह है। भारत का आशावाद स्थिर सरकार और 27 वर्ष की औसत आयु वाले युवाओं से प्रेरित है। कंपनियों के चीन से दूर जाने से भारत को बड़ा लाभ हो सकता है। उन्होंने कहा, वैश्विक चिंताओं के बावजूद भारतीय बाजार बढ़ता रहेगा। बाजार में सुधार और मंदी अपरिहार्य है क्योंकि ये चिंता का स्रोत नहीं बल्कि अवसर हैं। घरेलू शेयर बाजारों में दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट बृहस्पतिवार को थम गई।अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर यथावत रखने के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू शेयर बाजारों में रौनक लौटी। सेंसेक्स 489.57 अंक उछलकर 64,080.90 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में एक समय यह 611.31 अंक तक उछल गया था। निफ्टी 144.10 अंक की बढ़त के साथ 19,133.25 पर बंद हुआ। बाजार में तेजी से बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 3.02 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 313.24 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में 28 के शेयर हरे निशान में बंद हुए।इंडसइंड बैंक सबसे ज्यादा 2.04 फीसदी लाभ में। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्केई, हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहा। चीन के शंघाई कम्पोजिट में गिरावट।



ढाई साल के शीर्ष पर पहुंची बेरोजगारी दर

# ग्रामीण इलाकों में सबसे अधिक नौकरी की मार, शहरों का हाल बेहतर

**नई दिल्ली ।**
आर्थिक और कारोबारी गतिविधियों में तेजी के बावजूद देश में बेरोजगारी दर मासिक आधार पर अक्तूबर, 2023 में बढ़कर करीब 2.5 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र की बड़ी भूमिका रही है, जहां एक महीने में बेरोजगारी दर में 4.62 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है।

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, अखिल भारतीय स्तर पर बेरोजगारी दर अक्तूबर में बढ़कर 10.05 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई। बेरोजगारी दर का यह आंकड़ा मई, 2021 के बाद सबसे ज्यादा है। सितंबर, 2023 में यह दर 7.09 फीसदी रही थी।

आंकड़ों के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर पिछले महीने तेजी से बढ़कर 10.82 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई। सितंबर में ग्रामीण बेरोजगारी की दर 6.2 फीसदी रही थी। इस दौरान शहरी बेरोजगारी मामूली घटकर 8.44 फीसदी पर आ गई। सीएमआईई का यह ताजा आंकड़ा 1.70 लाख से अधिक परिवारों के मासिक सर्वे पर आधारित है।

### गांवों में इसलिए बढ़ गया संकट

सीएमआईई का कहना है कि इस साल मानसूनी बारिश पिछले पांच साल में सबसे कमजोर रही। इसका असर दुनिया में चावल, गेहूं और चीनी के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक देश के कृषि उत्पादन पर पड़ रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार प्रभावित हो रहा है। हालांकि, शहरी क्षेत्रों में विनिर्माण और खपत बढ़ने के साथ आर्थिक गतिविधियां अपेक्षाकृत मजबूत रही हैं। देश के बड़े हिस्से में मानसून की अच्छी बारिश नहीं होने के बावजूद चालू फसल वर्ष 2022-23 के लिए खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य 32.8 करोड़ टन रखा गया है।

### विकास दर सबसे तेज, पर नौकरियों के लिए नाकाफी

वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितताओं के बीच विभिन्न संकेतक बता रहे हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था




मजबूत बनी हुई है। 2023 और 2024 में घरेलू जीडीपी की रफ्तार 6 फीसदी से अधिक रहेगी, जो दुनिया की अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले सबसे तेज है। हालांकि, यह रफ्तार अब भी इतनी तेज नहीं है कि लाखों लोगों के लिए नौकरियां पैदा कर सके। संगठन के आंकड़ों से पता चलता है कि अक्तूबर में करीब एक करोड़ लोगों ने कुछ काम पाने की उम्मीद में नौकरी बाजार में प्रवेश किया।

### 3.2 फीसदी रही थी बेरोजगारी दर पिछले वित्त वर्ष के दौरान

हाल ही में सरकार की ओर से अक्तूबर में जारी आंकड़ों के मुताबिक, 2022-23 में देश में बेरोजगारी दर 3.2 फीसदी रही थी। हालांकि, सरकार सिर्फ देशव्यापी व शहरी बेरोजगारी के आंकड़े ही हर तिमाही में एक बार जारी करती है।

## सरकार ने 50 साल के बॉन्ड के जरिए जुटाए 10 हजार करोड़




**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक विज्ञप्ति में बताया है कि उसने साप्ताहिक बॉन्ड नीलामी के दौरान 2073 में परिपक्व होने वाली नई सरकारी प्रतिभूति पर 7.46 प्रतिशत की कूपन दर तय की है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस बांड के जरिये सरकार ने 10,000 करोड़ रुपये जुटाए। केंद्र ने उधारी कैलेंडर की दूसरी छमाही में पहली बार लंबी अवधि की प्रतिभूतियों की मांग के कारण 50 साल की प्रतिभूति की घोषणा की थी। वित्त मंत्रालय ने 26 सितंबर को एक बयान में कहा, लंबी अवधि की प्रतिभूतियों के लिए बाजार की मांग को देखते हुए पहली बार 50 साल की प्रतिभूति जारी की जाएगी। पहले सरकार की ओर से 40 साल तक की परिपक्वता वाले बॉन्ड जारी होते थे अब तक सरकार 40 साल तक की परिपक्वता वाले बॉन्ड जारी करती रही है। वित्त मंत्रालय ने कहा था कि केंद्र 2023-24 की दूसरी छमाही में सरकारी प्रतिभूतियां जारी करके 6.55 लाख करोड़ रुपये उधार लेगा, 20,000 करोड़ रुपये के ग्रीन बॉन्ड कार्यक्रम भी इसका हिस्सा होंगे। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में केंद्र के पूरे साल के सकल उधारी कार्यक्रम के सकल आधार पर रिकॉर्ड 15.43 लाख करोड़ रुपये और शुद्ध रूप से 11.8 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया गया था। आरबीआई हर हफ्ते नीलामी के माध्यम से बॉन्ड जारी करके सरकार की ओर से उधार कार्यक्रम का प्रबंधन करता है। 3 नवंबर को साप्ताहिक बॉन्ड नीलामी के दौरान, आरबीआई ने 10 साल के बेंचमार्क 7.18 प्रतिशत 2033 प्रतिशत बॉन्ड पर 7.3145 प्रतिशत की कट-ऑफ पर अंतर्निहित यील्ड निर्धारित की और 13,000 करोड़ रुपये जुटाए। इसी तरह, 7.37 प्रतिशत 2028 बॉन्ड पर 7.2909 की अंतर्निहित यील्ड पर 7000 करोड़ रुपये जुटाए गए।

# सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अक्तूबर में सात महीने के निचले स्तर पर



**नई दिल्ली ।**
प्रतिस्पर्धी परिस्थितियों और कीमतों के दबाव के बीच उत्पादन और नए कारोबार में नरम वृद्धि से देश में सेवा क्षेत्र की वद्धि दर अक्टूबर में गिरकर सात महीने के निचले स्तर पर आ गई। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अक्टूबर में गिरकर 58.4 पर आ गया, जो सितंबर में 13 साल के उच्च स्तर 61 पर था, यह मार्च के बाद से विस्तार की सबसे धीमी दर का संकेत है।

परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का सूचकांक विस्तार को दर्शाता है जबकि 50 से नीचे का स्कोर संकुचन को दर्शाता है। यह सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों के पैनल को भेजी गई प्रश्नावली के जवाब से तैयार किया गया है। एसऐंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की इकनॉमिक्स असोसिएट डायरेक्टर पॉलियाना डी लीमा ने कहा, कई कंपनियां नए कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने में कामयाब रहीं, लेकिन कुछ ने अपनी सर्विसेज की डिमांड कम होने और कॉम्पिटिटिव कंडीशन का जिक्र किया। अक्टूबर के आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर 2014 में श्रृंखला शुरू होने के बाद से भारतीय सेवा कंपनियों को दिए गए अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर में दूसरी सबसे तेज वृद्धि हुई है। सर्वेक्षण के सदस्यों ने एशिया, यूरोप और अमेरिका में ग्राहकों से लाभ का उल्लेख किया। लीमा ने कहा, अक्टूबर में निर्यात विशेष मजबूती वाला क्षेत्र रहा और एशिया, यूरोप और अमेरिका से नए कारोबारी लाभ से वृद्धि दर नौ साल के इतिहास में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। कीमत के मोर्चे पर, भारत में सेवा कंपनियों ने अक्टूबर में अपने खर्चों में वृद्धि की, जिसके लिए उन्होंने उच्च भोजन, ईंधन और कर्मचारियों पर खर्च को जिम्मेदार ठहराया। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि सर्वेक्षण में भाग लेने वालों ने इन अतिरिक्त लागत बोझ को ग्राहकों पर डाल दिया, लेकिन शुल्क में वृद्धि बिक्री वृद्धि में गिरावट का कारण हो सकती है। इसके अलावा अक्टूबर में मुद्रास्फीति बढ़ने से कारोबारी विश्वास भी प्रभावित हुआ।

# सोना 61 हजार और चांदी 71 हजार

**नई दिल्ली ।**

**वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं के मिलेजुले रुख के चलते शुक्रवार को घरेलू बाजार में सोने और चांदी की वायदा कीमतों में सुस्ती देखने को मिल रही है। चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले, जबकि सोने के वायदा भाव सपाट स्तर पर खुले।**



सोने के वायदा भाव 61 हजार के लगभग और चांदी के 71 हजार रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव भाव पर ही खुले। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 60,911 रुपये के भाव पर खुला, पिछला बंद भाव भी यही था। फिलहाल यह कॉन्ट्रेक्ट 6 रुपये की गिरावट के साथ 60,905 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। मई महीने में सोने के वायदा भाव ने 61,845 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 230 रुपये की गिरावट के साथ 71,170 रुपये के भाव पर खुला। फिलहाल यह कॉनट्रेक्ट 116 रुपये की गिरावट के साथ 71,284 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर सोना 1993.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव भी 1993.50 डॉलर था। फिलहाल यह 0.20 डॉलर की तेजी के साथ 1993.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 22.87 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 22.84 डॉलर था। फिलहाल यह 0.02 डॉलर की गिरावट के साथ 22.82 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# अमेजन ने पहले कर्मचारियों को निकाला, अब फिर बुला रही वापस

**नई दिल्ली ।**

**अमेजन ने बड़ी हजारों की संख्या में कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। अब कंपनी कुछ कर्मचारियों को फिर से काम पर बुला रही है। एक कर्मचारी से तो कंपनी चार बार वापस नौकरी करने की गुहार लगा चुकी है परंतु, इस पूर्व कर्मचारी ने अमेजान में नौकरी न करने प्रण ले लिया है। उसका कहना है कि अमेजन ने उसकी कड़ी मेहनत को नजरअंदाज कर बहुत ही अभद्र तरीके से बाहर किया था। उसे अब ऐसी कंपनी में दोबारा काम नहीं करना।**




एक रिपोर्ट के अनुसार अमेजन के पूर्व कारोबारी विश्लेषक ने कहा कि जनवरी 2023 में एक दिन उसे एक ई-मेल मिला जिसमें लिखा था कि अब उसकी कंपनी को कोई जरूरत नहीं है। उसका पद समाप्त कर दिया गया है। कंपनी उसे दो महीने की तनख्वाह देकर नौकरी से निकाल रही है। उसका कहना है कि कर्मचारियों की लेऑफ से दो महीने पहले कंपनी ने एक फॉर्म भरने को कहा जिसमें कर्मचारी द्वारा किए गए काम, कर्मचारियों के पास कंपनी की मौजूद चीजों और आने वाले वर्षों में उनके द्वारा पूरे किए जाने वाले प्रोजेक्ट्स की जानकारियां मांगी गई थी। यहां ही सबसे बड़ा घपला हुआ। उसने जैसे ही वह डॉक्यूमेंट भरकर शेयर किया तो दूसरे लोगों ने उसको एडिट कर दिया। उसके द्वारा किए गए काम और प्रोजेक्ट्स पर उन्होंने अपना दावा कर दिया। जो काम उसने किया था, उसे दूसरे लोगों ने अपना बता दिया। इतना सब होने पर भी कंपनी में किसी ने कुछ नहीं किया। मैनेजमेंट ने आश्वासन दिया की यह चिंता करने लायक मसला नहीं है।

# वित्त मंत्री ने श्रीलंका में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा का किया उद्घाटन, कही ये बात

**नई दिल्ली ।**

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने श्रीलंका के पूर्वी बंदरगाह शहर त्रिंकोमाली का दौरा किया जहां उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक की एक शाखा की शुरुआत की और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में कंपनियों की मदद करने में उसकी भूमिका की सराहना की। तीन दिवसीय यात्रा पर श्रीलंका गईं सीतारमण त्रिंकोमाली में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा का उद्घाटन करने से पहले इस बहुजातीय शहर में मुख्य हिंदू मंदिर पहुंची। उद्घाटन के अवसर पर पूर्वी प्रांत के गवर्नर सेंथिल थोंडमन, श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त गोपाल बागले और एसबीआई के अध्यक्ष दिनेश खारा भी उपस्थित थे।**



शाखा का उद्घाटन करने के बाद सीतारमण ने सराहना करते हुए कहा कि एसबीआई, अपनी 159 वर्षों की महत्वपूर्ण उपस्थिति के साथ, श्रीलंका का सबसे पुराना बैंक है और देश और विदेश में अपने व्यवसाय को बढ़ा रहा है। श्रीलंका के आर्थिक संकट के दौरान, श्रीलंका में एसबीआई की उपस्थिति ने भारत द्वारा श्रीलंका को 1 बिलियन अमरीकी डालर की लाइन ऑफ क्रेडिट के सुचारू विस्तार का मार्ग प्रशस्त किया।

इसके अलावा, एसबीआई श्रीलंका अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में कॉर्पोरेट्स का समर्थन करके एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। श्रीलंका में एसबीआई इन-ब्रांच ऑपरेशंस के अलावा एसबीआई श्रीलंका योनो ऐप और ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से एक मजबूत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रेषण को बढ़ाना जारी रखता है। सीतारमण ने बाद में बंदरगाह शहर में लंका इंडियन ऑयल कंपनी परिसर का भी दौरा किया। सीतारमण के श्रीलंका दौरे के साथ ही दोनों देशों ने आर्थिक और प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते (ईटीसीए) के 12 वें दौर की भी चर्चा की, जो 2018 से रुका हुआ था। जुलाई के अंत में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की दिल्ली यात्रा के बाद 30 अक्टूबर से एक नवंबर तक यह वार्ता हुई। विक्रमसिंघे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने पर सहमत हुए थे। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि 12 वें दौर में वस्तुओं, सेवाओं, उत्पत्ति के नियमों, व्यापार उपचार, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं और व्यापार सुविधा, व्यापार के लिए तकनीकी बाधाओं और कई विषयों को शामिल किया गया। 19 सदस्यीय भारतीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारत के वाणिज्य और उद्योग विभाग के मुख्य वार्ताकार और संयुक्त सचिव अनंत स्वरूप ने किया।

### भारत ने श्रीलंका को दिया ये आश्वासन

भारत ने श्रीलंका को आश्वासन दिया कि वह कर्ज पुनर्गठन पर विचार-विमर्श के लिए श्रीलंका के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा और आर्थिक सुधार के लिए समर्थन देगा। भारतीय मूल के तमिलों (आईओटी) के आगमन की 200वीं वर्षगांठ मनाने के लिए श्रीलंका सरकार की ओर से आयोजित एनएएएम 200 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत ने पिछले साल 4 अरब डॉलर से अधिक की अभूतपूर्व वित्तीय सहायता प्रदान की जब द्वीपीय राष्ट्र वित्तीय संकट का सामना कर रहा था। उन्होंने कहा, जब श्रीलंका ने एक साल पहले अपने अभूतपूर्व आर्थिक संकट का सामना किया था, तो हमने महसूस किया था कि श्रीलंका में अपने दोस्तों के साथ खड़े रहना हमारा कर्तव्य है। हम श्रीलंका में हमारे मित्रों को होने वाली कठिनाइयों को सहन नहीं कर सके। हमारी सरकार और भारत के लोगों ने मिलकर काम किया और रिकॉर्ड समय में आपकी मदद के लिए आगे आए।


# प्राइम वीडियो ने किया ईशान खट्टर की फिल्म पिप्पा का वर्ल्डवाइड प्रीमियर




प्राइम वीडियो ने फिल्म पिप्पा के एंटरटेनिंग ट्रेलर के साथ इसके डायरेक्ट-टू-स्ट्रीमिंग प्रीमियर की घोषणा भी की है, जो इस दिवाली 10 नवंबर को लॉन्च होगी यह फिल्म इतिहास के एक ऐतिहासिक पलों की रोमांचक कहानी है - 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान गरीबपुर की लड़ाई, यह बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा था। आरएसवीपी और सिद्धार्थ रॉय कपूर की रॉय कपूर फिल्म्स के बैनर तले रोनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित और राजा कृष्ण मेनन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में ईशान रियल लाइफ वॉर हीरो कैप्टन बलराम सिंह मेहता का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में उनके साथ मृणाल ठाकुर, प्रियांशु पेन्युली और सोनी राजदान भी अहम भूमिकाओं में। ब्रिगेडियर बलराम सिंह मेहता की द बर्निंग चाफीज पर आधारित यह फि ल्म मेनन, तन्मय मोहन और रविंदर रंधावा द्वारा लिखी गई हैं। फिल्म का म्यूजिक दिग्गज ए.आर. रहमान ने दिया हैं, जो देशभक्ति और बलिदान की इस कहानी को एक मौहाल देता है। पिप्पा का प्रीमियर विशेष रूप से भारत और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में प्राइम वीडियो पर होने वाला है। इस फिल्म को इसका नाम एम्फीबियस वॉर टैंक पीटी-76 (पलावुशी टैंका) से मिला है, जिसे पिप्पा के नाम से जाना जाता था, जो घी के एक खाली डिब्बे की तरह आसानी से पानी पर तैरता है। यह फिल्म देशभक्ति और वीरता की कहानी बताती है, और 45 कैवेलरी टैंक स्क्वाड्रन के कैप्टन बलराम मेहता (ईशान द्वारा अभिनीत) की खोज करती है। इसका ट्रेलर हमें उस समय में वापस ले जाता है, जब भारत ने पूर्वी मोर्चे पर गरीबपुर की लड़ाई लड़ी थी। मिशन के दौरान उनके लीडर के निधन के बाद कैप्टन बलराम सिंह मेहता ने स्क्वाड्रन की कमान संभाली।

अपने भाई-बहनों के साथ, वह युद्ध में फ्रंटलाइन पर थे और भारत की जीत की खोज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वॉर के इस नारे के साथ कि हम सैनिकों की तरह लड़ते हैं, सैनिकों की तरह मारते हैं, और सैनिकों की तरह मरते हैं काम करते हुए, भारतीय सेनाओं ने अपना सब कुछ दे दिया, जिससे बांग्लादेश की मुक्ति हुई। इस पर प्राइम वीडियो इंडिया के कंटेंट लाइसेंसिंग निदेशक मनीष मेंघानी ने कहा, ह्लआज दर्शक ऐसी फि ल्में देखना चाहते हैं जो न केवल आकर्षक और रिलेटेबल हों, बल्कि ऐसी कहानियां भी हों जिनकी जड़ें भारत में हों। पिप्पा वास्तविक जीवन की घटनाओं की एक बेहतरीन रिटेलिंग है जिसने इतिहास बदल दिया। उन्होंने कहा, ह्लएक शैली के रूप में युद्ध की कहानियां यूनिवर्सल अपील रखती हैं। पिप्पा एक जबरदस्त नरेशन है, वॉर हीरो ब्रिगेडियर बलराम सिंह मेहता की सच्ची कहानी पर आधारित, जिसे राजा मेनन ने कुशलतापूर्वक जीवंत किया है। हम भारत के साथ-साथ दुनिया भर के 240 देशों और क्षेत्रों में अपने दर्शकों के लिए इस गहन, दमदार और रोमांचकारी वॉर टाइम कहानी को पेश करने के लिए पहली बार रोनी स्क्रूवाला और सिद्धार्थ रॉय कपूर के साथ सहयोग करके खुश हैं। मुझे विश्वास है कि पिप्पा युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का काम करेगी। सिद्धार्थ रॉय कपूर ने कहा, पिप्पा 1971 के भारत-पाक युद्ध का एक आकर्षक विवरण है जिसके कारण बांग्लादेश को आजादी मिली, जिसे ब्रिगेडियर बलराम मेहता की नजरों से बताया गया है। ईशान, मृणाल, प्रियांशु और सोनी ने अपने किरदारों को बखूबी निभाया है और हमारा मानना है कि वॉर में सबसे आगे खड़े एक पूरे परिवार की इस उल्लेखनीय कहानी से दर्शक गहराई से प्रभावित होंगे। हम इस बात से खुश हैं कि, प्राइम वीडियो की पहुंच के माध्यम से, हम इस खूबसूरत कहानी को न केवल अपने देश के भीतर, बल्कि दुनिया भर के दर्शकों तक ले जाने में सक्षम हैं। रोनी स्क्रूवाला ने कहा, पिप्पा मेरे लिए एक वॉरटाइम फिल्म से कहीं बढ़कर है; यह उन भारतीय बहादुरों को सलाम है जिनके साहस, निडरता और देशभक्ति के कारण ही भारत आज भी एक मजबूत और ताकतवर राष्ट्र बना हुआ है। स्क्रीन पर एक सच्ची कहानी बताने में सक्षम होना कभी आसान नहीं होता है, और जब यह वॉर और वॉर हीरो के बारे में हो, तो रिस्क और भी ज्यादा हो जाता हैं। मैं पिप्पा को दुनिया के सामने ले जाकर इससे ज्यादा और खुश नही हो सकता कि प्राइम वीडियो इस शानदार फिल्म को सीधा अपने सर्विस पर शोकेस कर रही हैं। निर्देशक राजा कृष्ण मेनन ने साझा किया, ह्लजब मैंने ब्रिगेडियर बलराम सिंह मेहता की किताब द बर्निंग चाफीज पढ़ी, तो मुझे पूरा यकीन था कि जीत की इस प्रेरक और कम-ज्ञात कहानी को दुनिया के साथ साझा करने की जरूरत है। मेरा मानना है कि हम अपने इतिहास के इतिहास में छिपी इस कहानी को जीवंत करके, अपने सशस्त्र बलों को एक श्रद्धांजलि देने में सक्षम हैं। मैं मेरे दृष्टिकोण पर विश्वास करने के लिए रोनी स्क्रूवाला और सिद्धार्थ रॉय कपूर को धन्यवाद देना चाहता हूं और मैं ईशान, मृणाल, प्रियांशु, सोनी जी, पूरी टीम और कलाकारों के हर सदस्य का हमेशा आभारी हूं जिन्होंने अपना सब कुछ दिया है। प्राइम वीडियो के साथ, मुझे विश्वास है कि पिप्पा को भारत के साथ-साथ दुनिया भर के दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया जाएगा।

## आमिर की प्रोडक्शन कंपनी से निकले हैं कई सितारे




सालों से आमिर खान की प्रोडक्शन कंपनी ने दुनिया के सामने कई युवा प्रतिभाओं को पेश किया हैं, जिनमें से कई घरेलू नाम बन चुके हैं। इस लिस्ट में इमरान खान, फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा, दर्शील सफारी जैसे और भी सितारें शामिल हैं। सबसे पहले बात इमरान खान की, जिन्होंने अपना बॉलीवुड डेब्यू जाने तू... या जाने ना के साथ किया, जिन्हें आमिर खान प्रोडक्शंस ने एक ब्रेक दिया था। फिल्म में मिलनसार और भरोसेमंद जय धवन के रूप में उनके किरदार ने उन्हें पहचान दिलाई और उनकी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया। फातिमा सना शेख और सान्या मल्होत्रा भी आमिर खान प्रोडक्शंस की ही देन हैं, जिन्होंने ब्लॉकबस्टर दंगल में फोगाट सिस्टर्स की भूमिका निभाई, और साबित किया कि कैसे आमिर खान प्रोडक्शंस उभरते अभिनेताओं के लिए शानदार मौका हो सकता है। फिल्म में उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें स्टारडम तक पहुंचाया और उनके सफल करियर्स की तरफ इशारा किया दोनों अभिनेत्रियां उसके बाद से कई क्रिटकली अक्लेमड प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रही हैं और एक फैन बेस भी तैयार किया। बता दें कि आमिर खान प्रोडक्शंस ने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक पावरहाउस के रूप में अपनी अच्छी पहचान बनाई है। ये एक ऐसा प्रोडक्शन हाउस है जिसने न केवल आकर्षक कहानियां पेश की, बल्कि कई नए चेहरों को एक मंच भी दिया जो अपने करियर में सफल साबित हुए और हो रहे हैं।

## बोल्ड अंदाज में नजर आयीं मोनालिसा



भोजपुरी इंडस्ट्री की सबसे फेमस एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है। मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। जिसमें मोनालिसा काफी बोल्ड अंदाज में पोज देते हुए नजर आ रही हैं। इन फोटो में मोनालिसा मल्टी कलर बॉडीकॉन ड्रेस पहने हुए नजर आ रही है। एक्ट्रेस ने कर्वी फिगर को जमकर फ्लॉन्ट किया है। वहीं, मोनालिसा ने अपने लुक को पूरा करने के लिए बालों को ओपन और हैवी मेकअप किया हुआ है। मोनालिसा का ये लुक उनके फैंस को खूब पसंद आ रहा है। उनके फैंस ने उनकी इस पोस्ट पर ढेरों तारीफों भरे कमेंट किए हैं। मोनालिसा को भोजपुरी सिनेमा का क्वीन कहा जाता है। उनका असली नाम अंतरा बिस्वास है। बता दें कि मोनालिसा अब तक 125 भोजपुरी फिल्में कर चुकी हैं और इसके साथ ही हिन्दी, बंगाली, ओडिया, तमिल, कन्नड़ और तेलुगू फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। ये 2016 में बिग बॉस सीजन 10 की प्रतिभागी भी रह चुकी हैं। मालूम हो कि मोनालिसा भोजपुरी इंडस्ट्री की सबसे फेमस एक्ट्रेस हैं। वे अपनी दिलकश अदाओं से फैंस का दिल जीत लेती हैं। अपने हॉटनेट की वजह से मोनालिसा बड़ी-बड़ी हसीनाओं को पीछे छोड़ देती हैं। वे आए दिन अपनी बोल्ड तस्वीरें पोस्ट कर सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लेती हैं।

## हीरामंडी में नजर आयेंगी अदिति राव हैदरी




अभिनेत्री अदिति राव हैदरी निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडी में नजर आयेंगी। इसके अलावा वह विजय सेतुपति के साथ गांधी टॉक्स नामक एक साइलेंट फिल्म में भी दिखेंगी। बीते दिनों मुंबई में आयोजित एक ओटीटी अवॉर्ड शो में अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने प्रतिष्ठित परफॉर्मर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता है। यह प्रमाण है विशेष रूप से दो उल्लेखनीय वेब सीरीज, ताजः डिवाइडेड बाई ब्लड और जुबली में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन का। ताजः डिवाइडेड बाई ब्लड में अदिति के अनारकली के किरदार ने दर्शकों और आलोचकों को समान रूप से प्रभावित किया। भावनाओं की एक विस्तृत सीरीज को व्यक्त करने की उनकी क्षमता और उनके किरदार की गहराई ने फिल्म पर एक अमिट छाप छोड़ी। जुबली में 1940 के दशक की अभिनेत्री सुमित्रा कुमारी के रूप में अदिति ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और अपनी कला के प्रति समर्पण दिखाया। किरदार की दुनिया में रहने और एक शक्तिशाली प्रदर्शन देने की उनकी क्षमता जो उनके दर्शकों को आकर्षित करती है, उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दशार्ती है। वर्तमान में, इस असाधारण कलाकार के पास पाइपलाइन में तीन रोमांचक परियोजनाएं हैं। प्रशंसकों को प्रशंसित निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ उनकी आगामी सीरीज हीरामंडी के साथ-साथ विजय सेतुपति के साथ गांधी टॉक्स नामक एक साइलेंट फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।

## इलियाना ने अपनी एक्टिंग की अलग छाप छोड़ी



बालीवुड की फिल्म मैं तेरा हीरो में वरूण धवन की हीरोइन इलियाना डी क्रूज ने अपनी एक्टिंग की एक अलग छाप छोड़ी है। बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस आज अपना 37 वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। 1 नवंबर साल 1986 को जन्मी इलियाना का अकसर अपने आउटफिट और ट्रेंड को लेकर लाइमलाइट में रहती हैं। इलियाना ने तेलगू फिल्म देवदासू से अपने करियर की शुरूआत की थी। इस फिल्म में उनकी अदाकारी को काफी सराहा भी गया और उन्हें बेस्ड डेब्यू के लिए फिल्म फेयर अवार्ड मिला। लेकिन फिलहाल इलियाना बॉलीवुड से दूर हैं।

बता दें कि इलियाना ने 2 दर्जन से ज्यादा फिल्में की हैं। फिल्म बर्फी और फटा पोस्टर निकला हीरो में उनकी अदाकारी की काफी तारीफ हुई थी। वो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। आज इलियाना डिक्रूज का ब्रथडे है1

## कर्टनी ने पति संग कराया फोटोशूट



हाल ही में प्रेग्नेंट हॉलीवुड एक्ट्रेस कर्टनी कार्दशियन और उनके पति ट्रैविस बार्कर ने हैलोवीन फोटोशूट करवाया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। फैंस कपल की इन तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि 44 की प्रेग्नेंट कर्टनी विनोना राइडर के किरदार लिडिया डिट्ज की तरह रेड वेडिंग ड्रेस में नजर आ रही है। मैसी हेयर्स, व्हाइट फेस और हाथों में रेड बुके थामे एक्ट्रेस का अंदाज देखते ही बन रहा है। वहीं, उनके हसबैंड बार्कर व्हाइट शर्ट के साथ मैरून वेलवेट सूट और बो टाई में दिख रहे हैं। भूतिया सफेद चेहरा और धंसी हुई आँखों से लेकर जंगली बाल से लुक को कंप्लीट किया ह। एक साथ दोनों का यह लुक देखते ही बन रहा है और कैमरे के सामने भी वह गजब पोज दे रहे हैं। बता दें कि हॉलीवुड इंडस्ट्री में हैलोवीन का त्योहार खूब धूमधाम से मनाया जाता है। इस मौके पर हॉलीवुड हसीनाएं और कपल्स डरावना से डरावना लुक कैरी कर एक-दूसरे को टक्कर देते नजर आते हैं और खूब पार्टी करते हैं।


## एक्शन दृश्यों की तैयारी 60 दिनों की थी : कैटरीना

**- फिल्म टाइगर 3 को लेकर एक्ट्रेस ने किया खुलासा**

**मुंबई (ईएमएस)।** महिला जासूस, टाइगर फ्रेंचाइजी की कैटरीना कैफ उर्फ जोया को ऐसे अविश्वसनीय स्टंट और हाथों से किए जाने वाले एक्शन सेटों को करने में आनंद आया है जो पहले कभी किसी महिला ने स्क्रीन पर नहीं किया है। टाइगर 3 में, कैटरीना एक्शन के दायरे को और भी आगे बढ़ाएंगी और खुलासा करेंगी कि बड़े-से-बड़े एक्शन दृश्यों को करने से पहले उन्होंने लगभग 60 दिनों तक तैयारी की है! कैटरीना कहती हैं, टाइगर 3 दिखाती है कि जब अपने परिवार या देश या मानवता को बचाने की बात आती है तो ऐसा कुछ भी नहीं है जो एक महिला नहीं कर सकती। जोया जैसा किरदार लोगों को यह बताने के लिए महत्वपूर्ण और आवश्यक है कि लड़कियां पालन-पोषण करने वाली होने के साथ-साथ खतरनाक रक्षक भी हो सकती हैं। जोया मेरे करियर की सबसे पसंदीदा भूमिकाओं में से एक है !वह आगे कहती हैं, मुझे अच्छा लगता है कि कैसे वह अपने धैर्य और साहस से किसी की भी बराबरी कर सकती है। वह लड़ाई से पीछे नहीं हटती और जब कार्रवाई करने की बात आती है तो वह किसी पुरुष से बेहतर नहीं बल्कि उतनी ही अच्छी हो सकती है ! जोया की एक्शन शैली भी अनोखी है और वह कुछ बहुत ही जटिल एक्शन दृश्यों को आसानी से कर सकती है, जैसा कि आप ट्रेलर में देख सकते हैं ! जोया का मुकाबला दुश्मनों की सेना से है और वह अकेले ही लड़ती है ! कैटरीना को यह बात बहुत पसंद है कि वाईआरएफ ने हर फिल्म के साथ जोया के किरदार को और अधिक उग्र बना दिया है ! वह कहती हैं, मुझे एक शैली के रूप में एक्शन पसंद है और एक जासूस की भूमिका निभाना एक सपने के सच होने जैसा है ! मुझे पता था कि यह मेरी विरासत का हिस्सा बनने जा रहा है, इसलिए मैं हमेशा इस फ्रेंचाइजी के लिए अपना 200 प्रतिशत देती हूं।

## फिल्में नहीं चली तो मैं पीने लगा था शराब : बॉबी देओल

**-मशहूर शो कॉफी विद करण में एक्टर ने किया खुलासा**



**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म निर्माता करण जौहर द्वारा होस्ट किए गए मशहूर शो कॉफी विद करण में एक्टर बॉबी देओल के साथ उनके भाई सनी देओल शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अपने करियर के उतार-चढाव को लेकर भी खुलकर बात की। बादल फेम एक्टर बॉबी देओल ने क्राइम ड्रामा वेब सीरीज आश्रम के साथ वापसी की है। अपने करियर के निचले दौर के बारे में बात करते हुए बॉबी ने कहा, मैंने हार मान ली थी, मुझे खुद पर दया आने लगी थी। मैंने शराब पीना शुरू कर दिया था, मैं घर पर बैठा रहता था। मैं कोसता रहता था और कहता था, लोग मुझे क्यों नहीं ले जाते? मैं अच्छा हूं, वे मेरे साथ काम क्यों नहीं करना चाहते? मुझे लगता है कि मैं हर चीज को लेकर बहुत निगेटिव हो गया था, इतना ज्यादा कि मुझसे जरा भी पॉजिटिविटी नहीं आती थी। मैं घर पर बैठा रहता था, मेरी पत्नी काम करती थी।अचानक मैंने अपने बेटे को कहते हुए सुना, तुम्हें पता है मां, पापा घर पर बैठे रहते हैं और तुम रोज काम पर जाती हो। इस घटना के बाद अचानक मुझे एहसास हुआ और मैंने खुद से कहा कि इस तरह नहीं चलेगा। ये चीजें रातों-रात नहीं होती हैं। मेरा भाई, मेरी मां, मेरे पिता, मेरी बहनें, वो सब हमेशा मेरे साथ खड़े रहे। अजनबी फेम एक्टर ने कहा, आप हमेशा किसी का हाथ थामकर चीजें नहीं कर सकते हैं। आपको अपने कदमों पर खड़े होकर चलना पड़ता है। तभी चीजें बदलना शुरू हुईं। मैं और फोकस्ड, ज्यादा सीरियस हो गया। जब आप फोकस करते हैं तो आपको वो एनर्जी महसूस होती है। मैंने खुद से कहा कि मैं बहुत से लोगों से मिल चुका हूं। मैं सबके पास जाऊंगा और कहूंगा कि मुझे काम करना है, मुझे काम चाहिए। मैं आपके पास भी आया था, आपने अब तक मेरे साथ काम नहीं किया। कॉफी विद करण 8 डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।

## रेनबो रिश्ता का प्रीमियर होगा 7 नवंबर को

**-दुनिया भर के 240 देशों में दिखाई जाएगी**




**मुंबई (ईएमएस)।** एलजीबीटीक्यूएलए+ समुदाय के कुछ सदस्यों के जरिए प्यार का जश्न मनाते हुए, भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन डेस्टिनेशन, प्राइम वीडियो ने रेनबो रिश्ता की घोषणा की। यह एक अनस्क्रिप्टेड डॉक्यू-सीरीज है, जो छह प्रेरक और दिल को छू लेने वाली समलैंगिक प्रेम कहानियों पर बनी है। आगामी 7 नवंबर को प्रीमियर होने वाली, रेनबो रिश्ता भारत और दुनिया भर के 240 देशों और क्षेत्रों में दिखाई जाएगी। रेनबो रिश्ता प्राइम सदस्यता में नई जोड़ी गई है। भारत में प्राइम सदस्य केवल रुपए 1499/वर्ष में एकल सदस्यता में बचत, सुविधा और मनोरंजन का आनंद लेते हैं। 90 के दशक के पल्प-सिनेमा पर आधारित एक आधुनिक पंथ क्लासिक, सिनेमा मरते दम तक की सफलता के बाद, रेनबो रिश्ता वाईस स्टूडियोज प्रोडक्शन के साथ प्राइम वीडियो का दूसरा सहयोग है। इस छह भाग की डॉक्यू-सीरीज को जयदीप सरकार द्वारा निर्देशित किया गया है, साथ ही इसमें कहानी निर्देशक ह्रदय ए. नागपाल और शुभ्रा चटर्जी भी हैं, यह श्रृंखला दुनिया को एलजीबीटीक्यूएलए+ समुदाय के सदस्यों के जीवन की एक अनोखी, स्पष्ट और कभी ना कमजोर पड़ने वाले गुण के बारे में बताएगा। रेनबो रिश्ता ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 के लिए प्राइम वीडियो के उत्सव लाइनअप का एक हिस्सा है। इस लाइन-अप में कई अन्य ओरिजिनल सीरीज और कई भाषाओं में ब्लॉकबस्टर फिल्में भी शामिल हैं, प्राइम वीडियो स्टोर पर टाइटल किराए पर लेने वाले पहले 1,000 ग्राहकों के लिए हर दिन विशेष छूट, और कई प्राइम वीडियो चैनलों पर 50 प्रतिशत तक की छूट के साथ ग्राहकों के लिए दिवाली स्पेशल ऑफर दिया जा रहा है। इस अनस्क्रिप्टेड सीरीज में त्रिनेत्रा हलदर, ऐश्वर्या आयुष्मान, डेनिएला मेंडोंका, अनीज सैकिया, सनम चौधरी, सोहम सेनगुप्ता, सुरेश रामदास और सदम हंजाबम के असल जीवन के अनुभवों के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों की कहानियाँ शामिल की गई हैं।

### सूडोकु नवताल- 6602

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6601 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### शब्दजाल - 7349

*शब्द जाल में 10 विश्व विख्यात व्यक्तियों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | क | वि | वे | का | नं | द | ज | म | ल | त |
| द | आं | ल | प्रे | व | स | म्रा | ट | अ | शो | क |
| र | स | इ | म | दी | छ | स | आ | र्म | ख | पा |
| इं | स | ल | स्टी | दि | वा | स | ध | ल | श | इ |
| ड | अ | दो | ग | न | ज | ना | तू | ग | झ | थो |
| का | ली | दा | स | दि | अ | क | ब | र | घ | गो |
| ती | व | ल | मी | धी | प | च | जू | बा | व | र |
| क | एं | ऊ | गां | द | ब | क | र | ए | श | स |
| र | ड | त्मा | प | र्द | गी | स | री | क | प | स्तू |
| य | हा | ल | गै | ली | लि | यो | ऐ | ने | र | द |
| म | ड | ल | प | या | प | स | अ | अ | प | म |

अरस्तू, अकबर, आंइस्टीन, विवेकानंद, महात्मा गांधी, सम्राट अशोक, कालीदास, पाइथोगोरस, गैलीलियो, चरक,

**शब्दजाल - 7348 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चे | क | ल | व | ग | आ | ना | क | प | ल | क |
| र | श | ल | न | व | जी | इ | द | इ | ट | कि |
| त | स | व | ल | र्म | छ | पु | य | रा | ख | स |
| क | ज | ज | न | पु | अ | ड | र | र | ल | ले |
| क | क | दो | ग | श्री | लं | का | तू | ग | झ | व |
| ज | ति | श | री | ह | झ | नि | ना | ण | घ | को |
| ती | आ | स | लि | या | प | ल | स | र | ला | ल |
| क | ता | शे | ई | सि | ब | ते | फ | न | श | पा |
| ने | बा | बे | न | व | जी | ल | बे | ग | प | कि |
| द | पा | त | प | न | जी | र्त | ऐ | त | प | स्ता |
| क | अ | ब | प | ची | न | रा | बा | द | प | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### अष्टयोग - 6302

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 1 | | | 2 |
| | 33 | 2 | 28 | 5 | 30 | |
| 4 | | 3 | | | | 7 |
| | 36 | | 33 | 6 | 23 | 1 |
| | 6 | | 4 | | 2 | |
| | 36 | 6 | 33 | 3 | 31 | |
| 3 | 2 | | | 7 | | 5 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 6301 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 4 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | 33 | 2 | 30 | 5 | 27 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 2 | 36 | 4 | 31 | 6 | 26 | 1 |
| 7 | 6 | 5 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 6 | 36 | 6 | 31 | 3 | 34 | 4 |
| 3 | 2 | 1 | 4 | 7 | 6 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# अफगानिस्तान की वर्ल्ड कप में लगातार तीसरी जीत: नीदरलैंड को 7 विकेट से हराया, सेमीफाइनल की रेस में बरकरार; रहमत-शहीदी की फिफ्टी

**लखनऊ।**

अफगानिस्तान ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने शुक्रवार को नीदरलैंड को 00 विकेट से हराया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी नीदरलैंड की टीम 46.3 ओवर में 179 रन पर ऑलआउट हो गई। 180 रन का टारगेट अफगानिस्तान के बल्लेबाजों ने 31.3 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस जीत से अफगानिस्तान सेमीफाइनल की रेस में बरकरार है। टीम 7 मैचों में चौथी जीत से पॉइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर आ गई है। अफगानिस्तान की झोली में 8 अंक हैं। टीम ने पिछले 2 मुकाबलों में श्रीलंका को 7 और पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया था। अफगानी टीम से कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी ने 56 और रहमत शाह 52 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। इनसे पहले मोहम्मद नबी ने 3 विकेट लिए।

**पावरप्ले में अफगानिस्तान 50 पार, एक झटका भी लगा** - 180 रन का टारगेट चेज करने उतरी अफगानी टीम ने अच्छी शुरुआत की। टीम ने पहले 10 ओवर में एक विकेट पर 55 रन बनाए। ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज 10 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें लॉगन वान बीक ने कॉट बिहाइंड कराया। 27 रन पर पहला विकेट गंवाने के इब्राहिम जादरान और रहमत शाह ने रन रेट कम नहीं होने दिया। 10वें ओवर में रहमत ने मीकरन की बॉल पर 3 चौके जमाकर टीम का स्कोर 50 पार पहुंचाया। रहमत ने वनडे करियर के 35 रन भी पूरे कर लिए।

**नीदरलैंड 179 रन पर ऑलआउट, 4 बल्लेबाज रनआउट हुए** - लखनऊ के इकाना स्टेडियम में टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.3 ओवर में 179 रन पर ऑलआउट हो गई। सायब्रांड एंगलब्रेक्ट ने 58 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी ने 3 और नूर अहमद ने 2 विकेट लिए।

**डेथ ओवर में 12 रन बनाने में दो विकेट** - पावरप्ले के बाद शुरू हुआ विकेट पतन का सिलसिला डेथ ओवर तक जारी रहा। नीदरलैंड की टीम ने डेथ ओवर के 6.3 ओवर में दो विकेट खोकर 12 रन बनाए। नीदरलैंड की टीम 179 रन पर ऑलआउट हो गई।

**मिडिल ओवर में तालमेल नहीं बना सके डच बल्लेबाज, 4 रनआउट हुए** - पावरप्ले में पहले झटके से उबरने के बाद नीदरलैंड की पारी मिडिल ओवर में बिखर गई। टीम के बल्लेबाज 11वें से 40 ओवर के बीच आपस में तालमेल नहीं बैठा सके। इस दौरान टीम के 4 बैटर्स रनआउट हुए। हालांकि, लगातार गिरते विकेट्स के बीच सायब्रांड एंगलब्रेक्ट 58 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली। बाद में वे भी रनआउट हुए। इस विकेटपतन का सिलसिला 12वें ओवर में ओपनर मैक्स ओडाउड (42 रन) के रनआउट से शुरू हुआ। टीम ने बीच के 30 ओवर में 101 रन बनाने में 7 विकेट गंवा दिए। 40 ओवर के बाद डच टीम का स्कोर 167/8 रहा। दोनों टीमों में एक-एक बदलाव हुआ हुई। नीदरलैंड में विक्रमजीत सिंह की जगह वेज्ली बारेसी और अफगानिस्तान में नवीन-उल-हक की जगह नूर अहमद को मौका मिला है।

## न्यूज ब्रीफ

### ऑस्ट्रेलिया को लगा करारा झटका, ग्लेन मैक्सवेल के बाद एक और स्टार खिलाड़ी इंग्लैंड के खिलाफ मैच से हुआ बाहर



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को अपना अगला मुकाबला खेलना है, लेकिन पांच बार की विश्व चैंपियन को इससे पहले करारा झटका लगा है। स्टार ऑलराउंडर मिचेल मार्श निजी कारण से स्वदेश लौट गए हैं। ऐसे में वह इंग्लैंड के खिलाफ मैच में शिरकत नहीं करेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान जारी करके बताया कि ऑलराउंडर अनिश्चितकाल के लिए टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मिचेल मार्श दोबारा स्क्वाड से जुड़ेंगे या नहीं। अभी उनके विकल्प के नाम की घोषणा नहीं हुई है। मार्श से पहले ग्लेन मैक्सवेल गोल्फ संबंधित घटना में कनकशन के कारण इंग्लैंड के खिलाफ मैच से पहले बाहर हुए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने बयान में कहा, मिचेल मार्श के स्क्वाड में वापसी की तारीख की पुष्टि कुछ समय में की जाएगी। बता दें कि मिचेल मार्श ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख टीम सदस्यों में से एक हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने पाकिस्तान के खिलाफ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शतक जमाया था। मिचेल मार्श की गैरमौजूदगी में ऑस्ट्रेलियाई टीम कैमरन ग्रीन को मौका दे सकती है। कैमरन ग्रीन ने मौजूदा वर्ल्ड कप में दो मैच खेले, लेकिन प्रभाव नहीं छोड़ सके। उन्होंने भारत और नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबले में क्रमशः 8-8 रन बनाए। वहीं, वो विकेट लेने में नाकाम रहे हैं। न्यूजीलैंड को बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के हाथों 190 रन की शर्मनाक शिकस्त का सामना करना पड़ा। यही वजह रही कि कीवी टीम प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर खिसक गई और ऑस्ट्रेलियाई टीम तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। पैट कमिंस के नेतृत्व वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने सभी मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश करना चाहेगी।

### वायु प्रदूषण से बचने इनहेलर का उपयोग करते दिखे बेन स्टोक्स

**नई दिल्ली।** एकदिवसीय विश्वकप में इंग्लैंड के क्रिकेटरों को भारत के कुछ शहरों में वायु प्रदूषण से भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा रहा है। यहां तक कि अंग्रेज क्रिकेटरों को वायु प्रदूषण से होने वाली परेशानी से बचने के लिए इनहेलर का भी प्रयोग करना पड़ा है। इनहेलर का इस्तेमाल मुख्य रुप से अस्थमा से पीड़ित लोग ही करते हैं। इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ मैच से पहले अभ्यास के दौरान इनहेलर का उपयोग करते देखा गया था। इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए अभी अहमदाबाद में है। वायु प्रदूषण से भारतीय खिलाड़ियों को भी परेशानी हुई है। मुम्बई में गत दिवस श्रीलंका के खिलाफ हुए मैच में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भी ये मामला उठाया था। रोहित ने कहा, 'मेरा मतलब है आदर्श दुनिया में आप इस तरह की स्थिति नहीं चाहते हैं पर मुझे पूरा भरोसा है कि इस विभाग से संबंधित लोग प्रदूषण को कम करने के लिए सभी जरुरी कदम उठा रहे हैं। सभी जानते हैं कि अभी के हालात ठीक नहीं है पर इसे कम करने के प्रयास हो रहे हैं। सभी चाहते हैं कि इस प्रकार के प्रदूषण से मुक्ति मिले जिससे सभी बिना डर के रह सकें।



### अपने ही निजी शेफ का बना खाना खाते हैं स्टोइनिस

**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस अपनी फिटनेस को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इसी कारण वह विश्व कप में के लिए अपना निजी शेफ लेकर भारत आये हैं। ताकि उन्हें 'लो कार्ब डाइट (कम कार्बोहाइड्रेट वाला खाना) मिले। स्टोइनिस कीटोजेनिक (फैट ज्यादा, कार्ब कम) डाइट लेते हैं इसमें प्रोटीन के साथ बेक किया हुआ ओट्स शामिल रहता है। एक रिपोर्ट के अनुसार फ्रेंच खाना बनाने वाले वेल्टन सालडाना स्टोइनिस के साथ आये हैं और आस्ट्रेलियाई टीम के किचन में उनके लिए विशेष प्रकार का खाना बनाते हैं। स्टोइनिस ने कहा, 'भारत के कई खिलाड़ी ऐसा ही करते हैं और मुझे उन्हीं को देखकर यह आइडिया आया। मैं अपने खानपान को लेकर काफी सतर्क हूं। वैसे ऑस्ट्रेलियाई टीम के पास अपना रसोइया भी है पर स्टोइनिस ने अपना निजी शेफ रखा है। रिपोर्ट में कहा गया, 'गार्लिक नान वह नहीं खाते। ग्लूटन फ्री बनाना ब्रेड और भुनी हुई गोभी का भर्ता खाते हैं। इसके अलावा भुना हुआ बटर चिकन उनका पसंदीदा भोजन है। शेफ सालडाना के पास काफी बड़े रेस्त्रां में काम का अच्छा खास अनुभव है।



# विश्वकप : पाक और न्यूजीलैंड का मुकाबला आज
## हारने वाली टीम होगी सेमीफाइनल की रेस से बाहर

**बेंगलूर।**

**एकदिवसीय विश्वकप में शनिवार को पाकिस्तान टीम का मुकाबला यहां के चेन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड से होगा। दोनो ही टीमों को सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने ये मैच जीतना है। पाक टीम अगर इस मैच को हारी को सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो जाएगी। इस मैच में बारिश की भी संभावना है। अगर ऐसा हुआ तो पाक टीम का सफर विश्वकप में समाप्त हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर न्यूजीलैंड भी ये मैच जीतकर सेमीफाइनल के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखना चाहेगी हालांकि उसे अपने खिलाड़ियों के चोटिल होने से नुकसान हो रहा है। उसे अंतिम तीनों मैच में हार मिली है। इससे लगातार 4 जीत से शुरुआत करने वाली न्यूजीलैंड का अभियान पटरी से उतर गया। उसे भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा। इससे उसके 7 मैचों में 8 अंक हैं। वहीं पाकिस्तान के 7 मैचों में 6 अंक हैं**




कीवी टीम के तेज गेंदबाज मैट हैनरी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं। उनकी जगह पर तेज गेंदबाज काइल जेमिसन को टीम में शामिल किया गया है। जेम्स नीशाम भी कलाई की चोट से परेशान हैं। नियमित कप्तान केन विलियमसन और मार्क चैपमैन भी चोट के कारण इस मैच में नहीं खेल पायेंगे। वहीं आंकड़ों पर नजर डालें तो विश्वकप में पाक टीम भारी पड़ी है। दोनो के बीच 9 बार मुकाबले हुए हैं। इसमें पाक की टीम 7 मैच जीतने में सफल हुई है. जबकि कीवी टीम 2 ही मैच जीत पायी है।

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन फिट हो गए हैं पर इसके बाद भी उसके लिए रनों पर रोक लगाना आसान नहीं रहेगा। टीम के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 388 और 357 रन दिये। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सैंटनर पर टीम की गेंदबाजी की जिम्मेदारी रहेगी। पिछले मैच में न्यूजीलैंड की टीम केवल 160 रन ही बना सकी थी. ऐसे में रचिन रविंद्र, डेवॉन कॉनवे, डेरिल मिशेल और ग्लेन फिलिप्स पर रनों की अहम जिम्मेदारी होगी।

दूसरी ओर पाक की राह भी आसान नहीं है। बाबर आजम की फॉर्म भी अच्छी नहीं रही है। 3 अर्धशतक के बावजूद वे अब तक शतक नहीं लगा सके हैं। राहत की बात है कि मोहम्मद रिजवान और ओपनर अब्दुल्लाह शफीक लय में हैं। दोनों की बल्लेबाज शतक भी लगा चुके हैं। इसके अलावा फखर जमां ने चोट के बाद वापसी करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ 81 रन की पारी खेली। इससे भी टीम का मनोबल बढ़ा है पर मिडिल ऑर्डर में वह कमजोर है। सऊद शकील और इफ्तिखार अहमद भी अब तक कुछ खास नहीं कर पाये हैं। वहीं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी अच्छी लय में हैं। पाक की गेंदबाजी तेज गेदबाजों शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ पर आधारित रहेगी। टीम के पास अच्छे स्पिनरों की कमी है। मोहम्मद वसीम ने बांग्लादेश के खिलाफ 3 विकेट लिए पर फिर भी उन्हें बेहतर स्पिनर नहीं कहा जा सकता।

### दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं :

**न्यूजीलैंड:** केन विलियमसन (कप्तान), ट्रेंट बोल्ट, मार्क चैपमैन, डेवॉन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हैनरी, टॉम लाथम, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सैंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी, विल यंग, काइल जेमिसन।

**पाकिस्तान:** बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, फखर जमां, इमामुल हक, अब्दुल्ला शफीक, मोहम्मद रिजवान, सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद, सलमान अली आगा, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, हारिस रऊफ, हसन अली, शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद वसीम।

# रोहित ने अय्यर, सिराज और सूर्या की प्रशंसा की शमी का नहीं लिया नाम



**मुम्बई।**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ मिली शानदार जीत के बाद अपने तीन खिलाड़ियें की प्रशंसा की है पर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का नाम नहीं लिया जिससे सभी हैरान हैं। रोहित ने कहा कि यह जानकर बहुत खुशी हुई कि अब हम आधिकारिक तौर पर सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं। जब हमने चेन्नई में अपनी अभियान की शुरुआत की तो टीम की ओर से इस दिशा में अच्छा प्रयास किया गया। हमारा लक्ष्य पहले क्वालिफाई करना और फिर सेमीफाइनल और फाइनल में पहुंचना था। जिस तरह से हमने इन सात मैचों में खेल वह काफी अच्छा रहा। टीम की ओर से सभी ने अपनी भूमिका निभाई। हर किसी ने प्रयास किया और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

रोहित ने कहा कि बोर्ड पर रन लगाना एक अच्छी चुनौती थी और जब आप इतने सारे रन बनाना चाहते हैं तो आपके पास इसी तरह का टेम्पलेट होना चाहिए। किसी भी पिच पर 350 एक बहुत अच्छा स्कोर है और हमें उस स्कोर तक ले जाने के लिए बल्लेबाजी इकाई को बहुत सारा श्रेय जाता है। इसके अलावा हमारे गेंदबाजों ने भी अपनी ओर से अच्छा काम किया है। वहीं बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की पारी को लेकर रोहित ने कहा कि वह मानसिक रुप से बहुत मजबूत खिलाड़ी है। वह वहां गया और उसने वही किया जिसके लिए वो जाना जाता है। हम उससे यही उम्मीद करते हैं। उसने दिखाया कि वह हर चुनौती के लिए तैयार रहता है। वहीं नई गेंद से मो सिराज की गेंदबाजी को लेकर रोहित ने कहा कि वह गुणवत्ता वाला गेंदबाज है। अगर वह प्रदर्शन करता है तो हमारे लिए चीजें अलग दिखती हैं। सिराज के पास नई गेंद के लिए काफी कौशल है। सूर्या कुमार का प्रदर्शन भी हमारे लिए अच्छा रहा है। उसने पिछले मैच में हमारे लिए रन बनाए।

# ग्लेन फिलिप्स को न्यूजीलैंड के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद

**पुणे।**

**विश्वकप में अच्छी शुरुआत के बाद भी पिछले तीन मुकाबलों से न्यूजीलैंड टीम हार का सामना कर रही है। इसके बाद भी टीम के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स को उम्मीद है कि उनकी टीम शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में बड़ी जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बना लेगी। टीम को पिछले मुकाबलों में अपने अहम खिलाड़ियों के चोटिल होने से भी नुकसान हुआ है। वहीं फिलिप्स को उम्मीद है कि उनकी टीम अब अगले दो मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहेगी।**



कीवी टीम को दक्षिण अफ्रीका को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित करना भारी पड़ा। अफ्रीकी टीम ने चार विकेट पर 357 रन बनाये थे। वहीं इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 35.3 ओवर में ही सिमट गयी। इस मुकाबले में 50 गेंद में 60 रन बनाने वाले फिलिप्स ने कहा, 'हम सेमीफाइनल में पहुंचने से सिर्फ दो जीत दूर है। इन दो जीत से हम तीसरे या चौथे स्थान पर अपनी जगह पक्की कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि अगर हम अपनी मूल बातों पर बने रहे जो जरुर सफल होंगे। अगर हम मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ करते हैं, तो सब कुछ सही हो जाएगा। न्यूजीलैंड को अब बचे हुए दो मैचों में पाकिस्तान के खिलाफ चार नवंबर और श्रीलंका के खिलाफ नौ नवंबर को खेलना है। वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश पर सात विकेट की जीत के साथ ही पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल की दौड़ में बनी हुई है।

फिलिप्स ने कहा, 'हम मैदान पर चीजों को संतुलित रखने का प्रयास करते हैं। हम बहुत ज्यादा निराशा या खुशी नहीं मनाते हैं। ऐसे में मुझे लगता है कि इससे हमारे लिए अपनी चीजों को सरल रखते हुए आगे बढ़ना आसान रहेगा।

# जोकोविच ने एचेवेरी को हराया, नंबर एक की रेस में दावेदारी मजबूत

**पेरिस।**

नोवाक जोकोविच पेरिस मास्टर्स के दूसरे दौर में टॉमस मार्टिन एचेवेरी को 6-3, 6-2 से हराकर रिकॉर्ड आठवीं बार साल का अंत शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी के तौर पर करने की राह पर है। जोकोविच इस साल सितंबर के मध्य में सर्बिया के लिए डेविस कप खेलने के बाद पहली बार एकल मुकाबला खेल रहे हैं।

पेरिस मास्टर्स के छह बार के चैंपियन जोकोविच ने रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज कार्लोस अल्काराज पर अपनी बढ़त मजबूत कर ली है। अल्काराज को मंगलवार को दूसरे दौर में क्वालिफायर रोमन सफिउलिन ने हराया था। रूस के दानिल मेदवेदेव को भी दूसरे दौर के मुकाबले में ग्रिगोर दिमित्रोव ने 6-3, 6-7, 7-6 से हराया जिसके बाद अल्कराज एकमात्र खिलाड़ी हैं जो साल के अंत में रैंकिंग में जोकोविच से आगे निकल सकते हैं।

### सात बार रह चुके हैं साल के अंत में शीर्ष पर

जोकोविच पुरुष वर्ग में रिकॉर्ड सात बार साल के अंत में शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी रहे हैं। यह पीट संप्रास के रिकॉर्ड से एक अधिक है। महिला टेनिस में महान खिलाड़ी स्टेफी ग्राफ आठ बार साल के आखिर में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी रहीं हैं। इस बीच, टॉमी पॉल और कैस्पर रुड अब एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकेंगे। बारहवीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल क्वालिफायर बोटिक वान डी से 4-6, 6-2, 3-6 से हार गए, जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त रुड को फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने 7-5, 6-4 से हराया। सिनर ने मैकेंजी मैकडोनाल्ड को 6-7, 7-5, 6-1 से हराया। सितसिपास ने फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-3, 7-6, ज्वेरेव ने उगो हम्बर्ट को 6-4, 6-7, 7-6 (5) से और रूने ने डोमिनिक थिएम 6-4, 6-2 से मात दी। अन्य मुकाबलों में हर्काज ने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-3, 6-2 से हराया जबकि मिनौर ने दुसान लाजोविच को 4-6, 6-4, 6-4 से शिकस्त दी।



एटीपी फाइनल्स का आयोजन 12 से 19 नवंबर तक इटली के तूरीन में होगा। आठ खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट के लिए जोकोविच, अल्कराज, मेदवेदेव, यानिक सिनर और एंड्री रुबलेव पेरिस मास्टर्स से पहले ही जगह पक्की कर चुके हैं। बाकी बचे तीन स्थान के लिए अब स्टेफानोस सितसिपास, अलेक्जेंडर ज्वेरेव, होल्गर रूने, ह्यूबर्ट हर्काज और एलेक्स डी मिनौर के बीच मुकाबला है।

## आईपीएल में निवेश करना चाहता है सऊदी अरब

# 41 हजार करोड़ रुपए में हिस्सेदारी ले सकते हैं क्राउन प्रिंस; दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग

**नई दिल्ली।**

सऊदी अरब दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग इंडियन प्रीमियर लीग में निवेश करना चाहता है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने आईपीएल में हिस्सेदारी के लिए सितंबर में भारत का दौरा किया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्राउन प्रिंस 30 बिलियन डॉलर यानी करीब ढाई लाख करोड़ रुपए की वैल्यू पर आईपीएल को एक होल्डिंग कंपनी में तब्दील करना चाहते है। इस बारे में बिन सलमान के सलाहकारों ने भारत सरकार के कुछ अधिकारियों से बात भी की है। सलमान आईपीएल में 5 बिलियन डॉलर (करीब 41 हजार करोड़ रुपए) का निवेश कर लीग को डोमेस्टिक की जगह ग्लोबल क्रिकेट लीग बनाना चाहते हैं। आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी स्पोर्ट्स लीग में से एक है। बीसीसीआई हर आईपीएल मैच के करीब 118 करोड़ रुपए कमाता है। ऐसे आईपीएल से पैसा कमाता है बीसीसीआई



मीडिया राइट्स: मीडिया और ब्रॉडकास्टिंग राइट्स, यानी आईपीएल के मैचों के टेलीकास्ट करने का अधिकार। मैच के लाइव टेलिकास्ट के अलावा हाइलाइट्स तक सिर्फ वही कंपनी दिखा सकती है, जिसके पास मीडिया राइट्स हों। इससे ही बीसीसीआई को सबसे ज्यादा रेवेन्यू मिलता है।

टाइटल स्पॉन्सरशिप: साल 2008 में टाइटल स्पॉन्सरशिप के लिए सालाना 50 करोड़ दिए गए थे। वहीं 2023 में ये आंकड़ा सालाना 300 करोड़ से ज्यादा हो गया। टाटा और बीसीसीआई के बीच दो साल की डील हुई है, इसके लिए कुल 600 करोड़ दिए गए। फ्रेंचाइजी फीस: कोई भी नई टीम जब आईपीएल का हिस्सा बनती है, इसके लिए फ्रेंचाइजी फीस देनी होती है। ये पूरा प्रोसेस बोली लगाकर होता है, जिसमें अलग-अलग कंपनियां या ग्रुप टीम खरीदने के लिए बिडिंग प्रोसेस का हिस्सा बनते हैं। साल 2022 में जब गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपरजायंट्स लीग का हिस्सा बनीं, तो बीसीसीआई के खाते में 12500 करोड़ जुड़ गए। क्रिकेट ही नहीं, फुटबाल में भी सऊदी अरब निवेश कर रहा है सऊदी अरब दुनियाभर की प्रमुख लीग में निवेश कर रहा है। इसमें सऊदी फुटबॉल प्रो लीग भी शामिल है, जिसमें दुनिया के बड़े फुटबॉलर्स में से एक क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी खेलते है। इसके अलावा, पिछले 2 सालों में सऊदी लीग ने बड़े निवेश कर दुनियाभर के टॉप यूरोपियन फुटबॉलर्स को अपनी लीग में शामिल किया है। इस कारण कई खिलाड़ियों ने नेशनल टीम ने रिटायरमेंट भी ले लिया है। इस साल सऊदी अरब 2036 फीफा वर्ल्ड कप के लिए भी दावेदारी पेश कर रहा है।


48 हजार करोड़ रुपए में बिके थे आईपीएल मीडिया राइट्स करीब एक साल पहले बीसीसीआई ने इंडियन प्रीमियर लीग के 2023 से 2027 तक के मीडिया राइट्स 48,390.52 करोड़ रुपए में बेचे थे। डिज्नी स्टार ने भारतीय महाद्वीप के टीवी राइट्स को 23575 करोड़ रुपए में खरीदा।

### नीलामी से पहले ही मुंबई इंडियंस ने लखनऊ से रोमारियो शेफर्ड को खरीदा

**मुंबई।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 सीजन के लिए वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड को अपने साथ जोड़ा है। आईपीएल 2023 सीजन में सभी तरह से असफल होने के बाद अपनी टीम को मजबूत करने के पहले कदम में मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 से पहले चल रही आईपीएल ट्रेडिंग विंडो के दौरान लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) से रोमारियो शेफर्ड को खरीदा है। शेफर्ड, जिन्होंने एलएसजी और सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व करते हुए चार आईपीएल मैच खेले हैं। इस खिलाड़ी को मुंबई ने उनकी मौजूदा फीस 50 लाख रुपये में अपने साथ शामिल किया है। शेफर्ड ने 2019 में अंतर्राष्टीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से वनडे और टी20 दोनों में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया है। गयाना के 24 वर्षीय खिलाड़ी ने वेस्टइंडीज के लिए 26 टी20 खेले हैं, जिसमें 47.66 की औसत से 286 रन बनाए हैं और उनका शीर्ष स्कोर 77 रन है। खेल के सबसे छोटे प्रारूप में, उन्होंने 3/21 के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 34.25 की औसत से 22 विकेट हासिल किए हैं।

## क्यों जरूरी है ब्लड सर्कुलेशन

रक्त मानव शरीर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। पूरे शरीर में न्यूट्रिएंट्स, इलेक्ट्रोलाइट्स, हार्मोन्स, हीट और ऑक्सीजन पहुंचाने का काम रक्त ही करता है। शरीर के विभिन्न हिस्सों को स्वस्थ्य रखने और रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का काम भी ब्लड ही करता है। रक्त वाहिनियों की शाखाएं और घुमाव रक्त संचार को बाधित करते हैं और हृदय रोग की वजह बनते हैं।



## लैदर स्कर्ट से मिलेगा फॉर्मल और कैजुअल लुक

दिन के वक्त ऑफिस और रात को उसी ड्रेस में पार्टी में जाना चाहती हैं तो लैदर स्कर्ट अच्छा ऑप्शन साबित होगा। शायद एक पल के लिए पार्टी में लैदर स्कर्ट पहनने के बारे में सोच कर थोड़ा असहज जरूर महसूस करेंगी, लेकिन ये एक ऐसा आउटफिट है जिसे कई तरह से स्टाइल किया जा सकता है। लैदर स्कर्ट्स जो कि अभी रैम्प और रेड कारपेट पर छाई हैं, पार्टी और कैजुअल लुक में अच्छी दिखेंगी। जानिए लैदर स्कर्ट पहनने के कुछ तरीकों के बारे में, जिनसे लुक बदलना आसान होगा।

## कैफीन युक्त नई दवा से पार्किंसन का उपचार

वैज्ञानिकों ने अलग तरह के कैफीन आधारित रासायनिक यौगिक का विकास किया है, जिससे पार्किंसन रोग को बढ़ने से रोका जा सकता है। इस बीमारी से अंगों में अनियंत्रित कंपन होने लगता है, शोधकर्ताओं ने ए-सिनुक्लिन -एएस- नामक प्रोटीन पर ध्यान दिया, जो डोपामाइन नियंत्रण में शामिल होता है। इसी कड़ी में 'स्कैफोल्ड' नामक कैफीन की खोज हुई, जिसमें पार्किंसन से मुकाबले के गुण दिखे।



# इन खाद्य पदार्थों से अपने शरीर को रखें गरम

**ठण्ड** का प्रकोप दिन प्रतिदिन दिन बढ़ता जा रहा हैं। हम अपने शरीर को बाहरी रूप से गरम करने के लिए ऊनी कपड़ों का सहारा ले लेते हैं। लेकिन यदि आप अपने शरीर को अंदर से गरम रखना चाहते हैं और ठण्ड की बीमारियों से बचना चाहते हैं तो इन खाद्य पदार्थों का उपयोग जरूर कीजिए।



**हरी मिर्च:** हरी मिर्च शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती हैं। इसे खाने से शरीर में गर्मी आजाती हैं। इसका तीखापन हमारे शरीर का तीखापन बढ़ाता हैं। इस तरह हमारा शरीर अंदर से गरम हो जाता हैं। इसी कारण इसका सेवन ठण्ड में किया जाता हैं। हालांकि अगर इसका सेवन गर्मियों में भी किया जाए तो यह आपको लू से बचाता है। इसलिए आप मिर्ची को हर मौसम में खा सकते हैं।



**लहसुनः** लहसुन का एक चिकित्सक फायदा यह हैं कि यह उच्च कोलेस्ट्राल लेवल को कम करने में मदद करती हैं। चिकित्सक फायदे के अलावा लहसुन का एक और लाभ होता हैं, हमारे शरीर को अंदर से गरम बनाए रखना। सर्दी में यदि आपको खांसी या सर्दी हो जाए तो इसमें मौजूद एंटीबैक्टीरियल गुण बैक्टीरिया और वायरस को मार देते हैं।



**हरी मेथी :** मेथी का रोजाना उपयोग करने से ठण्ड में सर्दी से बचा जा सकता हैं। मेथी के साग में विटामिन के, आयरन, मैग्नीशियम, सोडियम, जिंक, कॉपर और फोलिक एसिड अधिक होता है, जो शरीर के लिए बेहद जरूरी हैं। मेथी को खाने से शरीर का खून बढ़ता हैं और शरीर गर्म बना रहता हैं।

**सिट्रस फल और अमरूद :** विटामिन सी वाले फल जैसे संतरा और नींबू शरीर को पोषण एवं फ्लेवीनॉइड प्रदान करते हैं। इन्हे खाने से शरीर की बीमारियों से लड़ना आसान हो जाता हैं। इसके अलावा अमरुद में भी काफी मात्रा में विटामिन होता हैं। यह दोनों प्रकार के फल खाने से शरीर गर्म रहता हैं तथा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती हैं।

## यह है कद बढ़ाने के लाभकारी उपाए

कम कद कई लोगो की समस्या है और हर कोई इस समस्या से बहुत परेशान है और कई उपाय भी कर चुके है लेकिन उन्हें कोई फायदा नहीं मिल पाया है इसलिए आज हम आपको कुछ खास उपाएं बताएगे जो कद बढ़ाने में आपकी बहुत मदद करेगा। आइए जानते है यह उपाए।

- संतुलित आहार जरूर लें क्योंकि इससे आपको उचित पोषण मिलेगा जो कद बढ़ने के लिए बहुत लाभकारी है।
- कद बढ़ाने के लिए प्रतिदिन 2 काली मिर्च के टुकडे को 20 ग्राम मक्खन में मिलाकर खाएं।
- देशी गाय का दूध पिएं क्योंकि यह कद बढ़ाने में सहायक होता है।
- रात में अच्छी नींद लें और ठीक से भी सोना चाहिए क्योंकि इससे मांसपेशियां और शरीर फैलता है।
- अंगूठों को खीचना चाहिए इससे मांसपेशियों में खिंचाव आता है और रक्त का दौरा भी बढ़ता है।
- लंबाई ठीक से बढ़ाने के लिए वजन कम होना चाहिए। वजन ज्यादा होने से लम्बाई नहीं बढ़ पाती है।





# पेट दर्द की घातक समस्या है आईबीडी...

**आईबीडी** यानी इन्फ्लेमेटरी बावल डिजीज। इसका मतलब है आंतों से जुड़ी तमाम किस्म की समस्याएं। वास्तव में पाचनतंत्र जो कि मुंह, भोजन नलिका, पेट, छोटी आंतें और आंतों से मिलकर बनता है। आईबीडी होने का मतलब है कि इन तमाम भागों में किसी न किसी तरह की समस्या। इसकी वजह खाद्य पदार्थ, अपौष्टिक आहार आदि हैं। यह कहने की जरूरत नहीं है कि आईबीडी काफी दर्दनाक होता है और कई दफा तो यह बीमारी जानलेवा तक साबित होती है। मतलब साफ है कि यदि किसी व्यक्ति विशेष को आईबीडी हो जाए तो उसे तुरंत अपना इलाज कराना चाहिए। यही नहीं सही उपचार और जीवनशैली में आवश्यक बदलाव भी करने चाहिए। सवाल उठता है कि आईबीडी के लक्षणों को कैसे जाना जाए? आइए इस सम्बंध में आगे पड़ते हैं।

### आईबीडी के प्रकार

सामान्यतः आईबीडी के दो प्रकार हैं। अल्सरेटिव कोलाइटिस और क्रोन्स डिजीज। क्रोन्स डिजीज के तहत पाचनतंत्र के किसी भी हिस्से में जलन या तकलीफ हो सकती है। हालांकि यह ज्यादातर छोटी आंत के निचले हिस्से को सबसे ज्यादा प्रभावित करती है। जबकि अल्सरेटिव कोलाइटिस होने के दौरान बड़ी आंत में घाव होता है जिसके कारण बड़ी आंत में जलन हो सकती है।



### आईबीडी की वजह

आईबीडी की सटीक वजह बता पाना मुश्किल है। विशेषज्ञों की मानें तो यह बीमारी आनुवांशिक हो सकती है या फिर इम्यून सिस्टम से जुड़ी कोई समस्या। आनुवांशिक होने का मतलब है कि यदि आपके पारिवारिक इतिहास में आईबीडी है तो इसके होने की आशंक में इजाफ हो जाता है। यही कारण है कि वैज्ञानिक इसे आनुवांशिका बीमारी बताते हैं।

### प्रतिरक्षी तंत्र से जुड़ी बीमारी

आईबीडी को प्रतिरक्षी तंत्र से जुड़ी बीमारी भी बताई जाती है। दरअसल प्रतिरक्षी तंत्र हमारे शरीर की तमाम किस्म की बीमारियों से बचाव करता है। ऐसे में यदि आईबीडी पाचनतंत्र में हो जाए तो इससे प्रतिरक्षी तंत्र का प्रभावित होना लाजिमी हो जाता है। जैसा कि हम जानते हैं कि किसी बीमारी या अन्य वायरस के शरीर में घुसने के दौरान प्रतिरक्षी तंत्र अति सजग और सचेत हो जाता है। ऐसे में यदि पाचनतंत्र कमजोर पड़ जाए तो इसमें घाव, जलन या सूजन जैसी परेशानियां घर करने लगती है। आईबीडी होने का कारण महज संक्रमण ही नहीं है। कई दफा प्रतिरक्षी तंत्र अपने ही सेल्स पर आक्रमण कर बैठती है। इसे आटोइम्यून रिस्पांस के नाम से जाना जाता है। आईबीडी कई बार संक्रमण के खत्म होने के बाद भी ठीक नहीं होती। मतलब यह कि यह एक घातक बीमारी है जिसके प्रति अलर्ट रहना अत्यंत जरूरी है। यह बीमारी कई दफा महीनों तक मरीज को परेशान करती है। तमाम अध्ययन इस बात की तस्दीक करते हैं कि लाखों लोग आईबीडी के मरीज हैं। इसके कुछ मुख्य रिस्क फैक्टर इस प्रकार हैं



### धूम्रपान

क्रोन्स डिजीज की मुख्य वजहों में से एक धूम्रपान है। धूम्रपान इस हद तक परेशानी का सबब बनता है कि कई दफा यह आईबीडी के दर्द को बड़ा देता है। यही नहीं क्रोन्स डिजीज के ठीक होने की जटिलता भी बड़ जाती है। हालांकि अल्सरेटिव कोलाइटिस के मरीज इससे अलग होते हैं। सामान्यतः अल्सरेटिव कोलाइटिस उन्हें प्रभावित करता है जो धूम्रपान नहीं करते या फिर उन्हें जो धूम्रपान छोड़ चुके हैं।

### आईबीडी से कौन प्रभावित होता है

सामान्यतः आईबीडी से कोई भी प्रभावित हो सकता है। इसे किसी उम्र विशेष में नहीं बांधा जा सकता है। बावजूद इसके विशेषज्ञ इस बात का दावा करते हैं कि आईबीडी 35 साल से कम उम्र के लोगों में ज्यादा देखने को मिलता है। इसके अलावा जैसा कि पहले ही जिक्र किया जा चुका है कि पारिवारिक इतिहास होने पर भी यह बीमारी होने का खतरा होता है। यही नहीं भौगोलिक क्षेत्र भी आईबीडी के लिए जिम्मेदार हैं। सामान्यतः यह बीमारी शहरी क्षेत्रों को तुलनात्मक रूप से ज्यादा प्रभावित करती है। इसकी वजह वहां की जीवनशैली और खानपान है। असल में जो लोग वसायुक्त आहार का ज्यादा सेवन करते हैं, उन्हें आईबीडी होने का खतरा बना रहता है।

### आईबीडी के लक्षण

यूं तो इसके लक्षण व्यक्ति दर व्यक्ति निर्भर करता है। बावजूद इसके कुछ सामान्य लक्षण डायरिया होना, पेट खराब होना, पेट में दर्द होना, अल्सर से खून आना, वजन घटना, अनीमिया होना और बच्चों में विकास स्तर कम होना शामिल है। पाचनतंत्र के बाहरी लक्षण भी आईबीडी में देखने को मिलते हैं मसलन आंखें सूजना, जलन होना, त्वचा सम्बंधी समस्या होना, अर्थराइटिस होना आदि। आईबीडी का ट्रीटमेंट घर में नहीं किया जा सकता है। इसके लिए बेहतर है कि सीधे चिकित्सक से ही संपर्क करें। वे आपके परिवार इतिहास से लेकर मौजूद स्थिति पर चर्चा कर मरीज का इलाज करते हैं। इतना ही नहीं जरूरी हो तो ब्लड सैंपल आदि भी लिया जाता है।

## ऑयल थैरेपी

# नाखून के विकास में सहायक ऑलिव ऑयल...



आपने ऑलिव ऑयल का नाम तो सुना होगा। अगर आप आपकी त्वचा को एवरग्रीन बनाना चाहती हैं तो ऑलिव ऑयल का उपयोग करना शुरू कर दीजिए। इसमें विटामिन इ,फैटी एसिड तथा मिनरल आदि होते हैं। इसके अलावा, इसमें फ्लेवसेनॉयड्स स्केवेलीन और पेरिफेनॉल्स एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो त्वचा को स्किन कैंसर और सोरायसिस से बचाते हैं।

इसमें पाए जाने वाले न्यूट्रीशन त्वचा को सेहतमंद बनाए रखते है। साथ ही कील-मुहांसों, दाग-धब्बों आदि को ठीक कर आपकी त्वचा को जवां बनाते हैं। साथ ही नाखूनों की ग्रोथ भी बढ़ाते हैं। झुर्रियों की समस्या से परेशान हैं, तो एक चम्मच नीबू के रस में एक चम्मच ऑलिव ऑयल मिलाएं। इस मिश्रण से हफ्ते में तीन बार चेहरे की मालिश करें। शरीर पर काले धब्बे हैं तो रोजाना नहाने के बाद पूरे शरीर पर ऑलिव ऑयल से मसाज करें।

ऑलिव ऑयल न केवल आपके त्वचा का रंग निखारता है, बल्कि खोयी चमक भी वापस लाता है। एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी में अंडे की जरदी, आधा चम्मच संतरे का रस, एक चम्मच जैतून का तेल और कुछ बूंदे गुलाब जल मिला कर के चेहरे पर लगाएं। सूख जाने पर पानी से चेहरा धो लें। गहरे रंग की त्वचा और कोहनियों की समस्या हो, तो ऑलिव ऑयल में चीनी मिला कर रोज हल्के हाथों से पांच मिनट तक स्क्रब करें।

यदि नाखूनों का बढना रूक गया हो, तो ऑलिव ऑयल को गुनगुना करके नाखूनों को कुछ देर उसमें डुबोये रखें। फिर 10-15 मिनट तक उनकी हल्की मालिश करें। इससे नाखून नरम व लचीले हो जाएंगे। यदि आइब्रो या आईलैशेज हल्की हों, तो तेल की कुछ बूंदें लेकर उस जगह हल्की मालिश करें। नियमित रूप से ऐसा करने से वे घनी हो जायेंगी। बेजान व रूखे होठों पर ऑलिव ऑयल की मालिश करने से वे कोमल व मुलायम होते हैं। साथ ही, उनकी गुलाबी रंगत भी बरकरार रहती है।

## दर्द में कोई भी गोली खाना पड़ सकता है महंगा

सामान्य तौर पर दर्द के लिए ली जानी दवाइयों से उम्रदराज वयस्कों के अंदर हार्ट अटैक की संभावनाएं बढ़ जाती है। एक नई स्टडी में यह खुलासा हुआ है कि सामान्य तौर पर दर्द के लिए ली जानी दवाइयों से उम्रदराज वयस्कों के अंदर हार्ट अटैक की संभावनाएं बढ़ जाती है। यह रिसर्च यूके, नीदरलैंड, इटली और जर्मनी के 77 वर्ष की औसत उम्र के 1 करोड़ लोगों पर की गई है। इन प्रतिभागियों की तुलना ऐसे लोगों के साथ की गई है जो किसी भी प्रकार की दवाई का सेवन नहीं कर रहे थे। विशेषज्ञों ने कहा कि निष्कर्ष के तहत 65 वर्ष के लिए थोड़ा प्रासंगिकता है लेकिन बुजुर्ग मरीजों के लिए एक चिंता का विषय हो सकता है। शोधकर्ताओं ने आइबूप्रोफेन, नेपरोक्सन और डिक्लोफेनाक में नॉन-स्टेरॉइडल एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग्स पाया है। जिससे 19% दिल की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। हृदय रोग के सलाहकार का कहना है कि उम्रदराज वयस्कों में ऐसी दवाइयों के सेवन से उच्च रक्तचाप, मधुमेह, गुर्दे की समस्याओं में कुछ इजाफा हो सकता है।

### सिर्फ नमक का ज्यादा सेवन ही इस बीमारी के लिए जिम्मेदार नहीं

# पोटैशियम के कम सेवन से भी हाई ब्लडप्रेशर

*उच्च रक्तचाप के लिए ज्यादा नमक ही जिम्मेदार नहीं, बल्कि कम मात्रा में पोटैशियम का सेवन भी आपको इसका मरीज बना सकता है। एक नए शोध में यह खुलासा हुआ है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि आहार में अधिक पोटैशियम ग्रहण करने वाली किशोरियों में बाद में रक्त चाप कम पाया गया।*

## सोडियम की मात्रा कम करने पर बल देना जरूरी नहीं



बोस्टन विश्वविद्यालय स्कूल ऑफ मेडिसिन के लीन मूरे ने कहा कि इसके विपरीत, रक्तचाप पर अकेले सोडियम का कोई प्रभाव नहीं दिखाई पड़ा, जिसके कारण वैश्विक स्तर पर बच्चों तथा किशोरों के आहार में सोडियम की मात्रा कम करने की जरूरत पर बल देने की जरूरत नहीं।

## ...तो नहीं पड़ता प्रतिकूल प्रभाव

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, जो किशोरियां प्रतिदिन तीन हजार मिलीग्राम नमक का सेवन करती हैं, उनके रक्तचाप पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता, जबकि जो किशोरियां प्रतिदिन 2,400 मिलीग्राम या उससे अधिक पोटैशियम का सेवन करती हैं, तो बाद में उनका रक्त चाप कम होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) लोगों को दो हजार मिलीग्राम से अधिक सोडियम का सेवन नहीं करने की सलाह देता है। शोधकर्ताओं ने किशोरावस्था के अंत में आहार में सोडियम व पोटैशियम का रक्तचाप पर दीर्घावधि तक प्रभाव का अध्ययन किया।

## रेसिपी

### हेल्दी मूंग चाट



**सामग्री**

1 कप अंकुरित मूंग, 1 टी-स्पून तेल, 1/4 टी-स्पून सरसों, 1/4 टी-स्पून ज़ीरा, कुछ कड़ी पत्ते, 1/4 कप बारीक कटा हुआ प्याज़, 1 टी-स्पून अदरक-लहसुन का पेस्ट, 1/2 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर, एक चुटकी हल्दी पाउडर, 1/2 टी-स्पून धनिया-ज़ीरा पाउडर, 1/4 कप कटे हुए टमाटर, नमक स्वादअनुसार, परोसने के लिए, 4 टेबल-स्पून ताज़ा फेंटा हुआ दही,नमक स्वादअनुसार, 2 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ प्याज़, 2 टेबल-स्पून कटे हुए टमाटर,2 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया,2 चुटकी लाल मिर्च पाउडर

**विधि**

**एक** चौड़े नॉन-स्टिक पैन में तेल गरम करें और सरसों और ज़ीरा डालें। जब बीज चटकने लगे, कड़ी पत्ता और प्याज़ डालकर मध्यम आंच पर 1 से 2 मिनट तक भून लें। अदरक-लहसुन का पेस्ट, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, धनिया-ज़ीरा पाउडर, टमाटर, अंकुरित मूंग, 1/4 कप पानी और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर 4 दर 5 मिनट या मूंग के आधे पकने तक, बीच-बीच में हिलाते हुए पका लें। आंच से हठाकर हल्का ठंडा कर लें। अंकुरित मूंग के मिश्रण को 2 भाग में बांट लें। अंकुरित मूंग के मिश्रण के एक भाग को एक बाउल में रखें, 2 टेबल-स्पून ताज़ा दही डालकर थोड़ा नमक छिड़के और उपर 1 टेबल-स्पून प्याज़, 1 टेबल-स्पून टमाटर, 1 टेबल-स्पून हरा धनिया और चुटकी भर लाल मिर्च पाउडर छिड़के। विधी क्रमांक 5 को दोहराकर 1 और मात्रा बना लें। तुरंत परोसें।

### इन्डियन कॉर्न डिप



**सामग्री**

1 कप उबले हुए और दरदरे क्रश किये हुए मीठी मकई के दानें

1/2 कप दूध, 1 टी-स्पून कोर्नफ्लॉर, 1 1/2 टी-स्पून तेल, 1/2 टी-स्पून सरसों, 1/2 टी-स्पून ज़ीरा, 1/2 टी-स्पून बारीक कटी हुई हरी मिर्च, नमक स्वादअनुसार

**सजाने के लिए**

1 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया, परोसने के लिए,खाखरे, नाचो चिप्स

**विधि**

दूध और कोर्नफ्लॉर को एक एक छोटे बाउल में अच्छी तरह मिलाकर कोर्नफ्लॉर को पुरी तरह घोल लें। एक चौड़े नॉन-स्टिक पैन में तेल गरम करें, सरसों और ज़ीरा डालकर मध्यम आंच पर कुछ सेकेन्ड तक भून लें। जब बीज चटकने लगे, मीठी मकई, हरी मिर्च, कोर्नफ्लॉर-दूध का मिश्रण और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें और लगातार हिलाते हुए, मध्यम आंच पर 2 मिनट के लिए या मिश्रण के गाढ़ा होने तक पका लें। धनिया से सजाकर खाखरे और नाचो चिप्स् के साथ तुरंत परोसें।

# ऑफिस के लिए आउटफिट सिलेक्शन

**ऑफिस में अपना पर्सनल स्टाइल बनाए रखना बेहद जरूरी है। अपना एक अलग स्टाइल आपको ऑफिस में अलग पहचान दिलाता है। ऑफिस के लिए ड्रेसेज पूरी प्लानिंग से तैयार करें और इसमें वैरायटी रखें। इस बात का ध्यान रखें कि आपको स्टाइलिश के साथ ही प्रोफेशनल भी लगना है। तो आइए आज हम आपको बताते हैं कि ऑफिस में आप किस तरह का आउटफिट इस्तेमाल करें।**

### अपनी पर्सनैलिटी को ध्यान में रखें

ऑफिस के लिए ड्रेस चुनते समय अपनी पर्सनैलिटी को ध्यान में अवश्य रखें। भारतीय महिलाओं का आज भी बेस्ट आउटफिट सलवार-कमीज ही है। इसमें वे बहुत सुंदर लगती हैं, लेकिन काम पर जाने के लिए पहनने से पहले आपको अपने स्किन कलर, हाइट और वेट को ध्यान में रखना जरूरी है। इस पर भी ध्यान दें कि आपको ऑफिस में आकर्षण का केंद्र नहीं बनना, बल्कि प्रोफेशनल लगना है। इसलिए ऑफिस में न तो हैवी और ब्राइट एम्ब्रायडरी वाले सूट पहनें और न ही ज्यादा फ्लेयर वाले सूट पहन कर जाएं। कुर्ते की लैंथ ज्यादा शॉर्ट रखने से भी बचें। स्कर्ट में आप स्टाइलिश और ग्लैमरस लग सकती हैं, यदि वह ढंग से कैरी की गई हो। यदि आपके ऑफिस में इस तरह के परिधान पहनने की अनुमति है, तो आप कलमकारी स्कर्ट पहन सकती हैं।



### हमेशा ट्रेंड में रहती है साड़ी

इस बात का ध्यान रखें कि आप की स्कर्ट एंकल लैंथ की हो तथा इसे कन्ट्रास्ट में ट्यूनिक या शर्ट के साथ पहनें, जो आपके प्रोफेशनल लुक में वृद्धि करेगी। आप भले ही किसी भी ऑफिस में काम क्यों न करती हों, जींस पहनने पर कहीं भी प्रतिबंध नहीं है। इसके लिए इस बात का ध्यान रखें कि ऑफिस में टाइट टी-शर्ट की अपेक्षा कुर्ती या शर्ट के साथ इसे कैरी करें, जो आपको प्रोफेशनल इमेज प्रदान करेगी। फैशन कितना ही क्यों न बदले, लेकिन भारतीय साड़ी हमेशा ट्रेंड में रहती है। यदि आप इसे एक अच्छे ब्लाउज के साथ ढंग से ड्रेप करें, तो यह आपको बेमिसाल लुक देती है। आपकी ड्रेस आपका काम के प्रति व्यवहार दिखाती है, इसलिए यह ध्यान रखें कि साड़ी के साथ का ब्लाउज कैसा है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**